आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 24 अक्टूबर 2024 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-206 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

साइक्लोन दाना का असर ओडिशा में तेज हवाएं और बारिश शुरू

भुवनेश्वर,24 अक्टूबर। बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान 'दाना' का रौद्र रूप शुरू हो गया है। तूफान 18 किमी/घंटे की रफ्तार से ओडिशा तट की ओर बढ़ रहा है। गुरुवार सुबह ओडिशा के भद्रक में बारिश शुरू हो गई। देर रात करीब 2 बजे भितरकनिका नेशनल पार्क और धामरा पोर्ट के पास लैंड करेगा। भारत मौसम विभाग के मुताबिक लैंडफॉल की प्रोसेस 5 घंटे चलेगी। इस दौरान तूफान 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ओडिशा के उत्तरी हिस्से से गुजरेगा। इसका सबसे ज्यादा असर ओडिशा और पश्चिम बंगाल में देखने को मिलेगा। भारतीय तटरक्षक बल ने मंगलवार को कहा कि वह 'हाई अलर्ट' पर है और उसने चक्रवाती तूफान से उत्पन्न होने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अपने जहाजों और विमानों को तैनात कर दिया है।

पेड़ से टकराई कार, 6 घायल

कांकेर,24 अक्टूबर। प्रदेशभर के शिक्षक आज अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में बड़ा धरना प्रदर्शन कर रहे हैं. इसी बीच प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे 6 शिक्षकों के साथ सड़क हादसा हो गया. पंखांजूर से कांकेर जिला मुख्यालय जाते वक्त दुर्गुकोंदल थानाक्षेत्र के पुत्तरवाही के पास शिक्षकों की कार पेड़ से जा टकराई. इस घटना में कार बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई और कार में सवार सभी शिक्षकों को मामूली चोट आई है.

मासूम को ट्रक ने रौंदा, मौत

महासमुंद,24 अक्टूबर। जिले के बागबाहरा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना में 6 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई. सीमेंट से भरी एक ट्रक ने 6 साल की मासूम बच्ची को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 353 पर फुलवारी चौक के पास हुई. मृतक बच्ची, कुमारी दीक्षा गुप्ता, अपने घर से सामान लेने निकली थी और सड़क पार कर रही थी. इसी दौरान रायपुर से सीमेंट लेकर ओडिशा जा रही आयरन ट्रेडर्स की ट्रक (क्रमांक सीजी 04 एमसी 7433) ने उसे कुचल दिया. दुर्घटना के तुरंत बाद ट्रक चालक और सह चालक दोनों मौके से फरार हो गए. पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आरोपी चालक की तलाश कर रही है. इस घटना ने स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है.

सिग्नल क्रॉस करने के दौरान ट्रक की चपेट में आया युवक घायल

रायपुर,24 अक्टूबर। राजधानी से हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां न्यू राजेंद्रनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत महावीर नगर में सोना खान भवन के पास सिग्नल क्रॉस करते हुए एक व्यक्ति ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे उसका दाहिना पैर बुरी से कुचला गया और पैर के चिथड़े उड़ गए। सुचना पर पहुंची न्यू राजेंद्रनगर थाना पुलिस ने घायल को इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल युवक का नाम विकास मिश्रा बताया जा रहा है, पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

अयोध्या के एडीएम सुरजीत सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अयोध्या ,24 अक्टूबर। अयोध्या के एडीएम कानून व्यवस्था सुरजीत सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सुरजीत अपने कमरे में मृत पाए गए। जानकारी के अनुसार, कोतवाली नगर के सुरसरि कॉलोनी सिविल लाइन में स्थित आवास पर उनकी मौत हुई। मौत के कारणों का अभी सही ढंग से पता नहीं चला है। मौके पर मण्डलायुक्त, डीएम व जिला प्रशासन के सभी अधिकारी मौजूद हैं।

जम्मू और कश्मीर को जल्द मिलेगा राज्य का दर्जा

नई दिल्ली,24 अक्टूबर। जम्मू और कश्मीर का जल्द ही राज्य का दर्ज बहाल हो सकता है। खबर है कि केंद्र की तरफ से प्रक्रिया जल्द शुरू की जा सकती है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। बुधवार शाम मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की दिल्ली में बड़ी बैठक हुई है। सरकार बनाने के बाद पहली ही बैठक में एनसी सरकार ने राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रस्ताव पारित किया था।

सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि केंद्र जम्मू और कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। सूत्रों के अनुसार, आधे घंटे तक चली बैठक काफी सौहार्दपूर्ण माहौल में रही। जम्मू और कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की प्रक्रिया शुरू करने का गृहमंत्री ने नई सरकार को भरोसा दिया है। अब्दुल्ला ने बाद में कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट

थी, जिस दौरान उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर की स्थिति से अवगत कराया और राज्य का दर्जा बहाल करने के मुद्दे पर भी चर्चा की। जम्मू-कश्मीर के वर्ष 2019 में केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद से पुलिस बल केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है। दिल्ली में अपने प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री अब्दुल्ला कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे और संभावना है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिल सकते हैं। 90 सीटों वाली जम्मू और कश्मीर विधानसभा में एनसी ने 42 सीटों पर जीत हासिल की थी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें केंद्र सरकार से राज्य का दर्ज बहाल करने का अनुरोध किया गया है। पीटीआई भाषा के अनुसार, एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, गुरुवार को अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य का मूल दर्जा बहाल कराने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। प्रवक्ता ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करना सुधार प्रक्रिया की एक शुरुआत होगी, जिससे संवैधानिक अधिकार पुनः बहाल होंगे तथा जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान की रक्षा होगी।

जस्टिन ट्रूडो पर भयंकर संकट सांसदों ने मांग लिया इस्तीफा

ओटावा,24 अक्टूबर। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। अब खबर है कि लिबरल पार्टी के नेताओं ने ही उनके इस्तीफे की मांग कर दी है। साथ ही पार्टी के नेता का पद छोड़ने के लिए ट्रूडो को डेडलाइन भी थमा दी गई है। खास बात है कि यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब भारत और कनाडा के रिश्ते तल्ख हो गए हैं। ट्रूडो ने एक मामले की जांच में भारत के उच्चायुक्त रहे संजय कुमार वर्मा को पर्सन ऑफ इंटरेस्ट बताया था। लिबरल पार्टी में ट्रूडो को हटाए जाने की कवायद तेज हो गई है। हाल ही में बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान सांसदों ने ट्रूडो के सामने अपने परेशानियां रखीं। खबर है कि ट्रूडो अपनी ही पार्टी में असंतोष का सामना कर रहे हैं। सांसदों ने उन्हें भविष्य पर फैसला लेने के लिए 28 अक्टूबर की तारीख दे दी है। खबरें हैं कि 24 सांसदों ने ट्रूडो को लिबरल चीफ के पद से हटाने के लिए हस्ताक्षर किए हैं। बुधवार को हुई बैठक के दौरान ब्रिटिश कोलंबिया से सांसद पैट्रिक वीलर ने ट्रूडो के इस्तीफे के पक्ष में दस्तावेज पेश किया। इसमें बताया गया था कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया था, तब डेमोक्रेट्स को बढ़त मिलती दिखी थी।

दस्तावेज में कहा गया है कि ऐसा ही लिबरल पार्टी के मामले में भी हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 3 घंटे लंबी चली बैठक में किसी भी कैबिनेट मंत्री ने ट्रूडो से पद छोड़ने की अपील नहीं की। वहीं, कहा जा रहा है कि कुछ सांसद ट्रूडो के समर्थन में भी आए।

नाले में तेंदूपत्ता मिलने के मामले की होगी जांच : टंकराम वर्मा

रायपुर,24 अक्टूबर। नारायणपुर में नाले में सैकड़ों बोरा तेंदूपत्ता फेंके जाने के मामले में मंत्री टंकराम वर्मा ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है. उन्होंने कहा कि अधिकारियों से चर्चा करेंगे, अगर गड़बड़ी पाई जाती है तो जांच करवाएंगे. मंत्री टंकराम वर्मा आज नारायणपुर में आयोजित आवास मेला में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा की. दौरे के संबंध में उन्होंने बताया कि हमने 18 लाख पीएम आवास देने की बात की थी. मुख्यमंत्री ने अपने वादा को पूरा किया है. आज हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी जाएगी. वहीं कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन दाखिल करने और शक्ति प्रदर्शन को लेकर मंत्री ने कहा कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव से ही शक्तिहीन हो चुकी है. उसमें एनर्जी आने वाला नहीं है, कांग्रेस से लोगों का भरोसा उठ गया है. सरकार द्वारा कर्मचारियों को सौगात देने पर टंकराम वर्मा ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सब का विश्वास इस अवधारणा पर बीजेपी काम कर रही है. बीजेपी का उद्देश्य है कि छत्तीसगढ़ का समग्र विकास हो, और सुख, शांति और समृद्धि आए. सभी वर्ग के लिए सबके हितों का ध्यान रखा जाए. उन्होंने कहा कि भाजपा किसी वर्ग विशेष के लिए काम नहीं करती. हमेशा प्रदेश प्राथमिकता है, उसको तय करते हैं, उसके हिसाब से काम करते हैं. वहीं दीपक बैज के विजय बघेल को लेकर किए गए वीडियो पोस्ट पर कहा कि सरकार अपनी हर घोषणा को गंभीरता से लेती है. छत्तीसगढ़ विधानसभा में घोषणा की थी.

रोहिंग्या मुस्लिमों का इंडोनेशिया के लोगों ने किया विरोध

नाव से उतरने तक नहीं दिया, बोले- ये लोग जहां गए, वहां अशांति हुई

बाली,24 अक्टूबर। रोहिंग्या मुस्लिमों का इंडोनेशिया के लोगों ने विरोध किया है। बड़ी संख्या में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे रोहिंग्या मुस्लिमों वहां के स्थानीय लोगों ने नाव से नीचे नहीं उतरने दिया। बंदरगाह पर लटके एक बड़े बैनर पर लिखा था- ÷साउथ आचे रीजेंसी के लोग इस क्षेत्र में रोहिंग्या शरणार्थियों के आगमन को अस्वीकार करते हैं। इंडोनेशिया मुस्लिमों ने कहा कि रोहिंग्या मुस्लिम, जहां गए वहां अशांति पैदा हुई। हम अपने देश में इन्हें रहने की इजाजत नहीं दे सकते। दरअसल लकड़ी की नाव में सवार होकर 140 भूखे रोहिंग्या मुस्लिम इंडोनेशिया के उत्तरी प्रांत आचे के तट से लगभग 1 मील (0.60 किलोमीटर) दूर उतरने की कोशिश कर रहे थे। इनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल थे जिन्हें स्थानीय निवासियों ने उतरने नहीं दिया। मछुआरा समुदाय के प्रमुख मोहम्मद जबल ने कहा, 'हमारे मछुआरा समुदाय ने उन्हें इसलिए यहां नहीं उतरने दिया क्योंकि हम नहीं चाहते हैं कि अन्य जगहों पर जो कुछ हुआ वो यहां हो। वो

जहां गए वहां स्थानीय लोगों के बीच अशांति पैदा हुई है। आचे पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार, रोहिंग्या मुस्लिमों का समूह 9 अक्टूबर को कॉक्स बाजार से रवाना हुआ जो मलेशिया जाना चाहता था। नाव पर सवार कुछ यात्रियों ने कथित तौर पर दूसरे देशों में जाने के लिए पैसे दिए थे। जबल ने कहा कि स्थानीय निवासियों ने समूह को भोजन दिया है। इसके अलावा शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त ने भी उन्हें भोजन उपलब्ध कराया। स्थानीय पुलिस ने बताया कि बांग्लादेश के कॉक्स बाज़ार से दक्षिण आचे जिले के लाबुहान हाजी के तट तक करीब दो हफ़्ते की यात्रा के दौरान तीन रोहिंग्या की मौत हुई है। अधिकारियों ने रविवार से 11 रोहिंग्या को उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

बता दें कि म्यांमार से शरणार्थी के रूप में लगभग 10 लाख मुस्लिम रोहिंग्या बांग्लादेश में रहते हैं। इनमें लगभग 7,40,000 वो लोग शामिल हैं, जो 2017 में म्यांमार में हुई क्रूर हिंसा के बाद वहां से भाग गए थे। म्यांमार में रोहिंग्या अल्पसंख्यकों को व्यापक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है और अधिकांश को नागरिकता नहीं दी जा रही है।

गरियाबंद में नजर आया तेंदुआ

गरियाबंद,24 अक्टूबर। गरियाबंद मुख्यालय में एक बार फिर तेंदुए की आमद ने लोगों की नींद हराम कर दी है. बीती रात तेंदुआ गरियाबंद नगर पालिका के

वार्ड नंबर 1 में घूमता रहा और स्थानीय आवारा पशुओं का शिकार करता रहा. तेंदुए की मौजूदगी सीसी कैमरे में भी कैद हो गई है, जिससे इलाके में दहशत फैल गई है. वन विभाग ने लोगों से तेंदुए को लेकर सतर्क रहने की अपील की है. खासकर बच्चों और बढ़ों को अकेले में ना घूमने की सलाह दी गई है. इसके साथ ही तेंदुआ दिखने पर तुरंत विभाग को सूचना देने के लिए कहा है. सूत्रों के अनुसार, तेंदुआ हाइवे किनारे स्थित पहाड़ के खोह में पिछले कई महीनों से डेरा जमाए हुए है. हालांकि, वन विभाग ने तेंदुए की उपस्थिति को दर्शाने वाले चेतावनी बोर्ड लगाकर अपनी जिम्मेदारी निभाने का प्रयास किया है, लेकिन स्थानीय लोगों में दहशत है. वहीं स्थानीय पार्षद संदीप सरकार ने भी इस स्थिति पर चिंता जताते हुए प्रशासन से आम लोगों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की है. उन्होंने स्थानीय प्रशासन से तेंदुए को पकड़कर किसी सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की मांग की है.

अब किन्नर समाज के लिए होगा अलग धाम

मुंबई,24 अक्टूबर। किन्नर समाज के लिए महामंडलेश्वर हिमांगी सखी ने अर्धनारीश्वर धाम की स्थापना की है। किन्नर अखाड़े से अलग इस धाम की स्थापना मुंबई में की गई है, जिसका उद्देश्य किन्नर समाज को एक नई दिशा देना है। हिमांगी सखी ने ऐलान किया कि वंचित किन्नर संतों को महामंडलेश्वर और मंडलेश्वर के पदों पर अभिषेक किया जाएगा। बता दें कि हिमांगी सखी, जो पहले वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव भी लड़ चुकी हैं, किन्नर समाज की प्रतिष्ठित नेता मानी जाती हैं। उन्होंने पांच भाषाओं में श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराने की योजना बनाई है, जिससे अंतरर्राष्ट्रीय किन्नर समुदाय को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही उन्होंने पांच भाषाओं में श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराने की योजना बनाई है, जिससे अंतरर्राष्ट्रीय किन्नर समुदाय को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस आयोजन में नेपाल, जर्मनी, अमेरिका, रूस, फ्रांस, और ब्राजील समेत आठ देशों के किन्नर समुदाय के लोग भाग लेंगे। संगम की रेती पर ये सभी भक्त महीने भर कल्पवास करेंगे और गंगा स्नान करेंगे। अर्धनारीश्वर धाम के अंतर्गत न केवल धार्मिक गतिविधियां होंगी, बल्कि सामाजिक जागरुकता भी फैलाई जाएगी। श्रीमद्भागवत कथा के साथ-साथ, धार्मिक स्थलों का दर्शन-पूजन, हवन, और भंडारा भी धाम में आयोजित किया जाएगा। इस बार अर्धनारीश्वर धाम के शिविर में पूरे महाकुंभ के दौरान सामाजिक विषयों पर जागरुकता मुहिम भी चलाई जाएगी। साथ ही, अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम का दर्शन भी आयोजित किया जाएगा। जबलपुर में महामंडलेश्वर हिमांगी सखी भी आई बागेश्वरधाम सरकार के समर्थन में, बोलीं समर्पित हैं तन-मन-धन से वैश्विक किन्नर समुदाय को जोड़ने की पहल महामंडलेश्वर हिमांगी सखी ने बताया कि इस महाकुंभ के दौरान आठ देशों के किन्नरमहामंडलेश्वर हिमांगी सखी ने बताया कि इस महाकुंभ के दौरान आठ देशों के किन्नर उनके साथ अर्धनारीश्वर धाम में शामिल होंगे। उन्होंने घोषणा की है कि किन्नर संतों का मौनी अमावस्या के दिन पट्टाभिषेक किया जाएगा, जिसमें 13 अखाड़ों को भी आमंत्रित किया गया है। पट्टाभिषेक समारोह 26 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा.

पैसों के लेनदेन विवाद में युवक की हत्या

बिलासपुर,24 अक्टूबर। थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक ग्रामीण की उसी गांव के अन्य व्यक्तियों ने पीट पीट कर हत्या कर दी है।वही मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम पताईडीह निवासी बबलू जांगड़े पिता फिरू राम जांगड़े उम्र 40 वर्ष गांव में ही रहकर खेती किसानी का काम करता था। गुरुवार सुबह 8-30 बजे के आसपास गांव का ही धन्नू काठले और सुरेश काठले अपने बाइक से बबलू जांगड़े के घर पहुंचा और बबलू को पैसे का हिसाब किताब करना है करके अपने बाइक में बैठाकर अपने घर ले आया और लेबर सरदारी वाले मामले में पैसों के लेन देन की बात को लेकर विवाद करने लगा, जिसके बाद धन्नू जांगड़े और सुरेश काठले ने बबलू जांगड़े की लाठी डंडे और रॉड से पीट पीट कर हत्या कर दी घटना की जानकारी लगते ही बबलू जांगड़े के परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि बबलू जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है जिसके बाद डायल 112 को घटना की सूचना दी जिसके बाद परिजन बबलू को 112 की मदद से आननफानन में मस्तूरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने परीक्षण उपरांत बबलू को मृत घोषित कर दिया। वही सूचना के बाद पचपेड़ी पुलिस मस्तूरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया गया है .

न्याय की देवी की नई मूर्ति पर तकरार

आंख पर पट्टी हटाने से उखड़ा सुप्रीम कोर्ट बार

नई दिल्ली,24 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट में दशकों के बाद बदली गई न्याय की देवी की मूर्ति को लेकर बार एसोशिसन ने आपत्ति जताई है। बार एसोसिएशन ने प्रस्ताव पारित कर कहा कि इस परिवर्तन से पहले हमारे सदस्यों से किसी भी तरह का परामर्श नहीं किया। उन्होंने कहा कि किस परिभाषा के आधार पर यह परिवर्तन किए गए हैं हमें इस विषय में कोई जानकारी नहीं है। कुछ समय पहले ही सुप्रीम कोर्ट में लगी न्याय की देवी की मूर्ति में कुछ परिवर्तन किए गए थे, जिसमें प्रतिमा की आंखों पर बंधी पट्टी को हटा दिया गया है और एक हाथ में तलवार की जगह संविधान ने ले ली है। कोर्ट की तरफ से करवाए गए यह परिवर्तन इस बात का प्रतीक है कि भारत में कानून न तो अंधा है और न ही दंडात्मक है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की तरफ से पारित प्रस्ताव में कहा गया कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा एकतरफा रूप से कुछ आमूल-चूल परिवर्तन किए गए हैं। इन परिवर्तन के दौरान बार एसोसिएशन से किसी भी तरह का कोई भी परामर्श नहीं किया गया, जबकि हम भी न्याय प्रशासन में समान हितधारक हैं। कोर्ट से हमारा सवाल यह है कि जब यह बदलाव प्रस्तावित थे तो फिर इसके बारे में हमसे चर्चा क्यों नहीं की गई। न्याय की देवी की पुरानी प्रतिमा में तराजू संतुलन और निष्पक्षता का प्रतिनिधित्व करता था, जबकि तलवार कानून की शक्ति का प्रतिनिधित्व करती थी। हालांकि, नई प्रतिमा को भारत की औपनिवेशिक विरासत को पीछे छोड़ने के रूप में देखा जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से किया गया यह बदलाव इस बात को प्रदर्शित करता है कि भारत कानून अंधा नहीं है। न्याय की देवी की नई प्रतिमा को सुप्रीम कोर्ट में न्यायधीशों की लाइब्रेरी में रखा गया है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने न्यायधीशों की लाइब्रेरी में प्रस्तावित संग्रहालय पर भी आपत्ति जताई है।

राम भक्त के घर संपति आनी चाहिए, बाबर भक्त के नहीं: हिमंता

रांची,24 अक्टूबर। भाजपा लगातार करप्शन और बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाकर हेमंत सोरेन सरकार पर हमलावर है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को हुसैनाबाद में कहा, अयोध्या में तो राम मंदिर बन गया, बाबर भाग गया। लेकिन हमारे देश में कहीं-कहीं बाबर लोग अभी भी छिपे हुए हैं। ये छिपे हुए बाबर लोगों को भी भगाना है। सीएम हिमंता ने आगे कहा, भाई... 35 करोड़ रुपए आलमगीर आलम के घर में बरामद होता है। क्या यहां और कोई नहीं है क्या इतना पैसा कमाने वाला? क्या केवल आलमगीर आलम ही इतना पैसा कमा सकता है? घुसपैठियों का सरकार है, माल तो आलमगीर आलम ही बनाएगा।

प्रियंका पर 3 एफआईआर, 12 करोड़ की संपत्ति

त्रिवेंद्रम,24 अक्टूबर। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वायनाड लोकसभा सीट से अपना पहला चुनावी मुकाबला लड़ रही हैं. उन्होंने चुनावी हलफनामा दायर किया. हलफनामे से पता चलता है कि प्रियंका गांधी और उनके पति रॉबर्ट वाड्रा के पास संयुक्त रूप से 77.55 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति है. हलफनामे के विवरण के अनुसार, प्रियंका के पास 4.25 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है, जिसमें 52,000 रुपये नकद, तीन बैंक खातों में 3.67 लाख रुपये, 2.25 करोड़ रुपये के म्यूचुअल फंड निवेश और 1.45 करोड़ रुपये का सोना और चांदी शामिल है. प्रियंका ने 7.74 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति भी घोषित की है, जिसमें नई दिल्ली में चार एकड़ विरासत में मिली कृषि भूमि शामिल है, जिसे वह अपने भाई राहुल के साथ साझा करती हैं और हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में 5.64 करोड़ रुपये की एक आवासीय इमारत भी शामिल है.प्रियंका ने कुल 11.99 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की है. इन संपत्तियों के अलावा उन पर 15.75 लाख रुपए की देनदारियां भी हैं. उनके पति रॉबर्ट वाड्रा के पास 37.92 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है, जिसमें 2.18 लाख रुपये नकद और 27.64 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है, जो कुल 65.56 करोड़ रुपये है. उनकी अचल संपत्तियों में गुड़गांव और नोएडा में चार वाणिज्यिक संपत्तियां शामिल हैं. उनकी देनदारियां 10.03 लाख रुपये हैं. प्रियंका ने अपने आश्रितों के लिए कोई संपत्ति या देनदारी घोषित नहीं की है. उनके भाई राहुल ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों के लिए 9.25 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 11.15 करोड़ रुपये की संपत्ति समेत कुल 20.4 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की थी.

लुप्तप्राय व पुराने खेलों से विद्यार्थियों का लगाव बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार प्रयासरत

jasclaudius@gmail.com

आर्थिक तंगी का भय दिखाकर किया खिलाड़ियों से छल

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बहुखेल स्पर्धा को आयोजित किए जाने से पहले उसके आयोजन से संबंधित कई पक्ष पर खेल के हित में मत रखने वाले आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा गंभीर विचार-विमर्श किया जाता है। इसके पश्चात कोई भी देश, राज्य, संस्था इसके आयोजन के लिए अपना दावा करता है। ऐसी सब प्रक्रिया राष्ट्रमंडल खेलों 2026 को करवाने के लिए किया गया। परंतु दुर्भाग्य की बात है कि अंतिम समय में आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया आयोजन समिति ने आर्थिक कमी का तर्क देते हुए खुद को 2026 के लिए 23वें राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन करने से इंकार कर दिया। यह सच है कि इन दिनों किसी बहु खेल प्रतियोगिता को कराने में आर्थिक पक्ष सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसके पहले भी 2022 के लिए पहले से आबंटित स्थल डर्बिन, दक्षिण अफ्रीका ने हाथ खींच लिया था। बाद में 2026 के लिए तय किए गए बर्मिंघम (इंग्लैंड) में 22वें राष्ट्रमंडल खेल को सम्पन्न कराने में मदद की। 2026 में एक बार फिर वही इंकार करने वाली घटना सामने आई। 16 फरवरी 2022 में विक्टोरिया की राज्य ।सरकार ने 2026 में पहले तो राष्ट्रमंडल खेलों को आयोजित करने की सहमति दे दी थी बाद में 18 जुलाई 2023 को आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए आयोजन से इंकार कर दिया।

इस तरह खेल जगत में एक दुखदायी घटना सामने आई। इसके बाद राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए 11 अप्रैल 2024 को ग्लासगो स्काटलैंड में 23वें राष्ट्रमंडल खेल कराये जाने की घोषणा की गई। अब यहां पर ग्लास्गो की आयोजन समिति ने फिर आर्थिक तंगी का रोना रोया और अपनी शर्त रख दी कि इन खेलों में सिर्फ 10 खेलों को शामिल किया जायेगा। उनमें एक्वेटिक्स, एथलेटिक्स, 3×3 बास्केटबाल, मुक्केबाजी, सायकलिंग, जिमनास्टिक्स, जूडो, लॉन बाल्स, नेटबाल, भारोत्तोलन के कुछ इवेंट शामिल हैं। 22वें राष्ट्रमंडल खेल बर्मिंघम इंग्लैंड में खेले गये थे इसमें 19 खेलों के 283 इवेंट की स्पर्धा हुई थी। बर्मिंघम में 72 राष्ट्रमंडल देशों के 4822 एथलीट शामिल थे। इस तरह आज की परिस्थिति में बहुखेल स्पर्धा का आयोजन बहुत खर्चीला है लेकिन इसका मतलब

यह नहीं कि आयोजन को ही खतरे में डाल दिया जाए या फिर 19 की जगह सिर्फ 10 खेलों की प्रतियोगिताएं करवाकर आयोजन के रस्म को पूरी कर दी जाए। आयोजक अपने लाभ-हानि की सोचते हैं उसकी संस्था के सदस्य यह नहीं सोचते कि इससे उन प्रतिभागियों का क्या होगा जो अपने परिश्रम को तौलने के लिए खेल मैदान में उतरने वाले होते हैं। खेलों की दुनिया में 23वें राष्ट्रमंडल खेलों के आधे-अधूरे संभावित आयोजन को कोई भी खेल प्रेमी भुला नहीं सकेगा। साथ ही भाग लेने वाले खिलाड़ी, उनके प्रशिक्षक, सहयोगी, अभिभावक सभी से धोखेबाजी राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजकों द्वारा की गई है। 19 खेलों में से 10 खेलों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया जिसमें कुश्ती, स्क्वैश, क्रिकेट, टेबल टेनिस, हाकी, बैडमिंटन, माउंटेन बाइकिंग, रिदमिक जिमनास्ट, बीच व्हालीबाल, रग्बी सेवन, ट्राइथलान, डायविंग सम्मिलित हैं। 23वें राष्ट्रमंडल खेल और भारत की बात की जाए तो हमारे खिलाड़ियों ने 2022 में जिन छः खेलों में पदक जीते थे उन्हें भी बाहर कर दिया गया। वैसे भी 2022 में निशानेबाजी को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। वस्तुतः जिस तरह ग्लास्गो के आयोजन समिति ने 23वें राष्ट्रमंडल खेलों के लिए मिले निर्विरोध आयोजन का लाभ उठाया है उसकी कितनी भी निंदा की जाए कम है। 2014 में ग्लास्गो में इन खेलों की बीसवीं कड़ी का सफल आयोजन हो चुका है। जिसमें 71 देशों के 4947 खिलाड़ियों ने 18 खेलों में भाग लिया था अब सिर्फ 10 खेलों में स्वीकृति देना वस्तुतः राष्ट्रमंडल खेल संघ को ब्लेकमेल करने जैसा है। क्योंकि उनके पास 2014 से इन खेलों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर है। अब इतना समय बचा नहीं कि किसी दूसरे देश में खेल हो सके उसका फायदा ग्लास्गो ने उठा लिया। खेल जगत में यह एक ऐसी घटना है जिसके लिए आयोजनकर्ताओं को कभी माफ नहीं किया जा सकता। उनसे खिलाड़ियों से कोई मतलब नहीं वे तो सिर्फ अपना लाभ देख रहे हैं अतः राष्ट्रमंडल खेल संघ को इसतरह के आयोजकों के बर्ताव से सतर्क होना होगा अन्यथा खिलाड़ियों का विश्वास उठ जाएगा। और खेल जगत में गलत परंपरा की शुरुवात हो जाएगी।

एक नजर

हादसे में घायल युवक की मौत

भिलाई, 24 अक्टूबर। भिलाई अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई पुलगांव पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 ; 281 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि पैदल जा रहे शिवपारा पुलगांव वार्ड 55 निवासी छगनलाल साहू ;35 वर्षद्ध पिता मोहनलाल साहू को 22 अक्टूबर की शाम को स्वराज ट्रैक्टर शोरूम के सामने मेन रोड पर अज्ञात वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दी। इससे छगनलाल गंभीर रूप से घायल हो गया लोगों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचायाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिला अस्पताल के वार्ड ब्वाय छविराम निर्मलकर की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

चावल,केबल चोरी,6 गिरफ्तार

भिलाई, 24 अक्टूबर। भिलाई रानीतराई क्षेत्र में बीते कुछ महीनों से आंगनबाड़ी व स्कूलों में चावल चोरी सहित खेत से केबल चोरी हो रही थी मामले में जांच के बाद पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है आरोपितों में तीन नाबालिग हैं रानीतराई पुलिस ने बताया कि असोगा स्कूल से दो कट्टा चावल व राड के टुकड़े की चोरी हुई थी निपानी आंगनबाड़ी से 30 किलो चावल सहित गैस सिलेंडर की चोरी हुई थी प्राथमिक शाला डिड़गा में दो लीटर तेल व झाड़मोखली स्कूल से 40 किलो चावल की चोरी हुई थी इस मामले मे आरोपित सागर कोसरे ;20द्ध निवासी ग्राम डिड़गाए बंटी उर्फ उमेश यादव नंदकुमार यादव ;19 द्ध निवासी ग्राम डीड़ाभाठाए शाहिल साय ;19द्ध को पुलिस ने गिरफ्तार किया पुलिस ने आरोपितों के पास से गैस सिलेंडरए तेल सहित राड के टुकड़े बरामद किए हैं पुलिस ने आरोपितों से केबल चोरी के भी तीन अलग.अलग मामले सुलझाए जिसमें उक्त आरोपितों के साथ तीन नाबालिग आरोपित भी शामिल पाए गए ।

आयुक्त बजरंग दुबे ने जारी की स्वच्छता श्रृंगार की राशि

भिलाई, 24 अक्टूबर। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शासकीय सुलभ शौचालयों को सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए स्वच्छता श्रृंगार के लिए शासन द्वारा अनुदान की राशि प्राप्त होती है। जिसके माध्यम से उसे आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाया जाता है। वर्तमान में नगर निगम भिलाई ने स्वच्छता श्रृंगार मद में 19 लाख रूपया था। जिसे आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा स्वच्छता श्रृंगार करने वाली एजेंसियों को उनके कार्य के अनुरूप भुगतान किया गया। शासन से शेष अनुदान की राशि प्राप्त होती है ही भुगतान कर दिया जाएगा।

निगम भिलाई के अधिकारी,कर्मचारियों को मिलेगा 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ते का लाभ

भिलाई, 24 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग ने राज्य के सभी शासकीय कर्मचारियो के वेतन में 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते में वृद्धि की है। दिनांक 15 मार्च 2024 के द्वारा सातवें वेतनमान में दिनांक 1 मार्च 2024 से देय 46 प्रतिशत महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की वृद्धि कर 50 प्रतिशत किया गया है। आदेश के परिपालन में आयुक्त बजरंग दुबे ने नगर निगम भिलाई में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों के वेतन में 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते के आदेश जारी किये है। नियमित कर्मचारियों को महंगाई भत्ता दिनांक 1 अक्टूबर 2024 से स्वीकृत किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई में सभी नियमित अधिकारी/कर्मचारियो को अब 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते लाभ शीध्र ही दिया जायेगा। जो उनके वेतन में सीधे जुड़कर उनके खाते में भेजा जाएगा। आदेश जारी होने से निगम के सभी अधिकारी/कर्मचारी हर्षोल्लास के साथ आयुक्त को धन्यवाद दिये।

स्पैरो कम्पनी ने टैक्स लेकर एवं रसीद नहीं दी है तो दस्तावेज सहित आवेदन करें

दुर्ग, 24 अक्टूबर। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत टैक्स लेते समय स्पैरो कंपनी द्वारा रसीद दिया गया हो। और आपको भेजे गये टैक्स डिमांड में बकाया राशि बता रहा हो तो रसीद की कापी डिमांड बिल की कापी के साथ आयुक्त नगर निगम आवेदन लोक सेवा केन्द्र में दिनांक 21 अक्टूबर से लेकर शुक्रवार 25 अक्टूबर 24 तक कार्यालयीन समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। इसके बाद आवेदन किये जाने पर विचार नहीं किया जाएगा।स्पैरो कम्पनी द्वारा टैक्स की राशि लिया गया हो एवं रसीद नहीं दिया गया हो,तो भी दस्तावेज सबूत समेत करदाता आवेदन कर सकते है।निगम प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि स्पैरो के नाम पर एवं उनके कर्मचारियों टैक्स की राशि न दें. निगम प्रशासन ने लोगों से कहा है कि स्पैरो का ठेका निगम ने समाप्त कर दिया है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अपील कर कहा कि स्पैरो कंपनी के नाम से कोई भी व्यक्ति टैक्स वसूली के लिए पहुंचता है तो उसे टैक्स की राशि न दें और इसकी सूचना नगर निगम में तुरंत दे।नगर निगम ने सभी करों के भुगतान की प्रक्रिया पुरानी व्यवस्था के साथ शुरू कर दी गई है। इसके बाद भी स्पैरो के नाम से टैक्स वसूलने के लिए घर पहुंचता है तो लोक सेवा केंद्र में आकर आयुक्त के नाम से आवेदन करें। स्पैरो के साथ सात साल तक रहा अनुबंध स्पैरो कंपनी ने दुर्ग निगम क्षेत्र में संपत्तिकरों की वसूली का काम सात वर्षों तक किया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से गन्ना किसानों को मिली दीपावली की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,24 अक्टूबर। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में पेराई सीजन 2023-24 के गन्ना किसानों को दीपावली के पहले अतिरक्त रिकवरी राशि 18.66 करोड़ रूपए सीधे उनके खाते में पहुंची। इस प्रकार कारखाना द्वारा अतिरिक्त रिकव्हरी की संपूर्ण राशि 35.81 करोड़ का भी कृषकों को कर दिया गया है। जिले के गन्ना किसानों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार का धन्यवाद किया। गन्ना किसानों ने कहा कि यह राशि उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होगी और दीपावली का त्योहार और भी खुशहाल बनाएगी। उन्होंने उपमुख्यमंत्री की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास किसानों के

हित में हैं, जो उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाते हैं। इस पहल से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि कृषि क्षेत्र में भी एक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के महाप्रबंधक गौरी शंकर शर्मा ने बताया कि पेराई सीजन 2023-24 में गन्ना बेचने वाले किसानों को सौगात के रूप में अतिरक्त रिकव्हरी राशि का भुगतान किया गया है। विदित हो कि भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के द्वारा पेराई सीजन 2023-24 में 12052 किसानों से 388828.319 मे.टन गन्ना की खरीदी एवं पेराई कर 433934.00 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया गया है। कारखाना द्वारा किसानों को एफआरपी मूल्य राशि 113.52 करोड़ रूपए का शत प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। इसके अलावा कारखाना द्वारा अतिरिक्त रिकव्हरी राशि 92.10 प्रति क्विंटल में से शेष राशि 48.00 रूपए प्रति क्विंटल के मान से कुल राशि 18.66 करोड़ रूपए का भुगतान आज दीपावली पर्व के पूर्व किसानों के खाते में भेज दिया गया है। इस प्रकार कारखाना द्वारा अतिरिक्त रिकव्हरी की संपूर्ण राशि 35.81 करोड़ का भी कृषकों को कर दिया गया है।

महापौर परिषद के नए सदस्यों ने संभाला अपना कार्यभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रिसाली। रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद में शामिल 4 नए पार्षद ने बुधवार को कार्य सम्हाला। एम.डी. जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, संजू नेताम और ममता यादव ने पूजा अर्चना कर अपने चेंबर में बैठे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एमआईसी कार्यों की समीक्षा करने विभागवार बैठक बुलाने निर्देश भी दिए। चारों एमआईसी दोपहर महापौर कार्यालय पहुंचे। थोड़ी देर बाद महापौर शशि सिन्हा और सभापति केशव बंछोर के मार्गदर्शन में सबसे पहले आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग प्रभारी एम.डी.

जहीर अब्बास ने कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद स्वास्थ्य तथा स्वच्छता विभाग प्रभारी संजू नेताम, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं विद्युत विभाग प्रभारी ममता यादव और अंत में जल कार्य विधि सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी अनिल देशमुख ने अपने कक्ष में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सनीर साहू, परमेश्वर कुमार, पार्षद ईश्वरी साहू, सरिता देवांगन आदि उपस्थित थे।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिस कर्मियों दी गई श्रद्धांजलि

भिलाई, 24 अक्टूबर। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर 21 अक्टूबर को बीएसपी ईएमएमएस-1 स्कूल सेक्टर-1 में आयोजित कार्यक्रम में छ.ग. पुलिस के जांबाज शहीदों, आरक्षक अमित नामक तथा आरक्षक विश्राम मांझी को सादर श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यकत्र में शहीद अमित नायक तथा शहीद विश्राम मांझी के परिजनों को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भट्टी थाना के उप निरीक्षक एस. एन. सिंह ने पुलिस विभाग के दोनों शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सभी बच्चों में देश प्रेम का ऐसा ही जज्बा होना चाहिए। उन्होंने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गुरुजनों का आभार व्यक्त किया। बीएसपी के शिक्षा विभाग के उप प्रबंधक अशोक सिंग ने शहीद अमित नायक के बचपन से जुड़ी यादों को साझा करते हुए उनकी बहादुरी की प्रशंसा की। शाला के प्रधान पाठक पी आर साहू ने अपने संबोधन में बताया कि दोनों शहीद आरक्षक बीएसपी स्कूल के छात्र थे, तथा उनकी शहादत पर हम सभी को गर्व है। उन्होंने कहा कि हमें वीर शहीदों से प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी।

लोगों को वाहन चलाते वक्त हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किए जाने की जरूरत

कवर्धा, 24 अक्टूबर। आखिर क्यों नहीं पहनते है लोग हेलमेट । कवर्धा , बोडला , पोड़ी , महाराजपुर , सहसपुर लोहारा , पंडरिया में भी बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चलाते हुए पेट्रोल पंप पेट्रोल भराने जाते है और यात्रा करते है चिंतनीय विषय है । पार्षद , पंच , उपसरपंच , सरपंच और जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन को भी हेलमेट जागरूकता रैली निकालना चाहिए ।

नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित कार्यक्रम जारी

धमतरी 24 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में जारी नगर पालिका निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कुछ जिलों द्वारा निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा, आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। जिलों से प्राप्त अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार उपरांत पूर्व में दावा आपत्ति प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि 23 अक्टूबर में 1 सप्ताह की वृद्धि की गई है। जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय 30 अक्टूबर 2024 बुधवार, अपरान्ह 3 बजे तक तथा दावे/आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तारीख शुक्रवार 8 नवंबर 2024 निर्धारित की गई है। इसी तरह प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 08 नवम्बर 2024 तक तथा प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि मंगलवार 12 नवम्बर तक निर्धारित की गई है।

बीएसपी के ग्राहक एवं हितधारकों के लिए कस्टमर मीट का आयोजन

भिलाई, 24 अक्टूबर। सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विपणन विभाग द्वारा 22 अक्टूबर को विपणन विभाग में ग्राहक एवं हितधारकों के विभिन्न मुद्दों व शिकायतों को दूर करने और उन्हें विभिन्न प्रणालीगत सुधार के बारे में जागरूक करने के लिए एक कस्टमर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती भी उपस्थित थे। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 का विषय सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि है।

भिलाई, 24 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से वैशालीनगर के युवा नेता गणेश हिमांशु ने विगत दिनों सौजन्य भेंट कर स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की।

भेंट ...

विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से पर्यावरण धाम के पदाधिकारियों ने की सौजन्य भेंट

भिलाई, 24 अक्टूबर। पर्यावरण धाम के संपोषक एवं प्रधान संरक्षक, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से पर्यावरण धाम के प्रमुख, प्रधान आचार्य डॉ. रत्नाकर मिश्रा के नेतृत्व में पदाधिकारियों की सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर पर्यावरण धाम अमेरी पधारने के आमंत्रण पर डॉ. रमन ने कहा कि इस बार जरुर आयेंगे। सामुदायिक भवन (डोम शेड) एवं सोलर पंप दिलाने का आश्वासन भी दिए। उन्होंने सभी सदस्यों को मिठाई खिलाकर कर विदा किया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह वर्ष 2015 से पर्यावरण धाम का संरक्षण एवं संवर्धन कर रहे हैं, यहां फेंसिंग का कार्य उनके प्रोत्साहन एवं सहयोग से संपन्न हुआ था।

बघेरा मुक्तिधाम के कायाकल्प के लिए विधायक,महापौर ने किया 46.84 लाख रुपए के कार्यों का भूमिपूजन

दुर्ग, 24 अक्टूबर।नगर पालिक निगम, दुर्ग वार्ड क्र.56 बघेरा में अधोसंरचना से मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार कार्य का लागत राशि रू. 46.84 लाख भूमि पूजन का विधायक गजेन्द्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभापति राजेश यादव,पार्षद वार्ड 56 बघेरा,श्रीमती कुमारी राकेश भारती साहू,पार्षद मनीष साहू संग मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार भूमिपूजन किया। शहर के बघेरा अधोसंरचना मद से बनाने वाले मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार किया जाएगा। मुक्तिधाम परिसर में शेड निर्माण,पेयजल तथा बैठक व्यवस्था दुरुस्त किया जायेगा।शोक सांत्वना देने हॉल बनाया जाएगा।गुरुवार को विधायक गजेंद्र यादव,महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा भूमिपूजन के तहत वार्ड 56 के मुक्तिधाम का मुक्तिधाम में बाउंड्रीवॉल, बारिश के सीजन में किचड़ से बचने पेवर ब्लॉक, शवदाह गृह शेड रिपेयरिंग, शवदाह गृह के नए शेड निर्माण, शोक सभा के लिए सभागृह, शौचालय, बैठने के लिए चबूतरा, पेयजल व्यवस्था, सहित अन्य निर्माण कार्य होंगे।इस दौरान सहायक अभियंता संजय ठाकुर,उपअभियंता विकास दमाहे,पूर्व पार्षद अरुण यादव, क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, युवा एवं महिला बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बघेरा मुक्तिधाम के कायाकल्प के लिए विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने किया भूमिपूजन इस अवसर पर मुक्तिधाम जीर्णोद्धार भूमिपूजन के दौरान विधायक एवं महापौर का पार्षद स्थानीय लोगो ने आभार व्यक्त किया।विधायक गजेंद्र यादव व महापौर धीरज बाकलीवाल के प्रयासों से शहर के मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

महापौर ने कलेक्टर से अनुपयोगी खंभों को हटाने व 18 वर्ष के युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर चर्चा की

दुर्ग,24 अक्टूबर। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा।उन्होंने बताया कि नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर मे विभिन्न स्थानों पर बीएसएनएल एवं शहर के सड़क किनारे व वार्डो के भीतर सीएसपीडीसीएल विद्युत विभाग के बहुत पुराने एवं अनुपयोगी पोल जहां-तहां लगे हुए है, जिसके कारण दुर्घटना हो रही है, व्यर्थ ही आवागमन मे अवरोध तथा अतिक्रमण मे सहायक, पार्किंग एवं सौंदर्याकरण हेतु बाधा बने हुए है। ऐसे खम्भों को हटाया जाना आवश्यक होगा।उन्होंने कहा सभी अनुपयोगी खम्भों को जांचकर शीघ्र हटाये जाने संबंधित विभाग को निर्धारित समयावधि देकर हटाये जाने निर्देशित करने की चर्चा की।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी से नगरीय निकाय निर्वाचन 2024 हेतु दुर्ग शहर के सभी मतदान केन्द्रों मे 16.10.24 से 23.10.24 तक नाम जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें 01 जनवरी 2024 तक जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, केवल उन्हीं युवाओं का नाम जोड़ा जा रहा है।जबकि उसके पश्चात् दस माह और बीत चुका है।उन्होंने कहा कि वर्तमान आवेदन जमा करने के अंतिम दिनांक तक जिन युवाओं की उम्र 18 वर्ष हो चुकी है उन सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट मे जोड़ा जाना आवश्यक है।जिससे कि वे अपने मताधिकार का सही समय पर उपयोग कर सके।वर्तमान दिनांक तक जिन युवक-युवतियों की उम्र 18 वर्ष हो चुकी है उन सभी युवाओं का नाम मतदाता सूची मे प्राथमिकता से जोड़े जाने का आदेश/निर्देश अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी को शीघ्र प्रदान की बात कही।इसके अलावा महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभापति राजेश यादव, एमआईसी संजय कोहले,दीपक साहू,हमीद खोखर,मनदीप सिंह भाटिया,पार्षद विजेंद्र भारद्वाज,सतीश देवांगन,प्रकाश जोशी,काशीराम रात्रे,मनीष कुमार बघेल के साथ महापौर ने कलेक्टर से फिल्टर प्लांट 42 एमएलडी के सबस्टेशन के इनर पैनल को आउट डोर करने तथा 24 एवं 42एमएलडी फिल्टर प्लांट में आवश्यक सिविल कार्य हेतु डीएमएफ फण्ड से राशि स्वीकृत की पत्र द्वारा मांग की है।महापौर ने कहा कि रायपुर नाका नगर पालिक निगम 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट के सब स्टेशन में नमी आने के कारण लगातार जलप्रदाय बाधित होने से शहर वासियों को परेशानी हो रही है। जिसके स्थाई समाधान हेतु 42 सबस्टेशन को आउट डोर सिस्टम करने हेतु राशि 28.55 लाख /- तथा फिल्टर प्लांट परिसर के ड्रेनेज सिस्टम सबस्टेशन पहुंच मार्ग, सुरक्षा हेतु पुरानी दिवाल के ऊंचाई बढाने तथा अन्य सिविल रिनोवेशन कार्य हेतु राशि क्रमशः 40.42 लाख, कुल योग - 68.97 लाख, राशि डीएमएफ मद से स्वीकृत करने की मांग की गई है

आयुष्मान कार्ड के लिए 25 तक लगेगा उरला संगम चौक मुख्यमंत्री भवन वार्ड क्रमांक-58 में शिविर

दुर्ग,24 अक्टूबर। नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा के लिए शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।शिविर दुर्ग शहर में प्रतिदिन अलग-अलग वार्डों में लगाया जा रहा है। शहर के जिन नागरिकों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वे शिविर स्थल पर जाकर बनवा सकते हैं।आयुष्मान कार्डधारियों को शासन से इलाज के लिए सुविधा मिल रही है।इसमें सामान्य वर्ग (एपीएल) राशनकार्ड धारी को आयुष्मान कार्ड से 50 हजार रुपए तक इलाज की सुविधा है।

वहीं जिनके पास बीपीएल राशन कार्ड है, उन परिवारों को 5 लाख तक का इलाज कराने की सुविधा है।आपको बता दे कि आयुष्मान कार्ड बनाने वार्ड 58 उरला में दो दिवसीय शिविर का आयोजन आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु दो दिवसीय शिविर का द्यआयोजन दिनाँक 24 एवं 25 अक्टूबर को संगम चौक मुख्यमंत्री भवन वार्ड क्रमांक 58 में किया जा रहा है।वार्डवासी शिविर में प्रातः 10.00 बजे से शाम 4ः00 बजे तक पहुंच कर आयुष्मान कार्ड अपडेट करा सकते है एवं नवीन आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी किया जाएगा।

पीएम सूर्यघर योजना से 300 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ उठाएं:विष्णु देव साय

रायपुर, 24 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने चयनित कनिष्ठ यंत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने विद्युत कर्मियों को 12 हजार रूपये तक बोनस/एक्सग्रेसिया दीपावली के पूर्व देने की घोषणा की। साथ ही 'मेरा घर-पीएम सूर्यघर' जनजागरण अभियान की शुरूआत की । प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश में वर्ष 2027 तक 5 लाख घरों में रूफ्टाप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली का यह त्यौहार रोशनी का त्यौहार है, रोशनी बांटने का त्यौहार है, और विद्युत कर्मियों से बढ़कर भला ''रोशनी बांटने वाला'' कौन हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि दीपावली के समय आप लोगों का काम बहुत बढ़ जाता है, लेकिन आपने हर ऐसे अवसर पर बहुत सुंदर तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। इस बार भी मुझे आपसे यही आशा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के

विकसित भारत के आव्हान के अनुरूप हमने भी विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का संकल्प लिया है। हमें राज्य की अधोसंरचना को मजबूत करते हुए एक सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। आने वाले दिनों में राज्य के कृषि और उद्योग के क्षेत्रों में तेज प्रगति होगी। ऐसे में हमें और भी अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य की विद्युत कंपनियों पर आने वाले समय में दायित्वों का और अधिक भार होगा, इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार सभी कंपनियों को सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। 375 कनिष्ठ अभियंताओं की नियुक्ति से जाहिर है कि आगे भी बिजली कंपनियों में अधिकारियों-कर्मचारियों की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जनजागरण सामग्रियों का विमोचन तथा लोकार्पण किया। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए रूफ्टॉप सोलर एक्प्लोरर एप का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हितग्राहियों के घरों के आगे लगने वाली नाम-पट्टिकाओं का वितरण भी कर रहे हैं। यह केवल योजना का लाभ उठाने वालों की नाम-पट्टिका नहीं है। यह प्रदेश के बिजली उत्पादकों की नाम पट्टिका भी है। वे न केवल अपनी जरूरतों की बिजली पैदा करेंगे अपितु अतिरिक्त बिजली का विक्रय कर बिजली विक्रेता भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2027 तक पांच लाख घरों को रौशन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही सोलर पैनल सप्लाई, इंस्टालेशन और मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सौर ऊर्जा के अधिकाधिक इस्तेमाल से परंपरागत तरीकों से हो रहे उत्पादन पर आने वाला दबाव भी घटेगा तथा हम ग्रीन एनर्जी को अपनाने की दिशा में सतत बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि शासकीय भवनों में एवं सार्वजनिक स्थलों में हम अधिकाधिक रूप से सौर ऊर्जा को अपनाएंगे। प्रदेश में डेढ़ लाख से अधिक कृषि पंपों के माध्यम से सिंचाई सुविधा किसानों को उपलब्ध करा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए भी सौर ऊर्जा का इस्तेमाल किया है। स्वागत भाषण पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने दिया। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी नई ऊर्जा के साथ काम कर रही है। ऐसे में नई नियुक्ति से उपभोक्ता सेवा के कार्य को और बेहतर किया जा सकेगा।

एक नजर

दस्तावेज लेखक व स्टांप वेंडरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

डोंगरगांव ,24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आम जनता की सहूलियत के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्री, फेश लैस और कैशलेस जैसे कई सुविधाओं के साथ

सुगम ऐप लॉन्च हो रहा है द्य जिसके विरोध में दस्तावेज लेखक व स्टांप वेंडरों का प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल पूरे प्रदेश में चल रहा है द्य जनपद पंचायत परिसर में अपनी मांगों के संदर्भ में धरना प्रदर्शन कर शासन - प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी और अपनी आवाजें बुलंद की बात दें कि दस्तावेज लेखकों व स्टाम्प विक्रेताओं ने एसडीम को ज्ञापन सौंप कर शासन द्वारा अचल संपत्ति की खरीदी बिक्री के संबंध में रजिस्ट्री कराने को लेकर लागू किए जाने वाले नए नियम के संबंध में विरोध प्रकट करते हुए एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया द्यधरना प्रदर्शन में दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष संतोष देवांगन, राहुल वैष्णव, देवेंद्र निषाद,भारत लाल निषाद, कमलेश श्रीवास्तव, वीरेंद्र विश्वकर्मा,श्याम सुंदर लाउत्रे, रमेश साहू, सुमन राजपूत, तेज साहू, स्टांप वेडर वीरेंद्र नामदेव, लोकेश देवांगन, भारत लाल साहू, अजय साहू,पंचू साहू, धर्मेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में दस्तावेज लेखक व स्टांप वेंडर उपस्थित थे उन्होंने बताया कि इस ऐप के आने से हम बेरोजगार हो जाएंगे सरकार को हमारे रोजगार के बारे में सोचना चाहिए द्य

निगम में पटाखा दुकान के लिये 84 अस्थायी भूखण्ड आबंटित

राजनांदगांव ,24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर नगर निगम सभागृह में आज फटाका दुकान के लिये लाटरी के माध्यम से 85 अस्थाई भूखण्ड आबंटन लायसेंसी फटाका व्यवसायियों को किया गया। उक्त आबंटन से नगर निगम को 3 लाख 52 हजार 8 सौ रूपये की आय हुई है। फटाका दुकान म्युनिसिपल स्कूल मैदान में लगाया जायेगा। नगर निगम उपायुक्त श्री मोबिन अली की उपस्थिति में फटाका दुकान के लिए इच्छुक लायसेंसी फटाका व्यवसायियों को लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखण्ड का आबंटन किया गया। उपायुक्त श्री अली ने बताया कि इस वर्ष फटाका दुकान लगाने के लिए राजस्व कार्यालय में 84 आवेदन प्राप्त हुये थे, जिसमें सभी लायसेन्सी फटाका विक्रताओ द्वारा शुल्क का भुगतान किया गया।

ग्राम पंचायतों का चल रहा परिसीमन

डोंगरगढ़ ,24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।लाल बहादुर नगर डोंगरगढ़ विकासखंड की सभी 110 ग्राम पंचायत में वार्ड परिसीमन का कार्य इन दिनों जारी है शासन के दिशा निर्देश पर सो मतदाताओं से अधिक होने पर वार्ड बढ़ाई जा रहे हैं ग्राम पंचायत मोतीपुर के प्रधान हीरालाल सेन सहित विभिन्न पंचों मदनलाल संतोषी बाई खिलावन साहू व ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आश्रित ग्राम गोविंदपुर में वार्ड बढ़ाने की मांग की है दावा आपत्ति प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि वार्ड की जनसंख्या 752 है और 6 वार्ड हैं जबकि परिसीमन के बाद 8 वार्ड होना चाहिए जबकि मोतीपुर में 1060 जनसंख्या में 7 के स्थान पर 11 वार्ड बना दिए गए हैं किंतु गोविंदपुर के साथ अन्याय किया जा रहा है अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गोविंदपुर में भी वार्डों की बढ़ोतरी करने की मांग ग्रामीणों ने की है।

श्री प्रसाद इलायची दाना अमानक घोषित

राजनांदगांव,24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के विभाग की टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम राका स्थित एवन स्वीट्स में दबिश दी गई थी। जहां से श्री प्रसाद इलायची दाना को गुणवत्ता परीक्षण हेतु लैब जांच हेतु जप्त किया गया था। उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि श्री प्रसाद इलायची दाना की लैब जांच रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। लैब रिपोर्ट के अनुसार श्री प्रसाद इलायची दाना को एएसएच इनसोलुबल इन डेल्यूट एचसीएल टेस्ट में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के रूल एण्ड रेगुलेशन में निर्धारित मानकों से अधिक पाया गया है। जिस कारण खाद्य सामग्री इलायची दाना अमानक घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान ही इलायची दाना के पैकेट्स पर पैकेजिंग लेबलिंग रेग्युलेशन का उल्लंघन पाया गया था। समस्त दस्तावेजों की प्राप्ति एवं विवेचना के बाद संबधित पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अवैध रूप से खड़े वाहनों को क्रेन से हटाया

राजनांदगांव,24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।आज दिनांक 23.10.2024 को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री मुकेश ठाकुर, अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा आगामी दीपावली त्योहार के मद्देनजर शहर में यातायात के दबाव को कम करने के लिए महावीर चौक के दोनो ओर फ्लाईओव्हर के नीचे दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों के पार्किंग हेतु अवैध रूप से खड़े वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटाया गया। सभी वाहन चालको से अपील है कि अपने वाहन निर्धारित स्थल पर ही पार्किंग करें। यातायात व्यवस्था बनाये रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें एवं असुविधा से बचें।

केशकाल घाट में लगा लंबा जाम

कांकेर, 24 अक्टूबर। केशकाल घाट की मरम्मत के कारण भारी वाहनों के लिए बंद किए जाने के बाद वैकल्पिक मार्ग पर भी ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो गई है। दुधावा घाट के वैकल्पिक मार्ग पर दो ट्रकों के पलटने से लगभग 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है।

पीएमश्री सेजेस विद्यालय मोहला में आयोजित जिला स्तरीय ओलंपियाड में 46 बच्चों ने लिया हिस्सा

मोहला , 24 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

जिला मुख्यालय मोहला में स्थित पी एम श्री विद्यालय में जिला स्तरीय विद्या वैभव ओलंपियाड, वाद-विवाद, डिजिटल क्विज और लर्न लोकल साइट जैसी गतिविधियां आयोजित की गई थी। जिसमें जिले के सात समस्त पी एम श्री विद्यालयो से 42 छात्र-छात्राओं के हिस्सा लेने की जानकारी प्राप्त हुई है। जिसमें ओलंपियाड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रौनक देशमुख (पीएम श्री मोहला)व दूसरे स्थान पर नूपुर सोनी(पीएम श्री मोहला), जतिन लहरे(पीएम श्री मोहला) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं डिजिटल क्विज प्रतियोगिता पर पहले स्थान पर नूपुर सोनी(पीएम श्री मोहला)एवं दूसरे स्थान पर रौनक देशमुख(पीएम श्री मोहला)रहे । इसके अलावा वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। जिसमें सैयद रेहान अली(पीएम श्री मोहला)एवं आरची शर्मा (पीएम श्री अं चौकी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एवं दूसरे स्थान में (पीएम श्री मोहला) के ही गौतम भारद्वाज रहे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के निर्णायक

के रूप में जिला नोडल अधिकारी किशोर कुमार आलेंद्र एवं जसवंत मांडवी, ओमप्रकाश साहू , पी डी निक्की, अमित सोनी, छविलाल कोरेटी, कुमार सिंह, सुकदेव भंडारी एवं अन्य प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाओं उपस्थित रही। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत मोहला की उपाध्यक्ष गमिता लोन्हारे ग्राम सरपंच सरस्वती ठाकुर, लता साव मीना मांझी एवं जिला शिक्षा अधिकारी फत्ते राम कोरसिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार देवांगन ,शाला समिति के सदस्य मिर्जा नूर बेग समेत अन्य सदस्यो की उपस्थिति रही। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं जिला शिक्षा अधिकारी व विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया है, साथ ही साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

आयुक्त ने दीपावली के पूर्व सफाई विद्युत व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

राजनांदगांव 24 अक्टूबर। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने साप्ताहिक टाईम लिमिट (समय सीमा) की बैठक में पूर्व बैठक की समीक्षा कर दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखकर शहर में मूलभूत सुविधा साफ सफाई व्यवस्था तथा विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उन्होने निदान 1100 की शिकायतो का प्राथमिकता से निराकरण करने अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किये। आयुक्त श्री गुप्ता ने निर्माण कार्यो की समीक्षा में कहा कि योजना के कार्य जैसे एजुकेशन हब के अलावा अन्य कार्य में गति लावे, तथा उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे, ताकि शेष राशि प्राप्त हो सके। इसी प्रकार मोहारा मेला स्थल विकास कार्य में तेजी लावे और ठेकेदारों को चेतावनी देकर कार्य करावे एवं मोहारा मेला के पूर्व मंच के काम पूर्ण करावे। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग, सांसद व विधायक निधि तथा महापौर व पार्षद निधि के कार्य समय सीमा में पूर्ण करावे, सभी तकनीकि अधिकारी प्रतिदिन कार्य की मानिटरिंग करे, कार्य में ढिलाई पर ठेकेदार को नोटिस जारी करे। प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य के संबंध में आयुक्त ने कहा कि बीएलसी के तहत चल रहे आवास निर्माण जल्द पूर्ण करावे, जिससे हितग्राही अपने स्वयं के आवास में रह सके। इसके अलावा एएचपी के आवास जिनका दावा आपत्ति बुलाया गया है उन्हें दावा आपत्ति उपरांत आबंटित करे तथा अपात्र आवेदकों का भी दावा आपत्ति कर आवेदन की जॉच कर लेवे।

आयुक्त ने पेयजल सप्लाई के समय मोहारा बस्ती का निरीक्षण किया

राजनांदगांव , 24 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

प्रातः कालीन सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज अल सुबह अधिकारियों के साथ पेयजल सप्लाई के समय मोहारा बस्ती का निरीक्षण कर कम पानी आने वाले क्षेत्र में नागरिकों से रूबरू हो समाधान करने का आश्वासन दिये। सबसे पहले आयुक्त श्री गुप्ता मोहारा बस्ती के कुछ क्षेत्रों में पानी नहीं आने की शिकायत पर पेयजल सप्लाई के समय अधिकारियों के साथ सुबह पहुचे और लोगों से रूबरू हो पानी आने की जानकारी लिये। लोगों ने बताया कि हमारे क्षेत्र में पानी की बहुत दिनों से समस्या है, कुछ घरों में थोडा पानी आता है और कुछ घरों पानी आता ही नही। आयुक्त ने पार्षद प्रतिनिधि श्री अवधेश प्रजापति से भी चर्चा किये, उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चढ़ाव क्षेत्र में पानी की समस्या ज्यादा है, इसका निराकरण करने वाल्व की सेटिंग देखे, टंकी पूरी भरने के पश्चात सप्लाई करे, अच्छे से निरीक्षण कर, प्लान कर समाधान करे। आयुक्त श्री गुप्ता जल संयंत्रगृह मोहारा निरीक्षक के दौरान

कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी लिये, प्लांट के प्रभारी ने तीन सिप्ट में कार्य होने एवं प्रत्येक कर्मचारियों द्वारा करने वाले कार्यो की जानकारी दी। आयुक्त ने कहा कि एलम, ब्लीचिंग तथा क्लोरिन गैस व अन्य आवश्यक सामाग्री का पर्याप्त भंडारण रखे, मशीन आदि को दुरूस्त रखे, सभी पंप चालू रखे, वोल्टेज समस्या के कारण पंप नही चल पा रहा है उसके लिये विद्युत ऐसीपी लगावे, जिससे सभी पंप चल सके।

भाजपा के अचानक धरना स्थगित करने की है खूब चर्चा

कुरूद , 24 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

आनन-फानन में धरना प्रदर्शन स्थगित (पूछ रही है जनता) कुरूद सरोवर धरोवर में अवैध निर्माण को लेकर कुरूद के विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर के अगुवाई में भाजपायों द्वारा 23 अक्टूबर को नगर पंचायत कुरूद में धरना प्रदर्शन प्रस्तावित था। जिसे अचानक स्थगित कर दिया गया। जिसकी नगर पंचायत में व्यापक चर्चा हो रही है ।धरना प्रदर्शन के बजाय अचानक प्रेस वार्ता की गई जिसमें भी प्रदर्शन क्यों स्थगित किया गया इसका स्पष्ट कारण नहीं बताया गया, इसे लेकर नगर पंचायत में चर्चा व्याप्त है भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में अजय चंद्राकर ने स्थगित कारण बताते हुए कहा राष्ट्रीय नेतृत्व वरिष्ठ पदाधिकारी नितिन नवीन से चर्चा हुई सारी परिस्थितियों से अवगत कराया उसके उपरांत मनानीय मुख्यमंत्री से चर्चा हुई नगर पंचायत कुरुद के मामले में बड़े-बड़े राष्ट्रीय नेतृत्व नेताओं से चर्चा के बाद ही धरना प्रदर्शन स्थगित करना पड़ा। और कहा मुद्दे स्थगित नहीं हुए हैं धरना स्थगित हुए हैं, आगे कहा मुख्यमंत्री जी ने अस्वस्थ किया है आपके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर तत्परित कार्रवाई करेंगे अच्छे कामों अच्छे विकास के लिए जाना जाए यह बातें आग्रह पूर्वक कही है (मुद्दे को बदले स्वरूप को

ना बदले) प्रश्न के जवाब में कहा कुरुद के विकास से जुड़ा मुद्दा है इसका राजनीति से कोई लेना देना नहीं है। आप सत्ताधारी दल के विधायक हैं अवैधानिक कार्य को रोकने के लिए आपको कानूनी प्रक्रिया अपनाना चाहिए के जवाब में कहा जिस तरह की मैंने प्रक्रिया अपनाई थी राष्ट्रीय नेतृत्व प्रादेशिक नेतृत्व की बातों से मैं संतुष्ट हूं अनुशासित कार्यकर्ता होने के नाते आज का कार्यक्रम को स्थगित किया है। हमने स्वरूप बदला है मुद्दे नहीं आगे कहा वेटलैंड प्राधिकरण जली जमीन या जल के नीचे की जमीन होती है उसकी देखरेख वेटलैंड प्राधिकरण करता है उसकी निगरानी सुप्रीम कोर्ट करता है कुरूद नगर पंचायत वेटलैंड जल के नीचे की जमीन को बेचा जा रहा है और इसमें प्रशासन का मौन बहुत आश्चर्यजनक है एक और विष्णु देव सरकार कुरूद के विधानसभा क्षेत्र या नगरी क्षेत्र के लिए आनेक विकास कार्य कर रहे हैं, भखारा न्यूज़ कांसेली में आता है लॉ कॉलेज की स्वीकृति हुई है सिर्री में महाविद्यालय की स्वीकृति हो गई है 3 तारीख को शीलान्यास कर रहे हैं लाइवलीहुड कॉलेज , बीएड कॉलेज खुल रहा है। इस तरह से बनाने और संवारने की कोशिश हो रहा है दूसरी और कांग्रेस शासित नगर पंचायत के द्वारा कुरूद को बेचने की कोशिश की जा रही है बेचा जा रहा है ।खास तौर पर धमतरी जिले में अवैधा कालोनियां है।वैध चीजों को नियम बताया जा रहा है ,अवैध चीजों को संरक्षण दिया जा रहा है।

डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी विधि से 70 वर्षीय मरीज के दिल की धड़कन को किया कंट्रोल

रायपुर. 24 अक्टूबर। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में 70 वर्षीय बुजुर्ग के अनियमित दिल की धड़कन को थ्रीडी-इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी विधि से रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन प्रक्रिया के जरिये उपचार कर धड़कन को नियमित किया गया। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुए इस प्रोसीजर में अनियमित दिल की धड़कन के कारण दिल के बायें चैम्बर के वेन की चारों दिशाओं में हुए ब्लॉकेज को थ्रीडी- इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी मैपिंग के जरिए रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन विधि से जलाया गया और धड़कन को नियमित किया गया। अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर इलाज करने वाली पूरी टीम को बधाई देते हुए कहते हैं ; एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट, हृदय से संबंधित बीमारियों के उपचार की दिशा में निरंतर नई उपलब्धियां दर्ज कर रहा है। एसीआई इस बात का प्रमाण है कि शासकीय अस्पताल इलाज के मामले में किसी से कम नहीं है। हृदय से जुड़ी कई जटिल बीमारियों का इलाज सफलतापूर्वक एसीआई में किया जा रहा है। इस विभाग ने शासकीय अस्पताल के रूप में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्थान को एक अलग पहचान दिलाई है। एसीआई में हुए कुछ उपचार ने विश्व रिकार्ड भी बनाए हैं। डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार,

70 वर्ष से अधिक उम्र के हर चौथे व्यक्ति को एट्रियल फिब्रिलेशन होने की समस्या हो सकती है। इसमें हार्ट अच्छे से कॉन्ट्रैक्ट नहीं करता या संकुचित नहीं हो पाता। तो हार्ट का जो ब्लड है, वो रुका रहता है और उसमें थक्के बन जाते हैं। यही थक्के ब्रेन में चले गये तो उससे लकवा हो जाता है। इसमें यह पाया गया है कि बाएं तरफ के हार्ट के ऊपर वाले चैम्बर में चार अलग-अलग दिशाओं से वेन्स आती हैं, जो ब्लड लेकर आती है। उन वेन्स से ही 90 से 95 प्रतिशत एट्रियल फिब्रिलेशन की बीमारी होती है। यदि उनके दरवाजों या चौखट को जला दिया गया तो चारों तरफ से यह समस्या खत्म हो जाती है। शासकीय अस्पतालों में अम्बेडकर अस्पताल स्थित एसीआई ही एकमात्र वो संस्थान है जहां थ्रीडी इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी विधि से एट्रियल फिब्रिलेशन के उपचार की सुविधा उपलब्ध है।

रबी में धान के बदले कम पानी में होने वाली फसलों को दें बढ़ावा:कलेक्टर

राजनांदगांव , 24 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में मिशन जल रक्षा अंतर्गत जिला पंचायत के सभाकक्ष में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, औद्योगित संस्थाओं के प्रतिनिधि, किसान उत्पादक संगठन, उन्नतशील एवं समृद्ध किसान, महिला समूह, संकुल संगठनों की बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि गंभीर चिंता का विषय है कि जिले में भू-जल स्त्रोत का स्तर लगातार नीचे चला जा रहा है। यदि अभी हमने जल का संरक्षण नहीं किया और सजग नहीं हुए तो आने वाले समय में जल संकट की स्थिति बन सकती है। पहले पिछले 10 वर्ष में 100 से 150 फीट में बोर कराने से पानी आ जाता था, लेकिन भू-जल स्तर अब इतना कम हो गया है कि 400-600 फीट नीचे चला गया है। ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव के कारण भीषण गर्मी बढ़ी है। वहीं पानी का अत्यधिक दोहन होने के कारण भी जल संकट की स्थिति बन रही है। जिले में मिशन जल रक्षा के तहत जल संरक्षण के साथ ही पौधरोपण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा यह कर्तव्य है कि पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए अपना योगदान देते हुए समाज के प्रति दायित्व निभाएं। किसानों को रबी सीजन में धान के बदले कम पानी की आवश्यकता वाले फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने सभी कृषि अधिकारियों से कहा कि किसानों को

रबी सीजन अंतर्गत उद्यानिकी फसलें दलहन, तिलहन एवं कम पानी की आवश्यकता वाले फसल लगाने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए सोच बदलने की जरूरत है तथा छोटे किसानों को क्लस्टर में सामूहिक खेती करने के लिए तथा उद्यानिकी फसलों एवं दलहन व तिलहन के फसलों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि पिछले वर्ष रबी मौसम में अधिक मात्रा में धान की खेती के लिए 42 हजार पंप के माध्यम से सिंचाई करने से भू-जल स्तर 18 मीटर नीचे चला गया है। आने वाले समय में जल संकट की स्थिति की संभावना है।

दोस्त ने दोस्त की चाकू घोंपकर की हत्या कर दी

राजनांदगांव , 24 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

शहर में बुधवार को महारानी कन्या शाला के समीप दिनदहाड़े एक दोस्त ने अपने दोस्त की चाकू घोप कर हत्या कर दी। हत्या भी ऐसा कि आरोपी ने अपने दोस्त पर चाकू से सात- सात बार संघातिक वार कर उसे बुरी तरह लहुलुहान कर दिया। इससे लक्ष्मी बाई स्कूल के सामने की सड़क मृतक युवक की खून से पूरी तरह रंग गया। हालांकि कि अपने दोस्त के हाथों चाकू के संघातिक वार से बुरी तरह जख्मी हुए युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि उसे चाकू के वार से गंभीर अवस्था में ज़ख्मी युवक को अस्पताल ले जाने का मौका ही नहीं मिल पाया।

घटना की सूचना मिलते ही तत्परता दिखाते हुए कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि अपने दोस्त का चाकू घोप कर हत्या करने वाला आरोपी फरार, जांच एवं पतासाजी में जुटी पुलिस आरोपी दोस्त घटना को अंजाम देने के बाद फरार है। थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आरोपी के बारे में पूरी जानकारी मिल गई है उसे जल्द पकड़ लिया जाएगा। मृतक युवक का नाम कमलेश पटेल उर्फ सोनू, पिता डोमार पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी शंकरपुर बताया जाता है। बता दें कि मृतक सोनू के पिता डोमार पटेल बल्देव बाग रोड स्थित तहसील कार्यालय समीप चाय-पानी का होटल चलाता है। उन्होंने बताया अपने बेटे के लिए एक्सचेंज कर नई गाड़ी खरीदनी है इसलिए उसे दुकान बुलाया था। बुधवार दोपहर तकरीबन ढाई तीन बजे उसका बेटा सोनू अपने दोस्त के साथ स्प्लैण्डर मोटर सायकल में दुकान में आया था। दोनों दोस्त स्प्लेंडर बाईक में बैठकर लक्ष्मीबाई स्कूल की ओर निकल गए। आगे दोनों के बीच जाने क्या हुआ कि उसके बेटे को उसके दोस्त ने चाकू से प्राणघातक वारकर हत्या कर दी। मृतक के

पिता ने बताया कि अपने बेटे की हत्या करने वाले युवक का नाम तो नहीं जानता लेकिन आरोपी युवक जिसकी उम्र लगभग 21-22 वर्ष का है उसके पिता का नाम स्व. ललित वर्मा निवासी शंकरपुर व शांतिनगर के बीच बताया। शहर के बीचों बीच एक ऐसे शिक्षा केंद्र के पास दिनदहाड़े हुई इस तरह की खूनी घटना से लोग दहशत में आ गए। घटना कारित होते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। कोतवाली थाना पुलिस के पहुंचते ही खून से सने घटना स्थल को गोल घेरे में लिया गया और पुलिस घटना के प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ करने जुटे गई। साथ ही सड़क पर बिखरे खून को एकत्रित कर उसके सेंपल जांच के लिए भेज दिया गया है। घटना स्थल के बगल में खड़ी ब्लेक कलर की स्प्लैण्डर मोटर सायकल मृतक सोनू का बताया जाता है। कोतवाली पुलिस घटना के संबंध में आरोपी युवक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि कोतवाली पुलिस आरोपी युवक मनीष वर्मा उर्फ छोटू के बड़े भाई राजा को उठा लाया है और उसे थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आरोपी जल्द ही पुलिस के कब्जे में होगा।

माता देवाला दर्शन यात्रा का दूसरा चरण

डोंगरगढ़,24 अक्टूबर। विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक पहुंचने वाली माता देवाला दर्शन यात्रा का दुसरा चरण लालबहादुर नगर सहित क्षेत्र के ग्राम मक्काटोला, नारायणगढ़, रामपुर(खातुटोला) के लिये कारीपाठ मंदिर से 24 अक्टुबर को प्रारंभ होगी। यात्रा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र मे विराजित देवी देवताओ के प्रति आस्था व श्रद्धा जगाने के साथ प्राचिण और पौराणिक संस्कृति व मान्यताओ को जनजन तक पहुंचाने के लिये माता देवाला दर्शन यात्रा डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू द्वारा तैयार योजना के अनुसार पुरे प्रदेश में पहली बार अपने तरह के इस अनुठे दर्शन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विधायक दलेश्वर साहू ने बताया कि यात्रा के माध्यम से नयी युवा पीढ़ी को ग्रामीण क्षेत्र में विराजित हमारे माता देवाला व ग्रामीण देवी देवताओ सें संबंधित मान्यताओ और वैज्ञानिक कारणो से अवगत कराना है। साथ ही हम देखते है कि गांव में विभिन्न स्थानो पर नाना प्रकार के मूर्ति व चबुतरे तथा पत्थर लगे रहते है। जिन्हें हम देवी देवता मानकर नमर्न और वंदन करते है और यह परंपरा सदियो से चली आ रही है। लेकिन आज के पीढ़ी को यह नहीं मालुम होता है कि वे कौन से देवी देवता है गांव के बुर्जुग या सियान लोग भी इस संबंध में कम जानकारी रखते है सभी देवी देवताओं का अपना अपना महत्व होता है जिसे ग्रामीणजन ग्राम में त्यौहार मनाकर वंदन पुजन करते है। इन्हीं सब बातो को लेकर यह यात्रा निकालने का विचार आया और लगभग एक वर्ष से इस यात्रा के तैयारी किये है। यात्रा के दौरान ग्रामीण माता देवाला को जीर्णोधर करवाने का योजना भी बनेगी, यात्रा के संबंध में वरिष्ठ साहित्यकारो के माध्यम से पत्रिका का भी प्रकाशन किया जावेगा।

संपादकीय

भारत की बात चीन को माननी पड़ी

देश की राजनीति हो या विश्व राजनीति हो झुकने व झुकाने का सिलसिला तो चलता रहता है,कभी एक देश को झुकना पड़ता है तो कभी दूसरे देश को झुकना पड़ता है। सब कुछ उस देश की आंतरिक व बाह्य स्थिति पर निर्भर करता है यदि उसकी आंतरिक व बाह्य स्थिति हर तरह से अनुकूल है, उनका नेतृत्व मजबूत है, उसके सामने झुकने की मजबूरी नहीं होती है जिस देश की आंतरिक व बाहय स्थिति के साथ ही नेतृत्व पर भी कई तरह का दवाब होता है तो वह मजबूरी मे झुकता है,उसे झुकना पड़ता, बड़े नुकसान से बचने के लिए झुकना पड़ता है। देश को नुकसान बचाने के लिए कई बार बड़े नेता को अपने अंहकार को छोड़ना पड़ता है। चीन व उनके नेता शी जिनपिंग बिना युध्द लड़े देशों को हराना, उस प कब्जा करने में माहिर हैं, वह अपनी आक्रामकता से दूसरे देश को डराना भी बखूबी जानते हैं, वह अपनी नीति को सही मानते हैं और उस पर अड़े रहने वाले नेता हैं। विश्व राजनीति में मोदी के आने के बाद भारत का विश्वपटल पर छा जाना चीन को रास तो नहीं आया है लेकिन लोकतांत्रिक देश होने के नाते चीन की तुलना में विश्व में भारत को ज्यादातर देश पसंद करते हैं, कोई भी विश्व सम्मेलन हो, उसमें भारत को किसी न किसी तरह बुलाते जरूर हैं। चीन की कोशिश थी कि भारत को देश के अंदर ही इतना परेशान कर दिया जाए कि वह चीन के आगे घुटने टेक दे। चीन जैसा चाहे वैसा भारत करे। अब तक चीन से एमओयू करने वाली पार्टी व उसके नेता ऐसा ही करते रहे हैं, चीन ने पीएम मोदी को उनके जैसा नेता समझ लिया था लेकिन मोदी ने चीन को चार साल में समझा दिया कि वह अगर समझ रहा है कि मोदी भी दूसरे नेताओं की तरह है तो यह उसकी गलतफहमी है, जहां भी देश की प्रतिष्ठा व उसके हित की बात आती है तो पीएम मोदी किसी के सामने नहीं झुकते हैं। चीन सीमा पर तनाव पैदा कर पीएम मोदी को दूसरे नेताओं की तरह डराने व झुकाने का प्रयास चार साल तक करता रहा। मोदी ने उसकी हर बात का उसी तरह तरह जवाब दिया जिस तरह के जवाब की चीन अपेक्षा ही नहीं कर रहा था, चीन ने सीमा पर सेना की तैनाती की भारत ने भी जवाब में उसकी टक्कर में सेना की तैनाती की। चीन ने सीमा में बढ़त व अपनी मजबूत मौजदूगी के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया तो भारत ने उसी तरह इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर बता दिया कि भारत चीन की हर बात का जवाब देने की हैसियत रखता है। चीन ने भारत के पड़ोसी देशों को प्रभावित कर भारत की सैन्य घेरेबंदी करने की कोशिश की तो भारत ने भी चीन के पड़ोसी देशों की मदद से चीन की मजबूत घेरेबंदी की। यही नहीं एशिया के साथ विश्व के जितने बड़े सगंठन में सबके साथ भारत ने अपने संबंध मजबूत किए और चीन के खिलाफ माहौल बनाने में सफल रहा। कोराना के बाद चीन का आर्थिक हालत कमजोर होने लगी और उसे बाजार के रूप में भारत की जरूरत है, इसलिए उसने बातचीत के जरिए भारते के साथ रिश्त सुधारने की कोशिश जारी रखी, लेकिन भारत ने पचास से ज्यादा बैठक में चीन से दो टूक कहा कि सीमा पर उसने जो गलती की है, पहले उसे सुधारे उसके बाद ही चीन व भारत के संबंध सामान्य हो सकते हैं। भारत व चीन के मध्य वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर हाल ही में जो अहम समझौता हुआ है, वह इतना आसान नहीं था, दोनों देशों के बीच सहमति बनी है कि एलएसी पर 2020 के पहले वाली स्थिति बनाई जाएगी, दोनों गश्त कर सकेंगे तो यह बहुत ही मुश्किल था, इसके लिए 56 महीने तक भारत व उसके नेतृत्व ने तपस्या की है, तब जाकर यह जीत हासिल हुई है। भारत तो 56 महीने तक अपने आत्मविश्वास को बनाए रखना था, राष्ट्रीय इच्छाशक्ति को मजबूत बनाए रखना था,भावनात्मक रूप से स्थिर रहना था और देश में राजनीतिक स्थिति को अनुकूल बनाए रखना था। पीएम मोदी की जगह कोई और नेता होता तो वह चीन के सामने 56 महीने में झुक जाता क्योंकि चीन से एमओयू करने वाले उसे झुकने के लिए मजबूर कर देते। चीन से एमओयू करने वालों ने पीएम मोदी को भी चीन के सामने झुकने के लिए कई तरह के बहुत परेशान किया है। तीसरा चुनाव हराने के लिए तो चीन से एमओयू करने वालों ने विदेश से जैसी मदद मिली, उसे ली और मोदी को तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने का हर संभव प्रयास किया। चीन सहित कई बड़े देश नहीं चाहते थे कि मोदी तीसरी बार भारत के पीएम बनें। यह तो अच्छा हुआ कि तीसरी बार देश की जनता ने मोदी को चुना और चीन को समझ आ गया कि वह जिन एमओयू करने वालों पर भरोसा कर रहा है कि वह किसी काम के नहीं हैं, इसलिए किसी के सामने नहीं झुकने वाले चीन ने भारत के सामने, मोदी के सामने झुकने का फैसला किया। सीमा पर वही किया जो भारत चाहता था। यह हर भारतीय के लिए गौरव की बात है कि चीन जैसा देश भारत के सामने एक बार नहीं दूसरी बार झुका है इसी के साथ वह सारे लोग झूठे साबित हो गए हैं जो कहा करते थे मोदी कायर नेता हैं, चीन से डरते हैं, चीन के खिलाफ कुछ बोलते नहीं है। मोदी कई छोटे, झूठे,भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कुछ नहीं बोलते हैं, उनका काम बोलता है।

विदेश

किशन सनमुखदास भावनानी

16 वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-24 अक्टूबर कजान रूस के ऐतिहासिक नतीजों का आगाज

वैश्विक स्तरपर करीब करीब सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जिसमें भारत उस मंच का सदस्य है या नहीं, उसकी उपस्थिति कों नजरअंदाज नहीं किया जा सकता! जिसका सदस्य है,वहां तो अपनी बौद्धिक क्षमता का आगाज करता ही है,परंतु जिसमें सदस्य नहीं है उसमें भी बतौर अतिथि आमंत्रित किया जाता है। अभी

हाल ही में इस्लामाबाद पाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन में भारत ने उनके घर में ही यानें मेजबानी में पारदर्शिता से खरी-खरी सुनाई। आज हम इस विषय पर इसलिए बात कर रहे हैं क्योंकि कजान रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-24 अक्टूबर 2024 शुरू है,भारतीय पीएम 22 अक्टूबर 2024 को कैजान पहुंचे जहां उनका जोरदार ढंग से स्वागत किया गया।परंतु इस 16 वें शिखर सम्मेलन के बीच जहां एक और रूस-यूक्रेन व इजरायल-हमास -ईरान युद्ध अपने चरम स्तरपर है वहीं भारतीय पीएम के ब्रिक्स से अलग एक द्विपक्षीय बातचीत रूस ईरान तथा विशेष रूप से 23 अगस्त 2024 को चीन के साथ करना इसकी अद्भुत विशेषता को रेखांकित करता है, क्योंकि दुनियाँ जानती है भारत शांति कायम रखने में विश्वास रखता रखता है व उसे इसमें महारत हासिल है, ऐसे वक्त में इन तीनों देशों से अलग-अलग बातचीत करना विशेष बात है, क्योंकि स्वाभाविक ही है युद्ध को रोकने संबंधी बातचीत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता जो कि प्रेस रिलीज में नहीं आई है, परंतु इतना हम समझ सकते हैं कि अब वैश्विक शांति की उम्मीद बढ़ गई है।यानें 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का सकारात्मक आगाज होगा व विशेष रूप से 4 वर्षों के बाद चीनी राष्ट्रपति से भारतीय पीएम के द्विपक्षीय वार्ता का सकारात्मक परिणाम का अंजाम मील का पत्थर साबित होगा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,16 वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन व भारत की ईरान रूस व चीन से द्विपक्षीय वार्ता का ऐतिहासिक नतीजे का आगाज। साथियों बात अगर हम ब्रिक्स शिखर सम्मेलन केजान रूस 22-24 अक्टूबर 2024 की करें तो, यह अंग्रेजी अक्षरों बीआरआईसीएस से बना है। ब्रिक्स दुनियाँ की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का एक समूह है। जैसा कि नाम से अनुमान लगाया जा सकता है, ये देश हैं - ब्राजील, रुस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका। ब्रिक्स के विचार की परिकल्पना वर्ष 2001 में की गई थी, जो 2006 में ब्रिक के रूप में सामने आई और 2010 में जब इस समूह में दक्षिण अफ्रीका शामिल हुआ, तो यह ब्रिक्स बन गया। अगस्त 2023 में दक्षिण अफ्रीका में हुए 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में लिए गए निर्णय के अनुसार अब समूह में 10 देश शामिल हैं। मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात नए पूर्ण सदस्य के रूप में ब्रिक्स में शामिल हुए हैं। ब्रिक्स आज दुनिया की 43 प्रतिशत आबादी, दुनिया के 32 प्रतिशत भूमि क्षेत्र, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 35 प्रतिशत और विश्व निर्यात का 20 प्रतिशत कवर करता है। समूह के अनुसार, यह पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग विकसित करने के अवसर प्रदान करता है जो देशों के सतत विकास और वृद्धि में योगदान देता है। साथियों बात अगर हम दिनांक 22 अक्टूबर 2024 को भारतीय पीएम और रूसी राष्ट्रपति की द्विपक्षीय वार्ता की करें तो,बता दें कि इससे पहले भारतीयपीएम ने मंगलवार को कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर पहले रूसी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। इस दौरान पीएम ने रूसी राष्ट्रपति के साथ बातचीत में कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए और भारत इसके लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है।पीएम ने टेलीविजन पर प्रसारित अपनी शुरूआती टिप्पणी में पुतिन से कहा कि भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहालीका पूर्ण समर्थन करता है। आगे कहा कि पिछले तीन महीनों में रूस की उनकी दूसरी यात्रा दोनों देशों के बीच घनिष्ठ तालमेल और गहरे विश्वास को दशार्ती है।पीएम ने कहा,हम रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के मुद्दे पर लगातार संपर्क में हैं। जैसा कि मैंने पहले कहा, हमारा मानना ??है कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। इसके बाद पीएम ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से मुलाकात की। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच पेजेशकियन ने पश्चिम एशिया में शांति की आवश्यकता पर बल दिया तथा सभी पक्षों के साथ अपने अच्छे संबंधों के कारण संघर्ष को कम करने में भारत की भूमिका पर जोर दिया। साथियों बात अगर हम 22 सितंबर 2024 को ईरान व भारत की द्विपक्षीय वार्ता की करें तो, पीएम ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर ईरान के राष्ट्रपति से मुलाकात की। इस साल जुलाई में वें के ईरान के राष्ट्रपति बनने के बाद से दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री से भी मुलाकात की। उन्होंने चाबहार बंदरगाह, लोगों के बीच संपर्क, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों, गाजा की स्थिति, अफगानिस्तान में स्थिरता और सुरक्षा और यूक्रेन संघर्ष सहित कई विषयों पर चर्चा की।भारत और ईरान महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदारभारत और ईरान के बीच लंबे समय से सभ्यतागत संबंध हैं। ईरान भारत के विस्तारित पड़ोस में स्थित है और दोनों देशों के आर्थिक और सुरक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण समानताएं हैं। भारत और ईरान महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार हैं।भारतीय विदेश मंत्री ने जनवरी 2024 में ईरान का दौरा किया। सितंबर 2023 में ब्रिक्स में शामिल होने के बाद यह उनकी पहली ईरान यात्रा थी।इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती शत्रुता पर गंभीर रूप से चिंतित भारत ने इस महीने की शुरूआत में पश्चिम एशिया में सुरक्षा स्थिति के बढ़ने पर अपनी चिंता व्यक्त की थी और सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा का आह्वान दोहराया था। इस साल अप्रैल में एक बयान में भारत ने कहा था कि वह इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती शत्रुता पर गंभीर रूप से चिंतित है, जो क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है।इसने तत्काल तनाव कम करने, संयम बरतने,हिंसा से पीछे हटने औरकूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया। बैठक में पीएम मोदी और प्रेसिडेंट पेजेश्कियान के बीच कई मुद्दों पर बातचीत हुई और दोनों पक्षों ने इसे सार्थक चर्चा कहा है। साथियों बात अगर हम विशेष रूप से भारतीय पीएम और चीन के राष्ट्रपति की द्विपक्षीय वार्ता की करें तोपीएम बुधवार को रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान चीनी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक की,यह दोनों नेताओं के बीच पांच वर्षों में पहली औपचारिक मुलाकात थीकजान में मंगलवार शाम को एक प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव ने पुष्टि की कि यह बैठक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई, इस बैठक को लेकर यह उम्मीद की जा रही है कि यह दोनों देशों के बीच रिश्तों को सुदृढ़ करने और विभिन्न मुद्दों पर बातचीत करने का अवसर प्रदान करेगी।दोनों शीर्ष नेताओं की मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जबकि भारत ने सोमवार को घोषणा की कि दोनों देशों ने पूर्वी लद्दाख में अपने गतिरोध को सुलझाने के लिए एक समझौता किया है। विदेश सचिव ने कहा,पिछले कुछ हफ्तों में, भारतीय और चीनी कूटनीतिक तथा सैन्य वातार्कार विभिन्न मंचों पर आपस में निकट संपर्क में रहे हैं।इन चचाओं के परिणाम स्वरूप पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर पेट्रोलिंग व्यवस्थाओं के लिए एक समझौता किया गया है, जिससे सैनिकों की वापसी और 2020 में इन क्षेत्रों में उत्पन्न समस्याओं का समाधान होगायह समझौता पीएम के कजान जाने से पहले की गई घोषणा है, और इसे दोनों देशों के संबंधों को सामान्य करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। चीन ने भी पूर्वी लद्दाख में उसकी और भारत की सेनाओं के बीच गतिरोध समाप्त करने के लिए नई दिल्ली के साथ समझौता होने की मंगलवार को पुष्टि की,चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा भारत और चीन दोनों देशों की सीमा से संबंधित मुद्दों पर राजनयिक और सैन्य माध्यमों के जरिए निकट संपर्क में रहे हैं,उन्होंने कहा,अब दोनों पक्ष प्रासंगिक मामलों पर एक समाधान पर पहुंच गए हैं. जिसकी चीन बहुत सराहना करता है। जियान ने कहा कि चीन इन प्रस्तावों को लागू करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करेगा,हालांकि, उन्होंने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याएं काफी हद तक दूर होंगी। जीवनसाथी का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा। भाई व बहन भी आपकी तरक्की देखकर आपसे खुश रहेंगे। किसी नई प्रॉपर्टी में आप इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहेगा, लेकिन आपकी सेहत कुछ गड़बड़ रहेगी। आपको काम के साथ-साथ सेहत पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में आप लाभ उठाएंगे। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के जन समर्थन में इजाफा होगा। आपको किसी बड़े पद के मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके सहयोगी भी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आपको अपने बॉस की बातों को कार्यक्षेत्र में नजरअंदाज नहीं करना है। पिताजी की सेहत पर आपको पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने परिजनों के साथ कुछ मौज मस्ती भरे फल व्यतीत करेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप कामों को लेकर अधिक व्यस्त रहेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की कुछ समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपको अपने साथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने अनुभवों का लाभ उठाएंगे। आपको यदि कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी, तो आप उसे भी आसानी से निभाएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको उन्नति की राह पर आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और नौकरी में आपको अच्छी तरक्की देखने को मिल सकती है। आप किसी बेवजह की बात को लेकर परेशान रहेंगे, जो आपकी व्यर्थ की चिताओं को बढ़ाएगा। आपको अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि आप किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें भी आपको वाहन थोड़ा सावधान में कर चलाना होगा। किसी से यदि आपने धन उधार लिया था, तो वह आपको वापस करना पड़ सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी पद व प्रतिष्ठा बढेगी। आपको अपनी संतान की सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां रहेगी। आप किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए भी सोच विचार कर सकते हैं। किसी काम को लेकर यदि आप यात्रा पर जा रहे थे, तो वह आपके लिए लाभदायक रहेगी। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कामों को लेकर मेहनत अधिक करनी होगी। आपकी छवि और निखरेगी और परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आप अपनी सोच समझ से कामों को आसानी से पूरा कर पाएंगे। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आने से आप परेशान रहेंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए उत्तम रुप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय मिल बैठकर पारिवारिक समस्याओं का आसानी से दूर कर पाएंगे। आपके दोस्तों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपके खर्चों बढ़ने से आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। यदि आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिले, तो आप उसे आगे ना बढ़ाये विद्यार्थियों का मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आपको अपने पिताजी से मन की बात को कहने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। शेयर मार्केट में यदि आपने पहले धन का इन्वेस्टमेंट किया था, तो उससे आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपके कुछ खर्चों को भी आसानी से कर सकते हैं। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों के प्रयास सफल रहेंगे। विद्यार्थी किसी परीक्षा को देने के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं। आपको कानूनी कामों को किसी दूसरे के भरोसे नहीं छोड़ना है। धार्मिक कार्य में आपकी खूब रुचि रहेगी। आपकी कोई डील फाइनल हो सकती है।

धनु- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में कुछ नहीं जिम्मेदारी मिलने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे, लेकिन आपको उनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है। आपको अपने कामों को लेकर पूरा फोकस करना होगा। धर्म कर्म के कार्य में आपकी पूरी रुचि रहेगी। आर्थिक मामलों को आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। किसी नए काम की शुरूआत करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधा दूर होगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

मकर- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप अपनी आय को बढ़ाने के स्त्रोतों पर पूरा ध्यान देंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर रहेगी। आप अपने घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। परिवार के सदस्यों की जरुरतों पर पूरा ध्यान देंगे। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। कोई समस्या यदि आपको लंबे समय से घेरे हुए थी, तब वह भी दूर होती दिख रही है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है, नहीं तो आपके अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपका कोई कोर्ट कचहरी से संबंधित मामला सुलझ सकता है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। पारिवारिक समस्याओं को आप बैठकर दूर करें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। धार्मिक कार्य में आपकी खूब रुचि रहेगी। नौकरी को लेकर यदि आपको कोई समस्या चल रही है, तो आप किसी दूसरी जगह अप्लाई कर सकते हैं। आपका बिजनेस पहले से ग्रो करेगा, जो आपको खुशी देगा। किसी के सलाह आप सोच समझ कर मने, तो ही बेहतर रहने वाला है।

मीन- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आज आपकी सेहत में कुछ गड़बड़ हो सकती है। आपका मन आनंदमय रहेगा, क्योंकि आपको यदि कोई धन संबंधित समस्या थी, तो वह दूर होती दिख रही है। आपको यदि किसी बात को लेकर कोई टेंशन चल रही थी, तो उससे भी आपको काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। जीवनसाथी को आप कहीं पिकनिक आदि पर लेकर जा सकते है, जिसमें आपको अपने खर्चों पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपका कोई विरोधी आपके कामों में रोडा अटकाने की कोशिश करेगा।

भारत चीन सीमा विवाद :क्या भरोसा करने लायक है चीन?

मनोज कुमार अग्रवाल

भारत चीन के बीच सीमा पर पैट्रोलिंग को लेकर जो समझौता हुआ है वह सिर्फ एक तत्कालिक उपचार है इस को बड़ी उपलब्धि बतौर प्रचार करना धोखा होगा। बेशक अब उम्मीद जताई जा रही है किभारत और चीन के बीच अब पर गलवान जैसा टकराव अब नहीं होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्रिक्स समिट में जाने से पहले इस बड़ा कदम बताया जा रहा है। भारत और चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग के लिए सहमति होने से दोनों देशों के बीच सीमा विवाद सुलझ सकता है और टकराव में भी कमी आ सकती है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारतीय और चीनी सैनिक मई 2020 में सीमा पर गतिरोध शुरू होने से पहले की तरह गश्त फिर से शुरू कर सकेंगे। इससे पहले आज, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने घोषणा की कि भारत और चीन हिमालय में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर पहुंच गए हैं और इससे सैनिकों की वापसी और तनाव का समाधान हो सकता है।लेकिन सवाल फिर मौजूद है कि क्या भारत चीन की सहमति पर विश्वास कर सकता है? क्या चीन की पिछली हरकतें भरोसा करने लायक आधार देती है? शायद नहीं यही वजह है कि भारत को इस समझौते के बाबजूद पल पल जागरूक रहना होगा। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिक्स समिट में शिरकत से पहले भारत और चीन के बीच लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर भारत और चीन के बीच सीमा विवाद सुलझाने पर समहति एक बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है, क्योंकि पिछले करीब साढ़े चार सालों से पूर्वी लद्दाख में सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव का माहौल बना हुआ था। दोनों देशों के बीच सीमा पर शांति और यथास्थिति बनाए रखने को लेकर इन सालों में कई दौर की सैन्य अधिकारियों की बैठकें हो चुकी है, लेकिन चीन के अड़ियल और धूर्ततापूर्ण रवैये के कारण बात नहीं बन पा रही थी।।मगर अच्छी बात है कि पूर्वी लद्दाख में 52 महीनों से चल रहा सीमा तनाव सुलझ गया है। दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर चली कवायद के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त और सैन्य तनाव घटाने पर सहमति बन गई है। विदेश सचिव विक्रम मिली के अनुसार दी गई जानकारी के अनुसार दोनों ही देश 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हुई घटनाओं के बाद से सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर लगातार संपर्क में थे। डब्ल्यूएमसीसी और सैन्य कमांडर स्तर पर दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत हुई है। आखिरकार वार्ता की इन कवायदों के कारण कई मोर्चों पर टकराव और तनाव मिटाने में कामयाबी मिली है। हालांकि अभी भी असहमति के कुछ बिंदु बाकी हैं। देखा जाए तो चीन से सीमा विवाद पर यह सहमति पीएम मोदी की ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूस के शहर कजान के दौरे से एक दिन पहले आई है। इससे यह उम्मीद थोड़ी पक्की होती दिख रही है कि रूस के कजान शहर में मोदी जिनपिंग की मुलाकात सम्मेलन के इतर भी हो सकती है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं कि एलएसी पर गश्त को लेकर समझौते पर पहुंचना एक बड़ी कामयाबी है क्योंकि भारत और चीन के बीच 2020 से शुरू हुआ सीमा विवाद बेहद भयंकर रूप ले चुका है। ताजा समौझते से इससे सीमा पर तैनात सेनाओं की वापसी हो सकती है और तनाव कम हो सकता है। इस समझौते को क्षेत्र में शांति बहाली की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे दोनों देशों के बीच रिश्तों में जारी खटास कम हुई है, इसलिए मोदी और जिनपिंग के बीच मुलाकात की संभावना बनती दिख रही है। हालांकि बैठक को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों नेता नई व्यवस्था और सीमा विवाद को सुलझाने के अन्य राजनयिक प्रयासों पर चर्चा कर सकते हैं। भारत-चीन सीमा विवाद मई 2020 में चरम पर पहुंच गया था, जब एलएसी पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़पें हुई थीं। जून 2020 में गलवान घाटी में सबसे

गंभीर टकराव हुआ था। इस झड़प में 20 भारतीय सैनिक और 40 से अधिक चीनी सैनिक मारे गए थे या गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लद्दाख के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हुई यह घटना, दशकों में दो परमाणु हथियारों से लैस देशों के बीच सबसे गंभीर सैन्य टकराव थी। तब से, दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। हालांकि, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने अपने सैनिकों के बारे में कभी आधिकारिक आंकड़े नहीं जारी किए। गलवान झड़प ने दोनों देशों को एक बड़े सैन्य संघर्ष के कगार पर धकेल दिया था। गतिरोध ने न केवल उनके राजनयिक संबंधों को बल्कि आर्थिक संबंधों को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इसके बाद से भारत ने चीनी निवेशों की जांच कड़ी कर दी है और चीनी फर्मों से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं को रोक दिया है। दूसरी तरफ चीन के तरफ से भी अरुणाचल को लेकर हमेशा विवादास्पद बयान दिए जाते हैं। इसके साथ ही सीमा पर गांव बसाने लेकर तमाम ऐसी गतिविधियां चीन के तरफ से की गई है, जिसके कारण दोनों देशों के रिश्तो में खटास आयी है। इस सीमा संघर्ष ने राजनयिक संबंधों को बुरी तरह प्रभावित किया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर समझौतों का उम्बंधन करने और स्थिति को भड़काने का आरोप लगाया। दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को भी झटका लगा। भारत ने चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता को कम करने के लिए कदम उठाए। संघर्ष के बाद चीनी निवेश पर जांच कड़ी कर दी गई और कई चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया गया। हालांकि बीच-बीच में दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच बैठकों का सिलसिल चलता रहा और कई मुद्दों पर सहमति भी बनी, लेकिन सीमा पर तनाव कायम था, क्योंकि दोनों ही देशों के सैनिक पूर्वी लद्दाख में तैनात थे। ऐसे में एलएसी पर शांति और सामान्य स्थिति की बहाली को व्यापक द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने के लिए एक शर्त के रूप में देखा जाता है। भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र की रिपोर्टों के अनुसार, दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए हैं कि संबंधों को सामान्य करने के लिए एलएसी का सम्मान और शांति की बहाली जरूरी है। तथ्य यह है कि दोनों देशों ने धीमी प्रगति के बावजूद राजनयिक संवाद जारी रखा है, यह एक सकारात्मक संकेत है कि दोनों सीमा विवाद का दीर्घकालिक समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें अच्छी बात हो हो नहीं सकती है कि भारत और चीन के बीच सीमा पर शांति कायम रहे, क्योंकि पड़ोसी कभी भी बदले नहीं जा सकते हैं। हालांकि भारत और चीन के बीच जब भी रिश्ते खराब हुए हैं, तो इसका कारण चीन की विस्तारवादी और धूर्ततापूर्ण रवैया रहा है। पाकिस्तान से मिलकर वह हमेशा ही भारत के विरोध में साजिश रचने की कोशिश करता है। इसलिए ताजा समझौता एक सकारात्मक कदम तो है, लेकिन इसे जमीन पर लागू करने में काफी सावधानी बरतनी होगी। यह सुनिश्चित करने में दोनों पक्षों के सैन्य कमांडर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि वापसी सुचारू रूप से हो और तनाव फिर से न भड़के। अगर सही मायने में चीन को भारत के साथ रिश्तों में सुधार लाना है, तो उसको अपनी कुटिलतापूर्ण नीति में परिवर्तन लाना होगा। केवल दिखावे के लिए अथवा कूटनीतिक स्तर पर समन्वय का आदर्श पेश करने के बजाय जब तक वह व्यावहारिक धरातल पर भारत के मामले में विस्तारवादी नीतियों का त्याग नहीं करेगा, इसके सकारात्मक नतीजे निकलने मुश्किल बने रहेंगे। जरूरत है कि इसके लिए चीन अपनी विस्तारवादी नीति में परिवर्तन लाए। लेकन इन सबके बावजूद एलएसी पर समझौते से दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार की एक राह जरूर खुली है।देखना है कि चीन अपनी वचन बद्धता पर कितना खरा उतरता है?

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

सपनों के मैदान में झाड़ू की चुटकी

मोहल्ले के नुक्कड़ पर बच्चे जमा थे। मैदान की मिट्टी में किसी फुटबॉल से कम और किसी बेवजह की बहस से ज्यादा खेल हो रहा था। तभी बगल की पान की दुकान से एक सज्जन निकले, सफेद कुर्ता-पजामा, हाथ में पान और चेहरे पर एक ऐसी मुस्कान, जैसे अभी-अभी दुनिया को बचाने का कोई नया तरीका खोज लिया हो। बच्चों की तरफ बढ़ते हुए बोले, अरे भई, क्या खिचड़ी पक रही है? बच्चों ने थोड़ी देर उसे देखा, फिर एक ने जवाब दिया, कुछ नहीं चाचा, बस खेल रहे थे, अब बैठ गए आराम करने। चाचा ने पान की पीक को थूकते हुए कहा, अरे वाह, आराम! बड़ा काम किया है जैसे। तुम लोगों की उम्र में तो हम आराम की जगह मैदान को सुधारने के बारे में सोचते थे। एक बच्चा जो अब तक चुप बैठा था, बोला, हम भी यही सोच रहे हैं, चाचा। सोच रहे थे

एक नजर

जैन संघ, जैन समता युवा संघ ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

गीदम, 24 अक्टूबर। आचार्य श्री नानेश के 25 वीं स्मृति दिवस एवं आचार्य श्री रामेश के पदारोहण दिवस के उपलक्ष्य मे जैन समता युवा संघ के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन ओसवाल भवन गीदम में किया गया जिसमें जैन समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोगों ने भी इस रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ कर भाग लिया एवं इस आयोजन को सफल बनाया। इस शिविर में 41 यूनिट रक्तदान किया गया जिसमें महिलाओ ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ओसवाल जैन श्री संघ के अध्यक्ष विमल चंद सुराना ,मोहनलाल बुरड, मोतीलाल सालेचा, शांतिलाल सुराना , सुनील गोलछा , समता युवा संघ के पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल बुरड़ , सोनू बुरड़ , गौरव सुराना , समता युवा संघ के अध्यक्ष मदन लाल गोलछा उपाध्यक्ष विकास भंसाली , उत्तम बुरड़ महामंत्री राजेश सुराना सचिव रविश सुराना कोषाध्यक्ष नवरतन बुरड़ सदस्य ऋषभ सुराना रोहित बुरड़ पीयूष बुरड़ धीरज भंसाली के साथ साथ युवा महिलाएं बालिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । विशेष सहयोग जिला चिकित्सालय दंतेवाडा के स्टाफ डॉ राजकुमार शर्मा सचिन मसीह अर्जुन सिंह योगेश मरकाम वंदना कुमारी सीमा उरकुडे संगीता निषाद विनोद सौरी का भी प्राप्त हुआ ।

शिक्षक मोर्चा की मांगों का पिछड़ा वर्ग संघ ने किया समर्थन

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ ने शिक्षक मोर्चा के पांच सूत्रीय मांगो का खुलकर समर्थन दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षक मोर्चा के द्वारा 24 अक्टूबर को प्रान्त व्यापी एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया है। एलबी संवर्ग के प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना सहित वेतन विसंगति दूर करने, पूर्ण ओपीएस, पुनरीक्षित वेतनमान में सही वेतन निर्धारण, क्रमोन्नति समयमान वेतनमान की मांग तथा लंबित डीए को देय तिथि दे भुगतान करने आदि की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन क़र रहे है. संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा, प्रदेश महामंत्री राजेश चंद्राकर और प्रदेश प्रवक्ता एवं जिलाध्यक्ष जिला बस्तर तुलादास मानिकपुरी ने संयुक्त रूप से बयान जारी करते हुए 24 अक्टूबर को होने वाली एक दिवसीय धरना को कर्मचारी - शिक्षक हित को ध्यान में रखते हुए मांगो को समर्थन दिया है, साथ ही राज्य सरकार से मांगे शीघ्र पूर्ण करने की अपील की है।

एआईएसएफ ने छात्रों की समस्याओ को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

सुकमा, 24 अक्टूबर। सुकमा जिले के पोस्ट मैट्रिक, प्री मैट्रिक छात्रावासों मे स्वीकृत सीट के विरुद्ध अतिरिक्त लगभग 1700 से अधिक आदिवासी छात्र छात्राओ को हो सकती है परेशानी, स्वीकृत सीट से अतिरिक्त मे दूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रो के आवासीय सुविधा लेकर पढ़ाई कर रहे छात्रो को शिक्षा मे आ सकती है अड़चने,स्वीकृत सीट अनुसार ही बच्चो को छात्रावासो मे रहने का किया आदेश, जिले के तीनो ब्लॉको के छात्रावासों मे स्वीकृत सीट के अलावा 1700 से अधिक अतिरिक्त छात्र छात्राए छात्रावासो मे रहकर पढ़ाई कर रहे छात्रो को निकालने से जायेगें कहां।ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (ढ्ढस्न) ने सभी छात्रो यथावत रखकर भोजन सहायक, शिष्यवृत्ति प्रदान करने की मांग की, दूरदराज के अतिसंवेदनशील क्षेत्र के आदिवासी छात्रों को पढ़ाई से वंचित न हो, इस बात को लेकर एआईएसएफ गंभीर ।

सोनाबाल के विद्यार्थियों ने व्यावसायिक शिक्षा के तहत किया शैक्षणिक भ्रमण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कोंडागांव,24 अक्टूबर । विकासखंड कोंडागांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनाबाल के कक्षा नवमी से बारहवीं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत कृषि ट्रेड के विद्यार्थियों ने नेशनल स्किल डेवलपमेंट के तहत मृदा परीक्षण प्रयोगशाला एवं शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा में शैक्षणिक भ्रमण कर मृदा में उपस्थित विभिन्न पोषक तत्वों की कमी एवं नवीनतम उद्यानिकी तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर उद्यानिकी एवं कृषि के क्षेत्र में रोजगार प्राप्ति व कैरियर बनाने के लिए आवश्यक बिंदुओं के बारे में जानकारी प्राप्त किये । सभी विद्यार्थी इस प्रकार के प्रायोगिक जानकारी पाकर प्रसन्न हुए एवं शैक्षणिक भ्रमण को लेकर आगामी समय में भी आने की इच्छा जताई ।इस बीच मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी आर पुजारी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हितेंद्र बघेल लैब टेक्नीशियन निर्मल ठाकुर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एस. डी . पैकरा एवं उद्यानिकी विभाग के उद्यानिकी अधीक्षक लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव और सोनाबाल स्कूल के प्राचार्य श्री यजेंद्र नाथ मांझी व्यावसायिक प्रशिक्षक खेम कुमार पाण्डेय श्रीमती पूनम ठाकुर और अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में कार्य संपन्न हुआ।

6 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाय के कर्मचारी फिर करेंगे हड़ताल

सुकमा, 24 अक्टूबर। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले फिर से अपने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर दिनांक 12 नवंबर 2024 से 14 नवंबर 2024 तक बिलासपुर में हड़ताल पर रहेंगे उक्त 6 सूत्रीय मांगों में लंबित वेतन भुगतान सहित 1 तारीख को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान सुनिश्चित हो 2. नगरीय निकायों में प्लेसमेंट ठेका पद्धति शीघ्र ही समाप्त किया जाए 3. नगरीय निकायों में ओल्ड पेंशन योजना शीघ्र ही लागू किया जावे 4. नगरीय निकायों में मृतक कर्मचारी के परिवारो के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति शीघ्र ही प्रदान किया जावे 5. नगरीय निकायों में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को शीघ्र ही पदोन्नति किया जावे 6. छठवें एवं सातवें वेतनमान की एरियर राशि का भुगतान शीघ्र किया जावे। इस संबंध में माननीय अरुण साहू जी विभागीय मंत्री के द्वारा 26 एवम 27 सितंबर समीक्षा बैठक में 1 तारीख को वेतन भुगतान करने नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश देने के बावजूद भी नगरीय निकायो में आज की स्थिति में 1 तारीख को वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे नगरी निकाय के कर्मचारियों में रोष है। ज्ञात हो की समय पर वेतन की मांग को लेकर नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी संगठन ने तीन दिवसीय हड़ताल दो दिवस में संचालक नगरी प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया था।

5 ग्राम पंचायतों के 15 आश्रित गांवों के लोगों से मिले विधायक विक्रम मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 24 अक्टूबर। बुधवार को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी 5 ग्राम पंचायतों के 15 आश्रित गांवो के ग्रामीणों के बुलावे पर बीजापुर जिले के ग्राम उसपरी पहुँचे, इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी से ग्राम उसपरी में साप्ताहिक बाजार को पुनः प्रारंभ करने की मांग करते हुए कहा कि भैरमगढ़ ब्लॉक में भैरमगढ़ और कुटरू के बाद ग्राम उसपरी में तीसरा सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार लगता था जिसमें 5 ग्राम पंचायतों के 15 से अधिक आश्रित गांवो के लोग ग्राम उसपरी के साप्ताहिक बाजार से दैनिक उपयोग की सामग्री जैसे कपड़ा, बर्तन, राशन, किराना सामान और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं ख़रीदी करते थे लेकिन पुलिस प्रशासन ने उसपरी में लगने वाले साप्ताहिक बाजार को बंद कर दिया है, अब उसपरी क्षेत्र के ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के सामग्री की खरीदी के लिए लंबी दूरी तय करके भैरमगढ़ बाजार जाना पड़ता है, आवागमन का साधन भी नहीं होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिए उसपरी में बंद कराये गए साप्ताहिक बाजार को पुनः प्रारंभ कराया जाये। ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी को यह भी बताया कि नारायणपुर जिले के अबूजमाड़ इलाके के लोग भी उसपरी के साप्ताहिक बाजार से सामान ख़रीदने आते थे। इसके साथ ही ग्रामीणों ने विधायक विक्रम मंडावी से क्षेत्र के विभिन्न मूलभूत समस्याओं से अवगत कराते हुए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग भी की है। विधायक विक्रम मंडावी ने ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि ग्रामीणों के मांग के अनुरूप प्रशासन ग्राम उसपरी में बंद हुए साप्ताहिक बाजार को तत्काल प्रारंभ कराए जिससे कि ग्रामीणों को राहत मिल सके। विधायक विक्रम मंडावी ने यह भी कहा कि सरकारें बनती है स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र और साप्ताहिक बाजारें खुलें जिससे कि आम लोगों को बिना किसी परेशानी के सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें लेकिन जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से भाजपा की सरकार स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र और साप्ताहिक बाजार खोलने के बजाय बंद करने का काम कर रही है जो कि चिंताजनक है। विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार से मांग करते हुए कहा कि ग्रामीणों की मांग के अनुरूप तत्काल ग्राम उसपरी में साप्ताहिक बाजार प्रारंभ किया जाए।

सिकलिंग व थैलेसीमिया मरीजों के लिए निशुल्क कार्यशाला 3 नवंबर को

सुकमा,24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में पहली बार सिकलिंग व थैलेसीमिया मरीजो के लिए निःशुल्क HLA टेस्ट कैम्प का आयोजन DkMS bmst जर्मनी लैब द्वारा किया जा रहा है इस एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ तीन नवम्बर को रक्तक्रान्ति सेवा संस्थान व समर्पित सेवा संस्था द्वारा आयोजित किया जाना है कार्यशाला का नेतृत्व डाक्टर सुनील भट्ट बैंगलोर से यहां आकर करेंगे वही ॥ऱ्व सिकल सेल जांच हेतु सैंपल सुकमा रक्तक्रान्ति सेवा संस्थान के तत्वाधान में निशुल्क एचएलए जांच व सिकल सेल थैलेसीमिया हेतु जागरूकता शिविर, आयोजित किया जाना है डाक्टर सुनील भट्ट व उनकी विशेषज्ञ टीम , काश फाउंडेशन कोई अपना सा हो रायपुर की उपस्थिति मे सुकमा द्वारा निःशुल्क चेकअप किया जायेगा। सुकमा में सिकलसेल एवं थैले सीमिया की फ्री चेक अप पहली बार होने जा रहा इस विषय मे जसराज जैन रक्तमित्र रक्तक्रान्ति सेवा संस्थान द्वारा बताया गया की दूर दूर से आए सभी परिवारों की समस्याओं का समाधान व मिथकों को दूर करना हमारा लक्ष्य है समाज के जीवनशैली मे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना व अपना स्वास्थ्य लाभ के लिए अच्छी से अच्छी, दवाई के बारे में बताना है, हमे विश्वास है की सुकमा मे ज्यादा से ज्यादा लोग कार्य शाला में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेंगे उन्होंने समाज के प्रबुद्ध जनो से आव्हान किया की आप सभी जन-मानस से कर बद्?ध निवेदन है कि शिविर की सूचना अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की कृपा करें !साथ ही स्वेच्छानुसार आर्थिक सहयोग प्रदाय कर पुनीत कार्य का हिस्सा बन पुण्य लाभ लेवें। समाज मे स्वास्थ्य समाज का निर्माण करेंगे।

कलेक्टर ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर भवन का निरीक्षण और सुधार के दिए निर्देश

सुकमा,24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को सुकमा में नवीन सखी वन स्टॉप सेंटर भवन निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए और सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवॉल निर्माण में आवश्यक सुधार किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि भवन में सभी आवश्यक सुधार एक माह के भीतर सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही सखी वन स्टॉप सेंटर का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मिनी स्टेडियम के पास संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर स्टॉफ की उपस्थिति एवं वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली और शौचालय मरम्मत करने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। नशा मुक्ति केंद्र के लिए भवन चिन्हांकन-जिला मुख्यालय में नशा मुक्ति केंद्र के संचालन हेतु कलेक्टर श्री ध्रुव ने जनपद पंचायत सुकमा में चिन्हांकित भवन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। तब तक नशा मुक्ति केंद्र के संचालन हेतु भवन पृथक से चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र की आवश्यकता और इसके प्रभावी संचालन पर जोर दिया, ताकि सुकमा क्षेत्र में नशे की समस्या को कम किया जा सके।

किसानों के साथ चर्चा और सामूहिक खेती पर जोर-कलेक्टर श्री ध्रुव ने जिला मुख्यालय सुकमा में लैम्पस मस्तानपारा में किसानों के साथ बैठक की और समिति में सदस्यता लेने की प्रक्रिया सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों की खेती करने के लिए प्रेरित करें। सामूहिक खेती के लिए आवश्यक फैसिंग जैसी सुविधाओं की जरूरत और खरीफ फसल के विक्रय पर भी बातचीत हुई। कलेक्टर ने किसानों को जैविक खेती अपनाने की सलाह दी। ग्राम पंचायत गोंगला में गिरदावरी का निरीक्षण कलेक्टर ने ग्राम पंचायत गोंगला में गिरदावरी का निरीक्षण किया और धान की फसल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से रोपा और छिड़काव पद्धति से धान की खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की और गिरदावरी में सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।बालक आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन बुड़दी का औचक निरीक्षण-कलेक्टर श्री ध्रुव ने बालक आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन बुड़दी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की जानकारी और भोजन व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में पानी निकासी की समस्या को हल करने के निर्देश दिए और किचन गार्डन की स्थापना पर जोर दिया। साथ ही बच्चों की यूनिफॉर्म, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

बीसीसीआई की अंडर -15 बोर्ड ट्रॉफी में खेलेगी अबूझमाड़ की बेटी मोनिका कुमेटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नारायणपुर, 24 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित वुमन अण्डर 15 की बोर्ड ट्रॉफ़ी आयोजित करती है जिसमे बीसीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य की टीमे हिस्सा लेती है जो 21 नवम्बर से ग्वालियर में होना है जिसके लिये छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ में अपने 15 खिलाड़ियो की सूची जारी कर दी है उस 15 खिलाड़ियों की सूची में पूरे बस्तर से एक मात्र खिलाड़ी का चयन हुआ है जो मोनिका कुमेटी पिता सुखदेव कुमेटी हैं ,नक्सल प्रभावित ज़िले नारायणपुर से आती है मोनिका ने क्रिकेट की शुरुआत 4 साल पहले प्रशिक्षक पुष्पेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में , की थी जब वह महज़ 9 साल की थी कुछ सालो की कड़ी मेहनत और परिश्रम से मोनिका ने स्टेट बोर्ड टीम में जगह बनाई है टीम ने वो एक ऑलराउंडर की भूमिका में रहेंगे सिलेक्शन मैच और ट्रेनिंग कैम्प में मोनिका ने अपने खेल से सभी चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ़ खींचा और परिणामस्वरूप मोनिका को छत्तीसगढ़ टीम का हिस्सा बनने का अवसर मिला यह चयन अत्यधिक महत्वपूर्ण इसलिए भी हो जाता है क्यों की मोनिका अभी मात्र 14 साल की है और उनके पास पूरा समय है कि वह अपने क्रिकेट कैरियर को लंबा ले जा सके इन मैचेस में अच्छा प्रदर्शन कर उच्चतम लेवल के चयनकर्ताओं को अपने प्रदर्शन से अवगत करवा सके जिससे भविष्य में भारतीय क्रिकेट टीम में पहुँचने तक का सपना। देखा जा सके वर्तमान में मोनिका छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सानिध्य में ट्रॉफ़ी के लिए तैयारियो में जुटी हुई है मोनिका के चयन से नारायणपुर को ही नहीं बल्कि पूरे बस्तर की महिला खिलाडियो को प्रेरणा मिलेगी कि वह भी अपना भविष्य क्रिकेट जैसे खेल में बना सकती है मोनिका एक उदाहरण है कि कड़ी परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है मोनिका के चयन से नारायणपुर वासी में काफ़ी उत्साह है मोनिका और उनके प्रशिक्षक पुष्पेन्द्र शर्मा को ज़िला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों अशोक उसेंडी,कमलजीत आहूजा एवं सुनील सिंह राठौर ने बधाई व आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी

शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

बीजापुर 24 अक्टूबर । शासकीय उचित मूल्य दुकान क्रमांक 612005011 जिसका संचालन ग्राम पंचायत धनोरा के द्वारा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत धनोरा के सरंपच-सचिव द्वारा उचित मूल्य दुकान संचालन में असमर्थता पाये जाने के कारण ग्राम पंचायत धनोरा को आबंटित शासकीय उचित मूल्य दुकान को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत पापनपाल में आगामी आदेश पर्यन्त तक संलग्न किया गया है एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान धनोरा के संचालन हेतु इच्छुक संस्था/एजेंसी तथा वृहताकार आदिमजाति बहुउददेशीय सहकारी समितियां, महिला स्व सहायता समूह एवं अन्य सहकारी समितियों से आवेदन 5 नवम्बर 2024 कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

भारत की आजादी में जनजातीय समाज का महत्वपूर्ण योगदान:हूंगाराम मरकाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 24 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदाय और उनके परंपराओं के ऐतिहासिक सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को सम्मानित करने हेतु एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन शासकीय शहीद बापूराव महाविद्यालय सुकमा मे संपन्न हुआ कार्यक्रम का उद्देश्य जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास संस्कृति कला और अन्य क्षेत्रों में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करना था मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष हूंगाराम मरकाम ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई मुख्य वक्ता भाजपा नेता हूंगाराम मरकाम ने जनजाति नायकों के योगदान पर प्रकाश डाला साथ ही महान वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वी जयंती के अवसर पर महिलाओं की भूमिका को भी विशेष रूप से रेखाकित किया गया है अतिथियों का स्वागत शहीद बापू राव महाविद्यालय सुकमा ने किया इस अवसर पर कई अधिकारी कर्मचारी छात्र छात्राये और महाविद्यालय शिक्षण संस्थानों के प्रमुख उपस्थित रहे भाजपा नेता हूंगा मरकाम ने जनजाति समाज के विभूतियां सहित संपूर्ण जनजाति समाज के लोगों का देश व समाज के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला जनजाति समाज का गौरवशाली इतिहास कार्यक्रम मे वक्ताओं ने वीर बिरसा मुंडा वीरांगना रानी दुर्गावती शहीद वीर नारायण सिंह एवं शहीद गेंदसिंह आदि आदिवासी समाज के महापुरुषों एवं अमर शहीदों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी वीरता एवं योगदान को अनुपम एवं आदित्य बताया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता हूँगाराम मरकाम ने कहां है कि जनजाति समाज सीधा सरल शांत एवं मेहनतकश समाज है जब भी देश व समाज के सामने चुनौती आई है जनजाति समाज के लोगों ने अपना सर्वत्र निछावर कर उसका डटकर मुकाबला किया है उन्होंने कहा कि हमारा मौजूदा केंद्र एवं राज्य सरकार आदिवासी समाज के विकास तथा उनके पुराने गौरव एवं विरासत को अक्षुण् बनाए रखने हेतु संकल्पित है भाजपा नेता ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के फल स्वरुप जनजाति समाज के लोगों में निरंतर सुधार एवं आमूलचूल परिवर्तन हो रहा है आदिवासी समाज के अमर शहीदों एवं विभूतियों के स्वतंत्रता आंदोलन तथा राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने नहीं पीढ़ी को इन अमर शहीदों एवं विभूतियों के आदर्शों से प्रेरणा लेने को कहा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि जब हम आदिवासी समाज का राष्ट्रीय एवं समाज के प्रति योगदान एवं उनकी गौरवशाली विरासत की बात करते हैं तो हमें एक उज्जवल साधना याद आती है जब क्रियाशील एवं कालजयी जनजाति आंदोलन में चाहे वह साम्राज्य साहित्य तोपों के प्रतिपक्ष में हो या फिर अंग्रेजों के जुल्मों सितम की प्रतिकार की बात हो दुनिया के इतिहास के सामने अनुपम एवं आदित्य उदाहरण पेश किया था उन्होंने आदिवासी समाज की गौरवशाली विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहां की हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है की आदिवासियों की संस्कृति विश्व की समस्त संस्कृति की जननी है उन्होंने कहा कि प्रख्यात भाषाविद डॉक्टर गिर्यशन ने कहा है कि आदिवासी समाज के प्रमुख भाषा गोंडी संस्कृति के अलावा दक्षिण भारत के प्रमुख तीन भाषा तमिल तेलुगू एवं कन्नड़ की भी जननी है इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल व समस्त प्रोफेसर सहित भाजपा कार्यकर्ता छात्र छात्राये उपस्थित थे ।

नोडल अधिकारी आवास निर्माण कार्यों की नियमित करें निगरानी :सीईओ

सुकमा,24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने वर्ष 2024-25 के तहत स्वीकृत आवासों और पूर्व में स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जैन ने कहा कि सभी आवासों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना प्राथमिकता है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लाभार्थियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने और किसी भी प्रकार की देरी से बचने के लिए समुचित योजना बनाकर कार्य करने पर जोर दिया।बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यान्वयन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई, साथ ही आवासों की गुणवत्ता और वितरण प्रक्रिया को भी सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान नोडल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

5 प्रकरणों में 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

सुकमा,24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अर्न्तगत सर्पदंश से मृत्यु के दो प्रकरणों में मृतिका अंजली वेड़जा के निकटतम वारिस उनके पिता श्री बुधू वेड़जा निवासी ग्राम मुरकीनार, मृतक रामा उरसा के निकटतम वारिस उनके पुत्र श्री पाकलू उरसा, निवासी बीजापुर को प्रत्येक को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। इसी तरह पानी में डुबने से मृत्यु के तीन प्रकरण में मृतिका निशी वाचम के निकटतम वारिस उनके पिता श्री बलराम वाचम निवासी ग्राम पोनोड़वाया बीजापुर, मृतक आनंद कुमार माड़वी के निकटतम वारिस उनके पिता श्री जीरा माड़वी निवासी ग्राम कोमपल्ली एवं मृतिका पूनम तेलम के निकटतम वारिस उनके पिता श्री कमलू तेलम निवासी ग्राम पोंजेर को 4-4 लाख रूपए कुल 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

जिला जेल में किया गया शिविर का आयोजन

कांकेर 24 अक्टूबर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अक्टूबर 2024 हेतु निर्धारित विषय ÷स्पेशल फोकस ऑन अंडरट्रायल प्रिजनर्स÷ के संबंध में आज जिला जेल कांकेर में शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री भास्कर मिश्र द्वारा जिला जेल कांकेर में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान उन्होंने बंदियों की समस्याएं और उनकी शिकायतों को सुना। जिन बंदियों के पास वकील नहीं था, उन्हें निःशुल्क वकील उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बंदियों की समस्याओं को सुन उन्हें न्यायिक सहायता प्रदान करना है।

जल जीवन मिशन का काम अधूरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 24 अक्टूबर। पंचायत नीलावरम में लोक यांत्रिकी विभाग से संचालित जल-जीवन मिशन के तहत पाईप लाईन विस्तार किया गया है। यह कार्य वर्तमान में आधा-अधूरा है। ग्राम पंचायत नीलावरम अंतर्गत टुरकापारा चिचोरगुड़ा एवं कोननगुड़ा चारों जगह की पाईप लाईन का कार्य आधा-अधूरा है। ठेकेदार के कार्यों से ग्रामवासी संतुष्ट नहीं है। ग्राम सभा में ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई है कि पाईप लाईन का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। कहीं पानी आ रहा है तो कही पानी आना बंद है। यहां तक कि टुरकापारा के पाईप लाईन में पुराने सोलर लाईट को जोड़ दिया गया है तो पुरानी पाईप लाईन से भी पानी आना बंद हो गया है।

नीलावरम में बिजली की समस्या

सुकमा, 24 अक्टूबर। ग्राम पंचायत नीलावरम में बिजली रहती ही नहीं है। एक या दो दिन के बाद लाईट बंद हो जाती है। लाईट का ठिकाना नहीं है। संभवतः ट्रांसफार्मर पुराने होने के कारण बिजली की समस्या बनी हुई है। बरसों पुराने ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाया जाना आवश्यक है। बिजली की समस्या से ग्रामवासी काफी परेशान है। यह जानकारी सरपंच सोमडी, वेट्टी देवाराम, हुंगा, बुधरा, देवा, शंकर कवासी ने दी है।

एक नजर

भांचा ने अपने मूक बधिर मामा को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

पत्थलगांव, 24 अक्टूबर। ग्रामीण अंचल से एक बार फिर रिश्तो को शर्मसार करने वाली घटना सामने आयी है। रिश्ते के भांजे ने शराब के नशे मे अपने मुकबधिर मामा पर ज्वलनशिल प्रदार्थ छिडक कर आग लगा दी,जिससे रिश्ते का मामा बुरी कदर झुलस गया,उसे पत्थलगांव के सिविल हॉस्पिटल मे भर्ती कराया गया,परंतु स्थिती नाजुक होने के कारण रायपुर मेकाहारा रिफर कर दिया गया,परंतु वहा भी मुकबधिर युवक की जान नही बचायी जा सकी। अंततः उसने मंगलवार की दोपहर प्राण त्याग दिये। दिल दहला देने वाली यह घटना बुढाडांड के बंगलापारा की है,जहा रहने वाला मुकबधिर युवक प्रेमसाय राठिया उम्र 24 वर्ष पास के ग्राम गाला मे दिन गुरूवार की रात नुक्कड नाटक देखने अपने रिश्ते का भांजा पुरषोत्तम राठिया के साथ आया हुआ था,नाटक देखने के बाद दोनो ने ही वहा शराब का सेवन किया,मृतक प्रेमसाय राठिया ने शराब का सेवन अत्यधिक कर लिया,जिससे उसकी हालत चलने के लायक नही बची थी,इस बात से आरोपी पुरषोत्तम राठिया को काफी क्रोध आ गया,उसने नशे की हालत मे कई बार अपने मामा को उठाना चाहा,परंतु वह जिस जगह पर सोया था वहा से वह उठ नही पाया,जिससे क्रोधित होकर आरोपी पुरषोत्तम राठिया ने अपने मुकबधिर मामा प्रेम साय पर ज्वलनशिल प्रदार्थ का छिडकाव कर आग लगा दी,इस घटना मे प्रेमसाय राठिया बुरी कदर झुलस गया,उसके शरीर के बहुत से महत्वपूर्ण अंग आग मे झुलस गये,घटना को देखने के बाद मृतक का भाई प्रकाश राठिया एवं अन्य ग्रामीणो ने उसे यहा के सिविल हॉस्पिटल मे भर्ती कराया,परंतु प्रेमसाय राठिया की हालत काफी नाजुक बनी हुयी थी,उसे रायपुर रिफर किया गया,मंगलवार को रायपुर मे उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध करते हुये आरोपी पर अनेक अपराधिक धारायें कायम की है।

अवैध उर्वरक भंडारण, प्रतीक अग्रवाल पर लगाया गया 50 हजार रुपये का जुर्माना

रायगढ़, 24 अक्टूबर। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में अवैध उर्वरक के बिक्री एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु कृषि विभाग को निर्देशित किया है। उक्त निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा विकासखण्ड तमनार के ग्राम-धौराभांठा के दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जहां व्यापारी प्रतीक अग्रवाल द्वारा 100 बोरी बिना अनुज्ञप्ति प्रमाण पत्र के उर्वरक भंडारण पाया गया। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने न्यायालयीन प्रकरण में उर्वरक का भंडारण कर उर्वरक नियंत्रण एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के उल्लंघन पाये जाने पर कार्यवाही करते हुए प्रतीक अग्रवाल पर 50 हजार रुपये का जुर्माने के साथ ही जब्तशुदा उर्वरक के संबंध में संबंधित अधिकारी को थाना में रिपोर्ट कराने हेतु निर्देशित किया है।कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षक एवं कृषि विकास अधिकारी श्री नृपराज डनसेना एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री धर्नुजय प्रसाद साहू एवं श्री अनिल भगत द्वारा विकासखण्ड तमनार के ग्राम-धौराभांठा के दुकानों का औचक निरीक्षण के दौरान प्रतीक अग्रवाल आ.विजय अग्रवाल के किराना दुकान एवं गोदाम में डीएपी, यूरिया, एसएसपी, एमओपी सहित अन्य 100 बोरी अवैध उर्वरक पाए गए। प्रतीक अग्रवाल द्वारा अवैध उर्वरक व्यापार को छुपाने का प्रयत्न किया जा रहा था। गोदाम का निरीक्षण कर प्रारंभिक जांच में बिना लाईसेंस के उर्वरक व्यापार करते पाये जाने पर गोदाम को सील बंद किया गया। जांच के दौरान व्यापारी द्वारा 100 बोरी उर्वरक भंडारण के संबंध में कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। साथ ही न्यायालय को गुमराह करने की कोशिश की गई। व्यापारी प्रतीक अग्रवाल द्वारा अपने किराना दुकान की गोदाम में आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से अधिक उर्वरक का भंडारण कर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के खण्ड 7 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 का उल्लंघन किया गया है जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7 के अनुसार दण्डनीय है एवं जप्त उर्वरक को आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 6 क 2 के अनुसार निपटान किए जाने योग्य पाया गया। कलेक्टर श्री गोयल ने आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा के तहत कार्यवाही करते हुए 50 हजार रुपये जुर्माना अधिरोपित किया है।

जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर अंताक्षरी में रायगढ़ जिला प्रथम

रायगढ़, 24 अक्टूबर। राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस जंबूरी 2024 का आयोजन भारतीय विश्वविद्यालय पुलगांव, दुर्ग में 18 से 22 अक्टूबर 2024 तक आवासीय प्रशिक्षण एवं सद्भावना शिविर आयोजित हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 33 जिलों के जूनियर रेडक्रॉस के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पांच दिवसीय आवासीय शिविर में विभिन्न गतिविधियां रंगोली, क्विज (प्रश्नोत्तरी), लोकनृत्य, झांकी प्रदर्शनी, लोकगीत, हस्तकला, पेटिंग, मार्चपास्ट, गणवेश, फर्स्ट एड प्रदर्शन, हस्तकला, पेटिंग, फिजिकल डिस्प्ले, अंताक्षरी प्रतियोगिता, फूड जंक्शन (व्यजनों की प्रदर्शनी) आयोजित हुई। जिसमें रायगढ़ की टीम ने सभी में भाग लेते हुए अंताक्षरी प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर रायगढ़ जिले का मान बढ़ाया है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के दिये गये निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.राव, डीएमसी नरेंद्र चौधरी, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, आलोक स्वर्णकार के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले से बालक पुसौर, रेंगालपाली, कोंडपाली, गोर्रा, छिछोरउमरिया के 18 बालक और 08 बालिकाएं एक पुरुष काउंसलर कुलमणि महानदिया एक महिला काउंसलर डॉ कुमुदिनी भोई, सहयोगी शिक्षक सुमित शर्मा दल प्रभारी व्याख्याता बीर सिंह के नेतृत्व में रायगढ़ टीम दुर्ग के लिये रवाना हुई थी। प्रशिक्षण में रेडक्रॉस का इतिहास, जूनियर रेडक्रॉस का उदय, रेडक्रॉस एवं जूनियर रेडक्रॉस का मौलिक सिद्धांत, जिनेवा कन्वेन्शन एक्ट, रेडक्रॉस प्रतीक चिन्ह एवं रेडक्रॉस को नोबल प्राईज पर व्याख्यान, जूनियर्स एवं काउंसलर्स के कार्य व दायित्व, फर्स्ट एड प्रशिक्षण, आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण विभिन्न विषयों पर कार्यशाला का प्रशिक्षण दिया गया ।

पहाड़ों पर बसा गहनंदर गांव जल जीवन मिशन से जुड़ा, घर-घर पहुंचा नल-जल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 24 अक्टूबर। गरियाबंद अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे बारूका से लगभग 11 कि.मी. जंगली रास्ते से पहाड़ी के ऊपर आश्रित ग्राम गहन्दर बसा हुआ है। सर्वाधिक पिछड़ी जनजाति के लोगों के घर नल जल योजना पहुंच गया है और यह उसका भरपूर उपयोग कर रहे हैं अब इन्हें नदी नाले या झरिया खोद कर पानी नहीं पीना पड़ रहा है घर एवं घरों के बाहर ही नालों की टोटियों से पानी बहने लगा है ।पहाड़ी में बसे होने के कारण चट्टानी और पथरीली रास्तों से होकर वहां जाना पड़ता है। इस क्षेत्र में अक्सर हाथी, हिरण एवं कई अन्य जंगली जीव भ्रमण करते पाये जाते हैं। ऐसे दुर्गम स्थल में बसे गांव में भी शासन की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल कनेक्शन पहुंचाया जा रहा है। लोगों के घरों में नल के माध्यम से पीने का पानी मिल रहा है। इससे लोगों को काफी सहूलियत हो रही है। इससे पहले ग्रामीण पानी के लिए मौसमी नाला एवं झरना पर निर्भर रहते थे। कई बार मटमैला पानी को कई परत छानकर उपयोगी बनाकर पीने योग्य बनाते थे। हालांकि प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के लिए कुछ दूरी पर एक हैण्डपंप लगाया गया था। जिससे पानी का उपयोग ग्रामीण करते थे।

विकट प्राकृतिक दशाओं के कारण गहन्दर में विद्युत की सुविधा नहीं पहुंच पाने के कारण जल जीवन मिशन के द्वारा सोलर स्थित नल जल योजना के तहत् हर घर में नल के साथ स्वच्छ जल पहुंचाया जा रहा है। ग्राम में 11 परिवार लगभग निवास करते हैं। यह आश्रित ग्राम में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति निवासरत है। इनका मुख्य आय स्त्रोत वनोपज संग्रहण है। यह ग्राम हर घर जल 18 अक्टुबर 2024 को सरपंच छत्रपाल कुंजाम द्वारा घोषित किया गया है। सरपंच ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि ग्रामीण पहले बहुत तकलीफ से जुझ कर नाला से पानी लाया करते थे। यह परिश्रम उनके रोजाना जीवन का एक हिस्सा बन गया था। शासन प्रशासन द्वारा उठाए गए जनकल्याणकारी कदम से आज गांव में हर घर नल कनेक्शन दिया गया जा चुका है। जिससे लोग लाभांवित हो रहे है।उन्होंने शासन प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं को सुलझाने गंभीरता पूर्वक काम किया गया। जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। गांव की रहने वाली संत कुमारी एवं जंयती बाई के घर नल लगने के बाद पहले जो सब्जी भाजी के लिए अतिरिक्त मेहनत एवं श्रम कर दूर ग्राम से लेकर आते थे, अब वे बचत पानी का सदुपयोग करते हुए अपने अपने घरों पर ही सब्जी भाजी का उत्पादन कर उपभोग कर रहे हैं। इससे महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य में वृद्धि हुई है।

शिविर में कई गांवों के लोग पहुंचे अपनी समस्याएं लेकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 24 अक्टूबर। जिले के आमदी द में जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर विशेष रूप से जिलाधीश दीपक अग्रवाल जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के साथ ही जिला के समस्त अधिकारी शिविर में पहुंचे हुए थे। शिविर की घोषणा पूर्व में हो जाने के चलते आसपास के लगभग 40 से 50 गांव के लोग शिविर का लाभ उठाने के लिए अपनी विभिन्न समस्या मांग वह अन्य दिक्कतो को लेकर जिलाधीश से मिलने पहुंचे हैं ।दरसल जिलाधीश का इस गांव में पहली बार पहुंचे है जिसके चलते लोगों को उम्मीद है कि उनकी समस्याओं का तात्पर्यता से निराकरण किया जाएगा । लोग अपनी समस्या व मांग पत्र आवेदन संबंधित विभागों में जमा कर रहे हैं विभागों में जमा करने के उपरांत जिलाधीश एक-एक आवेदनों को पढ़ते जा रहे हैं और पढ़कर के संबंधित आवेदक को अपने सामने बुलाकर उनकी दिक्कत वह परेशानियों को सुन समझ कर संबंधित विभागों को निर्देश देते जा रहे हैं विभाग के अधिकारी भी यथा संभव हल करने की बात कह रहे हैं ।महत्वपूर्ण बात यह है कि अब देखना यह होगा कि इन समस्याओं का समाधान कब तक होता है शिविर में विभिन्न तरह के स्टाल लगाए गए हैं जहां पर सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सकें संबंधित विभाग के अधिकारी उन्हें विभिन्न योजनाओं की समुचित जानकारी दे रहे हैं और ग्रामीणों के संशय को दूर करने का भी प्रयास कर रहे हैं इस अवसर पर बुधराम कमार से चर्चा करने पर वे कहते हैं वह पहले भी गरियाबंद जा चुका हैं और आवेदन किन्तू आवेदन नहीं दिया हैं किंतु यहां आवेदन इसलिए दे रहे हैं कि उन्हें उम्मीद है कि उनके क्षेत्र में शिविर लगने के कारण समस्याओं का तत्परता से हाल होगा। शिविर में विशेष रूप से वन पट्टा, गली मरम्मत, कंक्रिटीकरण स्कूल भवन, अतिरिक्त कक्ष, शौचालय, पी,एम आवास, विद्युत लगाने खेतों में मोटर पंप लगाने के साथ ही विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन दे रहे हैं कुछ गांव से शिक्षकों की कमी को लेकर भी आवेदन दिए गए हैं जिनका जिनका भी जल्द निराकरण करने की बात जिला स्तर के अधिकारी कर रहे हैं किंतु शिक्षकों के कमी के चलते इन पर निराकरण हो पाएगा यह संभव नहीं लगता।

चावल जमा नहीं करने पर मेसर्स कंसल उद्योग के 6.50 करोड़ से अधिक की बैंक गारंटी राजसात

रायगढ़, 24 अक्टूबर। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन पर मेसर्स कंसल उद्योग ग्राम-सांगीतराई की जांच की गई। जांच में पाया गया कि संबंधित राईस मिल द्वारा धान का उठाव तो किया गया था लेकिन उठाव के विरूद्ध कम चावल जमा किया गया। इस मामले में राईस मिल को दो बार कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, लेकिन मेसर्स कंसल उद्योग के संचालक द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। इससे शासन को 6.50 करोड़ रूपये से अधिक की आर्थिक क्षति हुई है। कलेक्टर श्री गोयल ने आर्थिक क्षति को देखते हुए खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मेसर्स कंसल उद्योग द्वारा कस्टम मिलिंग हेतु किये गये अनुबंध में जमा किये गये बैंक गारंटी में से 6.50 करोड़ रूपये से अधिक की वसूली योग्य राशि को राजसात करने हेतु जिला विपणन अधिकारी रायगढ़ को आदेशित किया है।

खाद्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में पंजीकृत राईस मिल मेसर्स कंसल उद्योग, ग्राम सांगीतराई रायगढ़ पंजीयन क्रमांक एमए 418848 भारतीय खाद्य निगम में चावल जमा में रूचि नहीं लिए जाने के कारण राईस मिल का भौतिक सत्यापन दिनांक 25 अगस्त 2024 को कराया गया जिसमें अनुबंध क्रमांक एसी 012024410257 में 27948.40 क्विंटल धान का उठाव किया गया है, जिसका जमा किये जाने योग्य 18912.68 क्विंटल चावल के विरूद्ध 4049.104 क्विंटल चावल जमा किया गया है। इस प्रकार अरवा एफ.सी.आई.अनुबंध में 14863.58 क्विंटल चावल जमा होना शेष पाया गया जिसका अनुपातिक धान 22184.00 क्विंटल उपलब्ध होना चाहिए था, किन्तु भौतिक सत्यापन में 1200.00 क्विंटल धान पाया गया। इस प्रकार भौतिक सत्यापन में 20984.00 क्विंटल धान कम पाया गया तथा जमा हेतु शेष चावल की मात्रा भी नहीं होना पाया गया।

शासन द्वारा धान खरीदी में भुगतान किए गए 3100 रूपये प्रति क्विंटल धान की राशि के आधार पर उक्त राईस मिल में कम पाए गए धान की कुल राशि 6 करोड़ 50 लाख 50 हजार 400 रूपये लेना है। प्रकरण में अनावेदक को 3 सितम्बर 2024 एवं 14 अक्टूबर 2024 को कारण बताओ नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने हेतु युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया गया। परंतु मेसर्स कंसल उद्योग के संचालक द्वारा कोई जवाब प्रेषित नहीं किया गया है।

10 वीं एवं 12 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांगों की सूची जारी

रायगढ़, 24 अक्टूबर। क्षितिज अपार संभावनाएं योजनान्तर्गत जिले के माध्यमिक/ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र तथा छात्राओं को क्रमशः 2 हजार एवं 5 हजार रुपये एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदाए किए जाने का प्रावधान है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्राप्त कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की प्रावीण्य सूची में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों की सूची जारी की गई है। जिसमें माध्यमिक परीक्षा कक्षा 10 वीं में उ.मा.वि.महलोई, विकासखण्ड तमनार से कु.अमिषा नायक 90.33 प्रतिशत एवं 77.15 प्रतिशत अंक के साथ श्री रोहन चौहान शामिल है।

शिक्षकों की हड़ताल से 413 स्कूलों में पढ़ाई होगी प्रभावित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 24 अक्टूबर। एल.बी संवर्ग के शिक्षक एक बार फिर हडताल करने जा रहे है। उनके एक दिवसीय हडताल पर चले जाने से पत्थलगांव ब्लाक मे 413 स्कूल पूरी तरह प्रभावित हो जायेंगे,क्योकि इन सरकारी स्कूलो मे एल.बी संवर्ग के लगभग 1200 शिक्षक पदस्थ है। एल.बी संवर्ग के शिक्षक अपनी कुछ पुरानी मांगो को लेकर जिला स्तर पर धरना एवं रैली निकाल रहे है। छत्तीसगढ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले होने वाली इस हडताल मे 4 संघ के शिक्षक अपना समर्थन दे रहे है,जिसके कारण राज्य व्यापी इस आंदोलन मे हजारो बच्चो की शिक्षा प्रभावित होगी। पत्थलगांव ब्लाक के विकासखंड संचालक धनुराम यादव ने बताया कि वर्तमान की भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र मे शिक्षको की पुरानी मांग को सरकार बनते ही पूरा करने की बात कही थी,परंतु उनके द्वारा अब तक शिक्षको की मांग की ओर किसी तरह का ध्यानाकर्षण नही किया गया है। उन्होने बताया कि जिला मुख्यालय मे एल बी संवर्ग शिक्षक अपनी एक सूत्रीय मांग पूर्व सेवा गणना,वेतनमान एवं पदोन्नति एवं पूर्ण पेंशन के साथ सहायक शिक्षको के वेतन विसंगति को लेकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे है। इधर शिक्षको की इस हडताल से यदि पत्थलगांव ब्लाक के 413 स्कूलो की बात करें तो यहा अध्ययनरत लगभग 6 हजार बच्चो की पढाई पर विपरीत असर पड सकता है,इस संबंध मे ब्लाक शिक्षा अधिकारी विनोद पैंकरा एवं राजीव गांधी शिक्षा मिशन के श्रोत समन्वयक वेदानंद आर्य ने बताया कि शिक्षको की एक दिवसीय हडताल को देखते हुये उन्होने बच्चो की पढाई को लेकर रेगुलर शिक्षक के अलावा संविदा एवं परीक्षा अवधि के शिक्षको को अपनी डयूटी कडाई से करने के निर्देश दिये है। उनका कहना था कि एल.बी शिक्षको के हडताल पर जाने से स्कूलो मे बच्चो की शिक्षा पर किसी तरह का असर ना पडे उसके इंतजाम कर लिये गये है।।16 संगठनो का हडताल मे नही है समर्थन-:एक सूत्रीय मांग को लेकर छत्तीसगढ के कुल 4 शिक्षक संगठनो द्वारा हडताल की जा रही है। छत्तीसगढ मे 20 शिक्षक संघ अपना कार्य कर रहे है,जिसमे से दिन गुरूवार को होने वाली हडताल मे 16 संघो का समर्थन नही है। समर्थन करने वाले 4 संघो मे छत्तीसगढ टीचर्स एसोसियेशन, शालेय शिक्षक संघ,सहायक शिक्षक फैडरेशन एवं नवीन शिक्षक संघ का समर्थन प्राप्त है। जशपुर जिला की बात करें तो यहा दो बडे शिक्षक संगठन है,जिसमे छ.ग.शिक्षक टीचर्स एसोसियेशन एवं सहायक शिक्षक फैडरेशन मुख्य है,शालेय शिक्षक संघ कुछ ब्लाक मे ही सक्रिय है,उसके अलावा नवीन शिक्षक संघ जशपुर जिला मे गठित नही है।

हडताल कर शिक्षा से शिक्षक कर रहे समझौता-:एल.बी संवर्ग के शिक्षको की हडताल पर भाजपा के जिला पदाधिकारीयों ने कडी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल का कहना था कि भाजपा की विष्णु देव सरकार हर वर्ग के हित मे फैसले लेकर बेहतर कार्य कर रही है। कुछ दिनो पहले ही विष्णुदेव सरकार ने शिक्षको का भत्ता मे 4 प्रतिशत की बढोत्तरी की है,हाल ही मे सरकार ने दीपावली से पूर्व कर्मचारीयों का वेतन भी देने की घोषणा की है,उसके बाद भी शिक्षक हडताल कर सरकार पर दबाव बनाना चाह रहे है,वे घोषणा पत्र का हवाला देकर राज्य की भाजपा सरकार की छबि बिगाडने का प्रयास कर रहे है। उनका कहना था कि शिक्षक पढाई के मध्यान्तर मे इस तरह हडताल कर बच्चो की शिक्षा से कही न कही समझौता करने का काम कर रहे है।।

औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम आयोजित

बीजापुर,24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बीजापुर में 21 अक्टूबर 2024 को जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम में जनजातीय समाज के सामाजिक ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक योगदान एवं वीर वीरांगना को स्मरण करते हुए श्री अभिलाष नंदे प्राचार्य / नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बीजापुर के अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि श्रीमती बी पुष्पाराव जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि श्री घासीराम नाग, श्री नंदकिशोर राणा, सदस्य एवं श्री संजय गुप्ता मुख्य वक्ता, श्री फगनू राम वेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं इतिहासकार उपस्थित थे।औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बीजापुर भैरमगढ से प्राचार्य श्री देवेन्द्र कुमार कुजांम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भोपालपटनम से श्री आर.एम. शुक्ल, अधीक्षक पॉलीटेक्निक प्राचार्य श्री सीआर रहंगडाले तथा नोडल बीजापुर के समस्त प्रशिक्षण अधिकारी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बीजापुर नोडल अंर्तगत समृस्त आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा गीत कविता, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अन्त में समस्त प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त एवं प्रतिभागी प्रशिक्षणार्थियों को सांत्वना पुरुस्कार प्रदान किया गया।

जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम मर्रीगुड़ा हुआ हर-घर जल प्रमाणीकरण

बीजापुर,24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर जिले से लगभग 60 कि.मी. दूर ग्राम पंचायत गोल्लागुडा का आश्रित ग्राम मर्रीगुडा स्थित है, विकासखण्ड भोपालपटनम से 2 कि.मी. दूरी पर मर्रीगुडा लगा हुआ है। इस ग्राम में 1 पारा स्थित है, जहॉ 12 परिवार निवासरत है। मर्रीगुडा में अधिकतम मुरिया जनजाति के लोग बसे हुए है और ज्यादातर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखण्ड भोपालपटनम के कर्मचारी इसी ग्राम के निवासी है।विकासखण्ड भोपालपटन के समीप ग्राम मर्रीगुडा में समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्राम में बसे 12 परिवारों के 47 लोगों को जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से हर-घर शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। इस ग्राम में 12 नल कनेक्शन प्रदान किये गये है। 18 अक्टूबर 2024 को ग्रामसभा का आयोजन कर हर-घर जल प्रमाणीकरण कार्य किया गया, सचिव श्री लक्ष्मैय्या गड्डेम एवं ग्रामवारियों की उपस्थिति में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखण्ड के उपअभियंता श्री डी.आर.बंजारे एवं कर्मचारी उपस्थित रहें, इसी दौरान सचिव श्री लक्ष्मैय्या गड्डेम द्वारा हर-घर जल ग्राम की घोषणा किया गया।

39 मनरेगा मजदूरों को सब्जी नर्सरी प्रबंधन एवं उत्पादन का दिया प्रशिक्षण

बीजापुर,24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रोजेक्ट उन्नति के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत विगत वित्तीय वर्ष में 100 दिन पूर्ण किए 18 से 35 वर्षीय श्रमिको को सब्जी नर्सरी प्रबंधन एवं उत्पादन विषय पर 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आर सेटी बीजापुर में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में 14 अक्टुबर से आयोजित इस 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में प्रतिभागी कृषि की नई तकनीक से वाकिफ हुए।

अपार आईडी बनाने में रायगढ़ जिला छत्तीसगढ़ में दूसरे स्थान पर

रायगढ़, 24 अक्टूबर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पना के अनुरूप देश के प्रत्येक विद्यार्थी की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उन्हें यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी। इसके लिए ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री आईडी (अपार आईडी) योजना का पूरे देश में लागू किए जाने की पहल शुरू कर दी गई है। यह योजना तीन चरणों में लागू होगी। प्रथम चरण में कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को अपार आईडी के रूप में यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी। दूसरे चरण में कक्षा 6वीं से लेकर 8वीं तथा अगले चरण में पहली से लेकर पांचवीं तक विद्यार्थियों की यूनिक आईडी बनाई जाएगी।

इस योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत विद्यार्थियों के समग्र विकास और शैक्षिक प्रगति को ट्रैक करने के साथ ही एक राष्ट्र एक छात्र आईडी की परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करना है। अपार आईडी को डिजिलॉकर से जोड़ा जाएगा, जिसमें छात्रों की शैक्षिक प्रगति, परीक्षा परिणाम, रिपोर्ट कार्ड और अन्य उपलब्धियों का डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित और आसानी से उपलब्ध होगा। यह आईडी भविष्य में उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए क्रेडिट स्कोर के रूप में उपयोगी होगी। भारत शासन के शिक्षा मंत्रालय ने सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि पालक-शिक्षक बैठक में अभिभावकों से छात्रों की अपार आईडी बनाने के लिए सहमति ले। सहमति पत्र के आधार पर स्कूल के प्रधानाध्यापक या प्राचार्य यूडाईस प्लस पोर्टल पर जानकारी प्रविष्ट करने से आईडी स्वतः तैयार हो जाएगी।

प्रथम चरण में 9 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के बनाए जा रहे

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.राव ने जानकारी देते हुए बताया कि अपार आईडी बनाने में रायगढ़ जिला लक्ष्य के विरूद्ध वेरिफिकेशन के आधार पर 70 प्रतिशत एवं दर्ज संख्या के आधार पर अब तक 39 प्रतिशत है। जिसके तहत अपार आईडी बनाने में रायगढ़ जिला छत्तीसगढ़ में दूसरे स्थान पर है। प्रथम चरण में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए बनाए जा रहे है। जिसमें 325 हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के कुल 54110 विद्यार्थियों में से 29881 छात्रों का वेरिफिकेशन हो गया है, जिसमें 21007 विद्यार्थियों का अपार आईडी जनरेट हो गया है।

क्या है छात्रों के लिए अपार आईडी

अपार यानी ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री भारत के सभी छात्रों के लिए एक विशेष पहचान प्रणाली है। यह वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी कार्यक्रम का हिस्सा है। अपार आईडी कार्ड छात्रों के लिए एक डिजिटल आईडी कार्ड है। यह कार्ड छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों, डिग्री और अन्य जानकारी को ऑनलाइन एकत्र करने में मदद करता है। भारत भर के निजी और सरकारी स्कूलों या कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए एक डिजिटल आईडी कार्ड है।

अपार आईडी कार्ड के बारे में जरूरी बातें

यह एक आजीवन आईडी नंबर होता है। यह कार्ड छात्रों के लिए स्कूल या कॉलेज जारी करता है। इस कार्ड को बनवाने के लिए कोई फीस नहीं देनी होती। यह कार्ड छात्रों की पहले से मौजूद आधार आईडी के अलावा एक यूनिक आईडी है। यह कार्ड छात्रों की शैक्षणिक यात्रा और उपलब्धियों को ट्रैक करता है। यह कार्ड एक स्कूल से दूसरे स्कूल में स्थानांतरण को आसान बनाता है। इस कार्ड के माध्यम से छात्रों को स्कॉलरशिप, एजुकेशन लोन, सरकारी योजनाओं का लाभ, अवॉर्ड आदि लेने में मदद करता है।

सेमरा(सी) में एक सप्ताह पहले मनाते हैं सभी त्यौहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 22 अक्टूबर। भखारा तहसील क्षेत्र के ग्राम सेमरा (सी) में दीपावली का त्यौहार अनोखे तरीके से मनाया जाता है। वैसे तो पूरे देशभर में इस बार दिवाली 31 अक्टूबर अमावस्या को मनाया जाएगा लेकिन सेमरा गांव में इसकी शुरुआत 24 अक्टूबर गुरुवार से होगी यहां रहने वाले लोग इस पर्व को बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाते हैं इस वर्ष भी रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए 24 अक्टूबर को कका भतीजा नाचा पार्टी कोमाखान(सराईपाली) और 25 अक्टूबर को संगी जहुरिया नाचा पार्टी बिलईडबरी(बलौदाबाजार) का कार्यक्रम रखा गया है!

हफ्ता भर पहले दीवाली मनाने की परंपरा: ऐसा बताया जाता है कि हफ्तेभर दिवाली मनाने की परंपरा यहां काफी पुरानी है। इस परंपरा को मौजूदा पीढ़ी के लोग भी निर्वहन कर रहे हैं। यहां के लोगों की मान्यता है कि अगर एक सप्ताह पहले से इस त्यौहार को मनाने की परंपरा को तोड़ा गया तो गांव में किसी भी प्रकार की अनहोनी हो सकती है। ग्रामीण दुष्यंत सिन्हा कहना है कि हमारे बुजुर्गों ने बताया है कि गांव के देवता ने सपने में आकर किसी भी त्यौहार को एक सप्ताह पहले से मनाने को कहा था तब से यह परंपरा चली आ रही है।

सारे त्योहार मनाए जाते हैं हफ्ता भर पहले: दीपावली ही

नहीं गांव में दशहरा और होली का त्योहार भी गांव में एक सप्ताह पहले से मनाया जाता है। स्थानीय गोपी सिन्हा कहना है कि भले ही आज के जमाने के लोग इस पर भरोसा नहीं करें लेकिन अगर त्यौहारों को एक सप्ताह पहले से नहीं मनाया गया तो गांव में कोई बड़ी आफत आ सकती है।

आस्था या अंधविश्वास: स्थानीय लोगो का कहना है कि आज के जमाने के लोग भले ही इसे अंधविश्वास मानें लेकिन यह हमारे लिए आस्था का केन्द्र है। हम इसलिए इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं और हम इसे आस्था से जोड़कर देखते हैं। लोगों का कहना है कि इसी बहाने हम लोग अपने रिश्तेदारों और अपनी फैमिली के साथ वक्त भी बीता सकते हैं। क्योंकि यहां कि दीपावली देखने के लिए लोगों के रिश्तेदार भी आते हैं।

घर को सजाती हैं महिलाएं: महिलाओं का कहना है कि तिथि से पहले त्यौहार मनाए जाने की वजह से ये गांव काफी मशहूर हो गया है। इस गांव को देखने के लिए दूर-दूर से लोग देखने आते हैं। महिलाओं का कहना सुबह से ही तैयारियां शुरू हो जाती हैं और शाम तक पूरा घर सजा दिया जाता है। इसके बाद पूजा की जाती है और फिर त्यौहार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

समाचार संक्षेप

शहीद संतराम साहू की शहादत को याद किया

कसडोल, 24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पीएमश्री गुरु घासीदास शास उच्चतर माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम के बच्चों ने पुलिस स्मृति दिवस में शहीद संतराम साहू की शहादत को याद किये। विद्यालय से रैली निकालकर बाजार चौक होते हुए जनपद पंचायत में शहीद संतराम साहू के स्मारक तक शहीद संतराम साहू अमर रहें का नारा लगाते हुए गए। जहां प्राचार्य ने सब इंस्पेक्टर नायक के साथ संतराम साहू के स्मारक में माल्यार्पण कर, नारियल, अगरबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद संतराम साहू हमारे विद्यालय के गौरव थे जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति राजनादगांव के मदनवाडा में नक्सली मुड़भेड में देकर नगर को गौरवान्वित किया है, हमें उनके जज्बे को सैल्यूट करना चाहिए तथा बच्चों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करते हुए सभी 1 मिनिट का मौन धारण कर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस रैली में प्राचार्य के साथ एस आई नायक, मुंशी कुर्रे, व समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

एक नजर

बहुजन समाज पार्टी धमतरी की बैठक 25 अक्टूबर को

भखारा, 24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बहुजन समाज पार्टी जिला-

धमतरी की आवश्यक बैठक 25 अक्टूबर को गोंडवाना भवन धमतरी में रखा गया है जिसमें छः ग बहुजन समाज पार्टी प्रदेश प्रभारी मनीष आनंद व प्रदेशाध्यक्ष श्याम टंडन प्रमुख रूप से रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए बसपा नेता आशीष रात्रे ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश नेतृत्व धमतरी आगमन पर कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ शुभचिंतक समर्थक साथीगण समय पर अपना उपस्थिति प्रदान करें।

बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी के लिए 35 ग्राम पंचायतों में लगा मोबाइल टॉवर

बलौदाबाजार, 24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से 35 ग्राम पंचायतों में सूचना एवं प्रोद्योगकी विभाग के माध्यम से विभिन्न कंपनियों के द्वारा मोबाइल टॉवर लागए गए हैं । इनमे से 34 टॉवर को सक्रिय कर दिया गया है। ई -डिस्ट्रिक्ट मैनेजर से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड बलौदाबाजार अतर्गत ग्राम,पंचायत सलोनी,कंजी, कुकुरदी, सोनाडीह, खटियापाटी, नयापारा, मुण्डा, भरसेला एवं रिसदा में नया टॉवर लगाए गए हैं। इसीतरह विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम अकोली, मल्दी, अकलतरा, सिंगारपुर,टोनाटार, मोपर, कोदवा एवं खपराडीह, पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम सलोनी, टिपवन, सिसदेवरी, गिधपुरी, विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम बरेली, टुंडरा, सबर, देवरीकला, असनीद, मनाकोनी, विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम मुड़पार, लवर, बिलाईडबरी, ओटगन, रोहरा, मोहभट्टा, नेवधा एवं खिलोरा शामिल हैं।

पास्ट चौम्पियन एथलीट चयन के लिए 12 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

बलौदाबाजार, 24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारत सरकार क़े खेलो इंडिया योजना अंतर्गत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में जिला फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र, कसडोल संचालित है। उक्त प्रशिक्षण केंद्र मे खेलो इंडिया लघु केंद्र की गाइडलाईन अनुसार 1 पास्ट चौम्पियन एथलीट (महिला या पुरुष) की नियुक्ति हेतु आवेदन 12 नवम्बर 2024 तक आमंत्रित किया गया है। पास्ट चौम्पियन एथलीट नियुक्ति क़े लिए निर्धारित योयता मे पहली प्राथमिकता सम्बंधित खेल क़े मान्यता प्राप्त एनएसएफया एसोसियेशन क़े तहत मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भारत का प्रतिनिधित्व किया हो। दूसरी प्राथमिकता मान्यता प्राप्त एनएसएफ द्वारा आयोजित सीनियर नेशनल पास्ट चौम्पियनशिप मे पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा या खेलो इंडिया गेम्स मे पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा हो।तीसरी प्राथमिकता राष्ट्रीय एआईयू पिछली चौम्पियनशिप मे पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा हो तथा चौथी प्राथमिकता मान्यता प्राप्त एनएसएफद्वारा आयोजित सीनियर नेशनल विगत चौम्पियनशिप मे राज्य का प्रतिनिधित्व या खेलो इंडिया गेम्स मे भागीदारी को दी जाएगी। इसके अतिरिक्त एनआईएस को भी मान्य किया जायेगा।

दीपावली पर जन-सुरक्षा को दृष्टिगत् रखते हुए निर्देशों का पालन कराने के निर्देश जारी

बालोद, 24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने आदेश जारी कर जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दीपावली पर्व के दौरान जन-सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को दृष्टिगत् रखते हुए निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए है। अतिरिक्त जिलादण्डाधिकारी ने बताया कि विस्फोटक अधिनियम 1984 में निहित प्रावधानों के तहत नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों को जिला दण्डाधिकारी कार्यालय से विभिन्न शर्तों के अधीन प्रारूप-एल-ई-5 में पटाखे को कब्जे में रखने एवं दुकान पर उनके विक्रय करने के लिए अनुज्ञप्ति निर्धारित समय-सीमा के लिये प्रदाय किया जाता है। जिसके तहत जन स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से निम्नानुसार कार्यवाही होगी। किसी भी परिस्थिति में बगैर अनुज्ञप्तिधारी व्यक्तियों द्वारा पटाखा या विस्फोटक सामग्री का विक्रय ना किया जाए, ऐसा करते पाये जाने पर तत्काल विस्फोटक सामग्री जप्ति कर विस्फोटक अधिनियम 1984 में निहित प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

कोदो की खेती कर आर्थिक रूप से समृद्ध होने की राह पर अग्रसर हैं ग्राम अड़जाल के किसान

शासन के सहयोग से लगभग 32 एकड़ जमीन पर लहलहा रही है कोदो की फसल

- छत्तीसगढ़ की परंपरागत फसल बन रही है किसानों के आर्थिक संबलता का आधार
- किसानों ने बीज व खाद की समय पर उपलब्धता के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बालोद, 22 अक्टूबर। कृषि प्रधान बालोद जिले में अब डौण्डी विकासखण्ड के वनांचल ग्राम अड़जाल के किसान कोदो की खेती कर आर्थिक रूप से समृद्ध होने की राह पर अग्रसर हैं। एक समय था जब ग्राम अड़जाल में बहुत सी रिक्त बंजर जमीन ऐसे ही पड़ी हुई थी। लेकिन जिला प्रशासन के सहयोग और कृषि विभाग के मार्गदर्शन में उन्हें कोदो की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के द्वारा ग्राम अड़जाल के कृषकों को कोदो फसल के उत्पादन के लिए लगातार प्रोत्साहित करने के अलावा गांव में कोदो फसल के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। शासन प्रशासन के इस सकारात्मक प्रोत्साहन से गांव के लगभग 25 किसानों ने लगभग 32 एकड़ जमीन पर कोदो की खेती करना शुरू किया। कृषि विभाग के निरंतर मार्गदर्शन में किसानों द्वारा कोदो की खेती से अब उनके जमीन पर कोदो की फसल लहलहा रही है। यह कोदो की फसल उन किसानों की समृद्धि का रास्ता बना रहा है, जिसमें वे लगातार अग्रसर हो रहे हैं। इस तरह से छत्तीसगढ़ के परंपरागत कोदो फसल कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से किसानों के आर्थिक संबलता का आधार बनने जा रहा है।

कोदो की फसल ले रहे ग्राम अड़जाल के किसान दिलीप कुमार रावटे ने बताया कि वे अपनी पड़त भूमि में अभी कोदो की फसल ले रहे हैं। फसल की पैदावार भी काफी अच्छी है, इससे उन्हें अच्छी आय होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कोदो की फसल को अन्य किसानों को भी उगाना चाहिए, इससे वे स्वयं की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकते हैं। किसान भूवन लाल ने बताया कि वे गांव के लोगों के साथ ही स्वयं भी अपने खेत में कोदो की खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शासन में उन्हें खेती किसानी के कार्य में अच्छा सहयोग मिल रहा है। उन्हें कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर ही खेती के संबंध में मार्गदर्शन मिलता हैं, जिससे उन्हें खेती कार्य में काफी आसानी हुई है और उनके कोदो फसल की पैदावार भी अच्छी है। ग्राम अड़जाल के किसान अंजन सिंह, संतोष भण्डारी और अर्जुन सिंह ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शासन में अब उन्हें समय पर खाद-बीज मिल रहा है, इसमें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। इसके साथ ही उन्हें समय समय पर कृषि विभाग के द्वारा खेती कार्य में विशेष मार्गदर्शन दिया जाता है। जिससे उन्हें खेती का कार्य अब आर्थिक रूप से काफी लाभदायक लग रहा है। उन्होंने बताया कि कोदो का उपयोग आजकल बहुतायत में लोगों द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में शुगर, बीपी तथा सुप बनाने के लिए कोदो का उपयोग लोगों द्वारा किया जाता है, जिससे इसकी मांग तेजी से बढ़ी है। कोदो की मांग बढ़ने से हम किसानों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। किसानों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके किसान हितैषी फैसलों और योजनाओं से किसानों की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है, अब किसान उन्नत तरीके से अपने कृषि कार्य को आसानी से कर पा रहे हैं। किसानों ने किसान हितैषी योजनाओं और निर्णयों के बेहतर क्रियान्वन के लिए मुख्यमंत्री साय का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

नपं अध्यक्ष पद के लिए भठेली को आरक्षित करने उठ रही मांग

भखारा, 24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जब नगर पंचायत भखारा वर्ष 2007-8 को अस्तित्व में आया तब से लेकर आज तक नगर पंचायत भखारा के भठेली को अभी तक अध्यक्ष पद का आरक्षण नही मिला है जिसके कारण भठेली वासियों में नगर पंचायत और शासन- प्रशासन पर रोष व्याप्त है बता दें कि नगर पंचायत भखारा की अस्तित्व में आने से पहले भठेली और भखारा अलग-अलग ग्राम पंचायत हुआ करता था दोनों ग्राम पंचायतों को मिलाकर नगर पंचायत बनाया गया लेकिन जब से भखारा और भठेली को नगर पंचायत बनाया गया है तब से लेकर आज तक नगर पंचायत चुनाव में भखारा को नगर पंचायत का अध्यक्ष पद आरक्षण मिला है और भखारा से ही अध्यक्ष चुने जाते हैं जिससे भठेली वासियों में निराशा छा जाता है वहीं भठेली वासीयों ने शासन प्रशासन पर नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि आगामी कुछ महीनों में नगरीय निकाय चुनाव होना है यदि भठेली को अध्यक्ष पद के लिए आरक्षित नही किया जाता है तो इसके लिए निर्वाचन आयोग से मांग की रणनीति बना रहे है अब आगे यह देखना दिलचस्प होगा कि शासन-प्रशासन नगर पंचायत भखारा-भठेली में किसे अध्यक्ष पद का आरक्षण मिलेगा।

संगठन ही राष्ट्र की प्रमुख शक्ति होती है : संजय

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भाटापारा में भव्य पथ संचलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 22 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भाटापारा नगर में भाटापारा नगर खंड का संयुक्त विजयादशमी एवं भव्य पथ संचलन का आयोजन हुआ, 203 स्वयंसेवक उपस्थित रहे, निर्धारित समय पर एकत्रीकरण होकर ध्वजारोहण के साथ रावणभाठा से पथ संचलन प्रारम्भ हाथनीपारा, सुभाष वार्ड बस्ती, महाकाल मंदिर, सिविल लाइन, महारानी चौक से यज्ञ स्थल में पूर्ण हुआ, संचलन में 5 वाहिनी, ध्वज रक्षक दल, 1 घोष पथक के साथ संचलन सम्पन्न हुआ, अनुशासित व्यवस्था के साथ संचलन में मातृशक्ति एवं भाटापारा के वरिष्ठ नागरिको के द्वारा अभूतपूर्व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, स्वयंसेवकों ने यज्ञ स्थल में दण्ड, पदविन्यास, समता, नियुद्ध एवं सामूहिक व्यायाम योग का शारीरिक प्रदर्शन किया, कार्यक्रम में मंच पर नगर संघचालक संतोष पाण्डेय, खण्ड संघचालक, बिहारी लाल अग्रवाल, मुख्य अतिथि सतनाम समाज के रामफल बांधे, मुख्य वक्ता प्रान्त प्रचार प्रमुख संजय तिवारी का बौद्धिक प्राप्त हुआ, इस कार्यक्रम में नगर कार्यवाह रविन्द्र शर्मा, खण्ड कार्यवाह, शुभम वर्मा सहित जिला, खण्ड नगर कार्यकारणी के साथ नगर के साथ बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करते 9 वाहन जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 22 अक्टूबर। राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध रेत परिवहन के मामलों में तेज़ी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत खनन और भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई जिसमें विगत दो दिनों में हाइवा एवं ट्रैक्टर सहित 9 रेत से भरे वाहन ज़ब्त किया गया है।

जिला खनिज अधिकारी के. के. बंजारे ने बताया कि देर रात एवं सुबह खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण के संबध में जांच की गई।जांच के दौरान पलारी तहसील तहसील अंतर्गत ग्राम गिधपुरी एवं तहसील लवन में महानदी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन संलिप्त 9 वाहन जब्त किया गया है।सभी जब्त कर वाहन नजदीकी थाना के सुपुर्दगी में रखा गया है। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

गौरतलब है की कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में रेत के अवैध कारोबार के मामले में अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। अवैध रेत के भंडारण,अनुमति और उत्खनन, परिवहन के साथ-साथ रॉयल्टी पर्ची आदि सभी दस्तावेजों के परीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं। श्री सोनी ने कहा है कि ऐसी कार्रवाईयां आगे भी जारी रहेंगी। अवैध रेत खनन व धंधा करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है और ऐसे अवैध धंधे एवं परिवहन करते पकड़े जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

समक्ष न्यायालय श्रीमान तनुश्री गवेल व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 वरिष्ठ श्रेणी कुरूद

रमेश कुमार साहू उर्फ पठारी .....वादी

बनाम

आम जनता वगैरह .....प्रतिवादीगण

व्य.वा.क्र. 66-अ/2023

पेशी तारीख

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि रमेश कुमार साहू उर्फ पठारी पिता तिहारू कास्तकारी ग्राम दर्री, तहसील भखारा, जिला धमतरी छ.ग. द्वारा व्यवहार वाद वास्ते विर्निदिष्ट अनुतोष अधिनियम के तहत 'नाम की घोषणा' बाबत् व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया है। जिसमें आम जनता व छ.ग. शासन मार्फत कलेक्टर धमतरी को पक्षकार बनाया गया है। जिसमें दिनांक 27/11/2024 को पेशी तारीख नियत की गयी है।

यह कि उपरोक्त प्रकरण में वादी अपना नाम 'रमेश कुमार उर्फ पठारी साहू' है कि घोषणा बाबत् वाद पेश है।

अतः उपरोक्त वर्णित वाद के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो इस आम सूचना में दिये पेशी दिनांक 27/11/2024 को (अगर किसी कारण से अवकाश रहा हो तो आगामी तिथि को) उपस्थित होकर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से लिखित आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत पेशी तारीख के पश्चात् कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/10/2024 को मेरे पद मुद्रा व हस्ताक्षर कर जारी किया।

स्थानः- कुरूद

दिनांकः- 22/10/2024

श्रीमती तनुश्री गवेल

व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी

मुहर कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

समक्ष न्यायालय श्रीमान तनुश्री गवेल व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 वरिष्ठ श्रेणी कुरूद

ढोलक राम .....वादी

बनाम

आम जनता वगैरह .....प्रतिवादीगण

व्य.वा.क्र. 66-अ/2023

पेशी तारीख

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ढोलक राम उर्फ दौलत राम उर्फ दीपक कुमार पिता रामसाय निवासी ग्राम कोसमर्रा, कास्तकारी ग्राम देवरी, तहसील भखारा, जिला धमतरी छ.ग. द्वारा व्यवहार वाद वास्ते विर्निदिष्ट अनुतोष अधिनियम के तहत 'नाम की घोषणा' बाबत् व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया है। जिसमें आम जनता व छ.ग. शासन मार्फत कलेक्टर धमतरी को पक्षकार बनाया गया है। जिसमें दिनांक 27/11/2024 को पेशी तारीख नियत की गयी है।

यह कि उपरोक्त प्रकरण में वादी अपना नाम 'ढोलक राम उर्फ दौलत राम उर्फ दीपक कुमार' है कि घोषणा बाबत् वाद पेश है।

अतः उपरोक्त वर्णित वाद के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन में दिये पेशी दिनांक 27/11/2024 को (अगर किसी कारण से अवकाश रहा हो तो आगामी तिथि को) उपस्थित होकर स्वयं य अपने अधिवक्ता के माध्यम से लिखित आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत पेशी तारीख के पश्चात् कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/10/2024 को मेरे पद मुद्रा व हस्ताक्षर कर जारी किया।

स्थानः- कुरूद

दिनांकः- 22/10/2024

श्रीमती तनुश्री गवेल

व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी

मुहर कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज राज प्रधान एवं केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न

रामखिलावन वर्मा चुने गए पलारी राज के राजप्रधान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कसडोल, 24 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष हेतु 6 प्रत्याशी एवं पलारी राज प्रधान हेतु 2 प्रत्याशी मैदान में थे। जिसका मतदान दिनांक 20 अक्टूबर को 8 बजे से 3 बजे तक हुआ, तत्पश्चात मतगणना भी हुआ। जिसमें पलारी राज के राजप्रधान के पद पर रामखिलावन वर्मा ने भुनेश्वरी वर्मा को 231 वोट से मात दी ! पलारी राज में कुल 52 बूथों में मतदान हुआ जिसमें कुल 7559 मतदाताओं ने मतदान किए जिसमें वैध मत 7369 का मतगणना हुआ जिसमें रामखिलावन वर्मा को 3800 मत एवं भुनेश्वरी वर्मा को 3569 मत प्राप्त हुए एवं केंद्रीय अध्यक्ष के पद पर खोड़स राम कश्यप लगभग 1656 वोट से विजयी हुए।

उक्त चुनाव लोकतांत्रिक प्रणाली से प्रत्येक ग्राम पंचायत के मतदान केंद्र में हुआ जो बहुत ही शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। रामखिलावन वर्मा जी को सभी कुर्मी बहुल ग्रामों में भारी बढ़त मिली जिसमें नगर पंचायत पलारी के तीनों बूथ, ग्राम पंचायत देवसुन्द्रा के दोनों बूथ, ग्राम पंचायत दतान, ग्राम पंचायत गबौद, सकरी (प), कुसमी, कुकदा, कोदवा में बढ़त बनाई। उसी प्रकार पूर्व राज प्रधान भुनेश्वरी वर्मा कौड़ियां, नगपुरा, गीतापार, जर्वे, सेजा, संडी में बढ़त बनाई। पलारी राज प्रधान का चुनाव बहुत ही रोमांचक रहा। जिसकी जानकारी कार्यकारी राज प्रधान मुख्य चुनाव अधिकारी पलारी राज नरेन्द्र वर्मा एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मंतराम वर्मा ने दी एवं सभी पीठासीन अधिकारियों एवं चुनाव कार्य के लगे सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

पलारी राज चुनाव संचालन में चुनाव समिति से सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिसमें केंद्रीय निर्वाचन समिति सदस्य रामनारायण वर्मा, राज निर्वाचन समिति के सदस्यगण दयालु राम वर्मा, संजीव वर्मा, राजेश बल्लू वर्मा, हरिशंकर वर्मा, यशवंत वर्मा, केशरी वर्मा, विक्की वर्मा, बैकुंठ वर्मा एवं योगेश योगी वर्मा सम्मिलित थे।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर जिला-बस्तर
मैनुअल पद्धति आमंत्रण सूचना

दूरभाष नम्बर-07782-222865 ई-मेल आईडी-eeresjagdalpur@gmail.com

क्रमांक/2205/व.ले.लि./ग्रायांसे./2024-25 जगदलपुर, दिनांक 21.10.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रथम बार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपये लाख में)	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि
1	ग्राम कावड़गांव तहसील बस्तर में सर्व सुविधा युक्त मिनी स्टेडियम का निर्माण **(बचत कार्य)**	14.00	07.11.2024

2. उपरोक्त निर्माण कार्य के निविदा से संबंधी शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट **http://res.cg.gov.in** से भी दिनांक 30.10.2024 के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-जगदलपुर

जी-242503380/3

एक नजर

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर विजेता

रायपुर, 24 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में शासकीय महाविद्यालय कवर्धा में आयोजित राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर की टीम ने विजेता का खिताब जीता। रायपुर सेक्टर की टीम ने सरगुजा सेक्टर की टीम को 25 - 22, 23- 25 , तथा 25-20 से दो सेट से पराजित किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 6 विश्वविद्यालय की टीम का चयन भी किया गया। गुरु घसीदास विश्वविद्यालय, सरगुजा विश्वविद्यालय, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, की टीम का चयन इस प्रतियोगिता में किया गया है। विजय शर्मा कीड़ाधिकारी महंत कॉलेज रायपुर टीम के प्रबंधक व राजेश सोमवंशी कोच थे।रायपुर सेक्टर टीम के विजय होने पर डॉ. मेघश तिवारी प्राचार्य विप्र महा विद्यालय एवं डॉ देवाशीष मुखर्जी प्राचार्य महंत कॉलेज ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य कामना की है।

स्काउट्स एवं गाइड्स जलकी में शिविर

रायपुर, 24 अक्टूबर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर के जिला अध्यक्ष स्वामी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. सुरेश शुक्ला के मार्गदर्शन में, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त डॉ.विजय कुमार खण्डेलवाल के निर्देशान में 24 अक्टूबर को राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक, व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर ग्राम जलकी, सिरपुर, जिला महासमुंद 24 से 26 अक्टूबर तक शिविर हेतु जिला संघ रायपुर से 15 स्काउट/रोवर 15 गाइड/ रेंजर 02 प्रभारी शिविर हेतु अंतर राजकीय बस स्टैंड भाटागांव रायपुर से रवाना हुए। उक्त जानकारी मृत्युंजय शुक्ला जिला सचिव द्वारा दी गई।

निधन

ग्रेस जेवियर

रायपुर, 24 अक्टूबर। नेचर सिटी अमलीडीह रायपुर निवासी ग्रेस जेवियर (71) का निधन आज हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 25 अक्टूबर को सेंट पॉल कैथेड्रल की प्रभु वाटिका में किया जाएगा। वे सुधीर जेवियर की पत्नी और ट्वींकल जेवियर ओरे, शारेन वर्गीस की माता थी।

कांग्रेस ने किया शक्ति प्रदर्शन आकाश शर्मा ने भरा नामांकन

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 24 अक्टूबर। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। इसके साथ ही अब सियासी पारा बढ़ता जा रहा है। आज कांग्रेस के आकाश शर्मा ने नामांकन पत्र भरने के पहले गांधी चौक पर एक विशाल सभा का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में युवा नेता सहित प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी कल 25 अक्टूबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, व सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में नामांकन भरेंगे।

कांग्रेस से प्रत्याशी आकाश शर्मा को टिकिट दिए जाने के बाद युवा कार्यकर्ताओं में अपार जोश व उत्साह है। गांधी चौक मपर आज एक सभा का आयोजन किया गया जिसे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। विष्णुदेव सरकार को अकर्मण्य और निष्क्रिय बताते हुए इसे चुनावी मुद्दा बनाने का निश्चय किया गया। इस अवसर पर विभिन्न वार्डों के पार्षद एवं कई विधायक सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इसके पश्चात जिलाधीश कार्यालय की ओर जुलूस रवाना हुआ। यहां पर आकाश शर्मा ने अपने वकील एवं वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में नामांकन भरा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने फूलमाला व आतिशबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया। युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मुस्लिम बहुल क्षेत्र बैजनाथपारा, नयापारा एवं बैरनबाजार में कांग्रेसजनों की नजर है। इसके अलावा टिकरापारा में भी कार्यकर्ता अधिक से अधिक वोट लेने के लिए जोर लगाएंगे। कांग्रेस के रणनीतिकारों ने विष्णुदेव सरकार को निष्क्रिय बताते हुए इसे प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाने का निर्णय लिया है।

सुनील सोनी का मुख्य कार्यालय होगा तत्पर

भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने भी शुभ मुहुर्त देखकर अपना नामांकन भर दिया है। अब वे 25 अक्टूबर को नामांकन के साथ ही राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन करेंगे। आज कैलाशपुरी स्थित तत्पर कार्यालय में सिविल लाईन, सदर बाजार, पुरानी बस्ती एवं लाखेनगर मंडल के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक बृजमोहन अग्रवाल ने ली है। कल 25 अक्टूबर को निकाली जाने वाली नामांकन रैली में सभी वार्डों से कार्यकर्ताओं को आने की हिदायत दी गई है। संगठन मंत्री पवन साय पर्दे के पीछे पूरी कमान संभाले हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय चुनावी गतिविधियों का संचालन करेंगे तथा विभिन्न कैबिनेट मंत्रियों को मंडल की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। रायपुर शहर के तीनों विधायकों के अलावा अन्य विधायकों को भी बूथ लेबल की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

जी.रेखा रानी सामान्य प्रेक्षक नियुक्त

भारत निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए आंध्रप्रदेश कैडर की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जी.रेखा रानी को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है। वे कल 25 अक्टूबर को रायपुर पहुंच जाएंगी। नामांकन पत्रों की छंटाई में उनकी प्रमुख भूमिका होगी। उपचुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को संभालने के लिए निर्वाचन आयोग ने राजस्थान कैडर के कमल शर्मा को बतौर प्रेक्षक नियुक्त किया है। वे यहां पर पुलिस की कार्यप्रणाली का अवलोकन करेंगे तथा सुरक्षा के आावश्यक दिशा-निर्देश देंगे। आयोग ने नामांकन पत्र की वापसी के पश्चात प्रत्याशियों के दिन-प्रतिदिन के खर्चों का ब्यौरा लेने के लिए एक व्यय प्रेक्षक भी नियुक्त किया है। श्रीमती कनुप्रिया के सामने प्रत्येक प्रत्याशी को अपने खर्च का सिलसिलेवार ब्यौरा देना होगा। आयकर विभाग ने एक कंट्रोल रूम की स्थापना की है जिसमें आयकर अन्वेषण विभाग के उपनिदेशक को प्रभारी बनाया गया है। वे यहां पर चुनावी शिकायतों का निराकरण करेंगे। आयोग ने अब स्थानीय निर्वाचन शाखा से दिन-प्रतिदिन होने वाली चुनावी गतिविधियों के बारे में सिलसिलेवार ब्यौरा लेना शुरू कर दिया है।

राजभवन में राष्ट्रपति मिलेंगी विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से

राष्ट्रपति सचिवालय मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम की कर रहा मॉनिटरिंग

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 24 अक्टूबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के 25 अक्टूबर को राजधानी में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को राष्ट्रपति सचिवालय अंतिम रूप देर रहा है। आज सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध करने के लिए वाहनों (कारकेड)का रिहर्सल किया गया। राष्ट्रपति के विभिन्न कार्यक्रमों को देखते हुए राजभवन, दीनदयाल ऑडिटोरियम व एम्स के भवन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 25 अक्टूबर को 11 बजे रायपुर पहुंचेंगी। यहां से वे एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राजभवन में आज राष्ट्रपति के सुरक्षा काफिले ने रिहर्सल किया जिसमें 27 वाहन शामिल किए गए। राष्ट्रपति सचिवालय के निर्देश के अनुसार राष्ट्रपति के भोजन, चिकित्सा एवं अन्य व्यवस्था के लिए टीम यहां पर पहुंच गई है। राजभवन के आसपास सख्त सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। राष्ट्रपति सचिवालय ने राजभवन को सूचित किया है कि राष्ट्रपति से किन-किन लोगों ने मिलने का आवेदन किया है, ऐसे प्रतिनिधिमंडल एवं राजनेताओं की सूची मांगी गई है। राष्ट्रपति सचिवालय के अंतिम निर्णय के बाद ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में एनआईटी और आयुष विवि के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रपति डीडीनगर गोल चौक होकर आएंगी। 25 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे आयोजित इस कार्यक्रम के आधे घंटे पूर्व ट्रैफिक बंद कर दिया जाएगा। 26 अक्टूबर को गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में दर्शन के लिए जाएंगी। इसके पश्चात पुरखौती मुक्तांगन में ट्राइबल म्यूजियम का अवलोकन करेंगी।

सड़कों से हटाए गए वेंडर

राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए जीईरोड, मालवीय रोड तथा आमापारा से लेकर राजकुमार कालेज, आमानाका तक सभी वेंडरों को हटा दिया गया है। उन्हें सख्त चेतावनी दी गई है कि वे राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए वे यहां पर दुकान न लगाएं।

महालक्ष्मी

रायपुर, 24 अक्टूबर। दीपावली पर महालक्ष्मी की पूजा के लिए राजधानी के बाजार में मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं की जमकर बिक्री हो रही है।

भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी 25 करोड़ की संपत्ति के मालिक

रायपुर, 24 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुनील सोनी की संपत्ति का विवरण हाल ही में सामने आया है, जिसमें उनकी कुल संपत्ति करोड़ों में बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, सुनील सोनी की संपत्ति लगभग 25 करोड़ रुपये है। सुनील सोनी ने चुनाव आयोग को दिए गए हलफनामे में अपनी संपत्ति का विस्तृत ब्योरा पेश किया है। इसमें उनके पास कई प्रॉपर्टीज, वाहनों और बैंक खातों का जिक्र किया गया है। उनकी संपत्ति में जमीन, मकान और अन्य निवेश शामिल हैं। राजनीति में सक्रिय होने के साथ-साथ सुनील सोनी ने विभिन्न व्यवसायों में भी निवेश किया है, जो उनकी वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाता है। उनकी संपत्ति का यह खुलासा चुनावी मैदान में उनकी स्थिति को प्रभावित कर सकता है, खासकर युवा मतदाताओं के बीच। सुनील सोनी ने चुनाव प्रचार के दौरान अपने कार्यों और उपलब्धियों पर जोर दिया है, जिससे उन्हें चुनाव में प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिल सकती है। चुनाव से पहले इस तरह के संपत्ति के ब्योरे को लेकर मतदाता जागरूकता बढ़ रही है, जिससे उन्हें सही निर्णय लेने में सहायता मिलती है।

छग में नई औद्योगिक नीति तैयार

रायपुर, 24 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ सरकार वर्ष 2024 से 2029 के लिए नई औद्योगिक नीति लागू करने जा रही है। उद्योगों को प्रोत्साहन देने की इस नीति को लेकर यह दावा है कि, यह औद्योगिक नीति के लाभार्थी के केंद्र में आम नागरिक है। औद्योगिक नीति को लेकर खबरें यह कहती हैं कि, इंडस्ट्रियल सेक्टर में बेहद प्रभावशाली स्थिति रखने वाले राज्यों में लागू नीतियों के बेहतरीन हिस्से को छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति में शामिल किया गया है।

छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य है कि, औद्योगीकरण को बढ़ावा मिले लेकिन वह ऐसा बढ़ावा हो जिसके केंद्र में आम नागरिक हो। इस औद्योगिक नीति को लेकर यह खबरें भी हैं कि, कृषि, नई तकनीक आधारित उद्योग और पर्यटन इसमें प्रभावी रूप से समाहित होगा। नई औद्योगिक नीति के दो आधारभूत ढाँचे हैं जिनमें 'इज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' और 'इज़ ऑफ लिविंग' शामिल हैं। राज्य सरकार के बेहद जवाबदेह सूत्र ने यह कहा है -÷नई औद्योगिक नीति उद्यमियों को बेहतर और ठोस संभावनाएं तो देगी ही, इसके साथ साथ इसमें यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि, छत्तीसगढ़ का आम नागरिक सीधे लाभान्वित की केंद्रीय भुमिका में हो।नई औद्योगिक नीति वातावरण ऐसा बनाएगी कि, कृषि हो पर्यटन हो इसमें बेहतर विकास हो और इससे जुड़े उद्योग विकसित हों ताकि आम लोगों को इसका लाभार्थी बनाया जाना सुनिश्चित हो सके। छत्तीसगढ़ की साय सरकार जिस नई औद्योगिक नीति को लागू करने जा रही है उसके लिए व्यापक और विस्तृत अध्ययन किए जाने का दावा किया गया है। सूचना यह कहती है कि, साय सरकार की नई औद्योगिक नीति तमिलनाडु गुजरात उत्तर प्रदेश जैसे उन कई राज्यों में लागू औद्योगिक नीति और उसके क्रियान्वयन के अध्ययन के बाद बनाई गई है। इसमें उन राज्यों की बेहतर नीतियों को शामिल किया गया है। राज्य सरकार के उच्च पदस्थ सूत्र का दावा है -÷नई नीति बनाते समय अन्य राज्यों (जो उद्योग के मसले पर देश में प्रभावी स्थान रखते हैं) की नीतियों का और उनके क्रियान्वयन को देखा गया है। इनमें सबसे बेहतर जो नीतियाँ लगी उन्हें छत्तीसगढ़ के परिदृश्य से तौला गया है और जो सबसे सही लगी उन्हें शामिल किया गया है।

सर्व ब्राह्मण समाज का अभिनंदन समारोह एवं दिवाली मिलन संपन्न

रायपुर, 24 अक्टूबर। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में आयोजित दिवाली मिलन एवं अभिनंदन समारोह अवसर पर समाज सेवा में निरंतर सक्रिय समाज व समाजसेवियों का सम्मान किया गया। विधायक पुरंदर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य व निगम सभापति प्रमोद दुबे के विशिष्ट अतिथि में वृंदावन हाल में कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्षता समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने की। अतिथि गणों द्वारा भगवान परशुराम की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन से प्रारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के स्वागत भाषण से शुरू हुआ। मिश्रा ने उपस्थित अतिथि गणों तथा पदाधिकारियो के सम्मान में अपने विचार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर सम्मानित किए गए समाज व समाजसेवियों में कान्यकुब्ज समाज के अध्यक्ष अरुण शुक्ला , सचिव सुरेश मिश्रा व पदाधिकारी, गौड ब्राह्मण अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष गोपाल शर्मा व पदाधिकारी, सरयूपारीण अध्यक्ष सुरेश शुक्ला व पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण अध्यक्ष विनय तिवारी व पदाधिकारी, उत्कल ब्राह्मण अध्यक्ष लक्ष्मण सतपथी, महिला अध्यक्ष निवेदिता मिश्रा, वर्ल्ड ब्राह्मण अध्यक्ष अरविंद ओझा, पंजाबी ब्राह्मण अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, शशिकांत तिवारी, सुरेंद्र शर्मा दुर्ग, लेखमणि पांडे बेमेतरा , भूपेंद्र मिश्रा, बरखा शर्मा धमतरी, मोलेश तिवारी राजनंदगांव, स्वप्निल तिवारी पिथौरा, प्रसन्न शर्मा छाया शर्मा राजिम, दीपक शर्मा तिल्दा, रत्ना शर्मा महिला अध्यक्ष महादेव घाट परिक्षेत्र, राजेश अवस्थी, ममता शर्मा, दीपक शर्मा अध्यक्ष विप्र चैंबर, विप्र नगर महिला पदाधिकारी, को विधायक पुरंदर मिश्रा सभापति प्रमोद दुबे तथा अध्यक्ष ललित मिश्रा ने शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

जो बाहरी कह रहे हैं, उनकी जड़ें कहां है : भूपेश



रायपुर, 24 अक्टूबर। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा बाहरी प्रत्याशी बताए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि ऐसा कोई व्यक्ति बता दो, जिसकी गांव में जमीन या घर ना हो. जो बाहरी कह रहे हैं, उनकी जड़ें कहां है? सबकी जड़े गांव से जुड़ी हुई है. वायनाड में प्रियंका गांधी के नामंकन रैली में शामिल होकर रायपुर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने रायपुर दक्षिण विस सीट से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी को बाहरी बताए जाने पर कहा कि आकाश शर्मा गुंडरदेही से हैं. (सुनील) सोनी जी कहां से आए हैं, या बृजमोहन अग्रवाल कहां से है? वह भी गांव से आए हैं. छत्तीसगढ़ के किस गांव से आए हैं? बता दें कि रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के शुभमुहूर्त में नामांकन दाखिल करने के दौरान मौजूद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा था कि मुझे लगता है कि कांग्रेस को स्थानीय प्रत्याशी नहीं मिला, इसलिए एक ऐसे युवा को प्रत्याशी बनाया, जिसे रायपुर शहर के एक प्रतिशत जनता भी नहीं जानती है, ना ही पहचानती है. उनका दक्षिण विधानसभा के विकास में कोई योगदान भी नहीं है. वहीं सूरजपुर में मामले में एसपी-कलेक्टर के ट्रांसफर पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के बयान का समर्थन करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि अजय चंद्राकर ठीक कह रहे हैं, आगे बढ़कर के कहें कि सरकार ही बर्खास्त किया जाए. राज्यपाल खुद जिलों में बैठक ले रहे हैं. छत्तीसगढ़ में घर-कार्यालय जलाने की बात हो रही है. (भाजपा) हाईकमान अजय चंद्राकर की बात सुने.

इस चुनाव में दक्षिण में नया इतिहास रचेंगे :बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अबकी बार हम दक्षिण में नया इतिहास रचेंगे। जनता के आर्शिवाद से यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश शर्मा चुनाव जीतेंगे। दक्षिण विधानसभा का चुनाव में साय सरकार के 11 माह के कुशासन के खिलाफ जनता मतदान करने को तत्पर है। 11 माह में राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था भाजपा की वायदाखिलाफी, सरकार का कुशासन बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। केई सरकार 11 माह के अल्प समय में ही इतनी ज्यादा अलोकप्रिय साबित हो सकती है। इसका उदाहरण छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार है। जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है, अतः जनमानस भाजपा के खिलाफ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के राज में आम आदमी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। राजधानी में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में बस स्टैण्ड में एक महिला के साथ सामूहिक दुराचार हो गया। राजधानी में भाजपा के राज में 4 बार गोली चल गयी, अंतरराष्ट्रीय गैंग पर पैर पसार रहे राजधानी चाकूपुर बन गया, मरीन ड्राइव मर्डर ड्राइव बन गया है। रायपुर की कानन व्यवस्था बिगड़ गयी है। इन सब मुद्दो को लेकर कांग्रेस दक्षिण के उपचुनाव में जनता के बीच जायेगी।

महतारी वंदन में सभी महिलाओं को नहीं मिल रही राशि : कांग्रेस

रायपुर, 24 अक्टूबर। महतारी वंदन में सभी पात्र महिलाओं को महतारी वंदन की राशि नहीं मिल रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने वादा किया था सभी विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये. दिया जायेगा। मुख्यमंत्री और कलेक्टर की पत्नी को भी राशि देने का दावा भाजपा ने किया था। भाजपा के चुनावी वादे के अनुसार 1 करोड़ 4 लाख महिलाओं को महतारी वंदन की राशि मिलनी चाहिये। लेकिन सरकार बनाने के बाद भाजपा अपने वादे से मुकर गयी है तथा अनेक नियम कानून बना दिया जिसके कारण लगभग चालीस लाख महिलाएं योजना के दायरे से बाहर हो गयी, मात्र 70 लाख महिलाओं को पात्र बताया गया। पिछले कुछ महिने से अधिकांश महिलाये के खाते में पैसा नहीं आ रहा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जिन 70 लाख महिलाओं को सरकार ने पात्र बताया है उन सभी के खाते में भी पैसा नहीं जा रहा है। सरकार घोषित 70 लाख में से 25 प्रतिशत महिलाओं के खाते में पैसे डाल रही है। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा, बस्तर सभी जगह से राशि नही मिलने की शिकायते आ रही है। लोकसभा चुनाव में वोट लेने के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं को अपात्र बता कर उनका नाम लाभार्थी की सूची से हटा दिया गया था। पिछले तीन माह से 70 प्रतिशत महिलाओं को पैसा नहीं मिला है। यह महिलाओं के साथ धोखा और छल है। साय सरकार महतारी वंदन योजना में छल कपट खेल बंद करे, उनका उपहास न उड़ाये, सभी महिलाओं के खाते में पूरा पैसा डाला जाये।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की नीयत में खोट आ गया है, सभी महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आ रहा है।

भूपेश बघेल की झूठ बोलने की आदत नहीं गई : संदीप शर्मा

रायपुर, 24 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ किसान नेता व प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 'एक्स' पोस्ट पर चुनौती देते हुए कहा है कि कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने लगातार गन्ने की प्रोत्साहन राशि हर साल घटाई, बघेल पहले उस पर जवाब दें। शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हर स्तर पर प्रदेश के किसानों के साथ छल-कपट और धोखाधड़ी का कलंक लिए फिर रहे बघेल को अब किसानों के नाम पर घड़ियाली आँसू बहाने और प्रदेश को दिग्भ्रमित करने में शर्म महसूस करनी चाहिए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शर्मा ने कहा कि बघेल अब गन्ने की प्रोत्साहन राशि के विषय में किसी भी प्रकार का सवाल-जवाब करने का अपना अधिकार खो चुके हैं। बघेल पहले तो यह बताएँ कि गन्ने की प्रोत्साहन राशि सन 2020-21 में 93.75 रुपए से घटकर 84.25 रुपए क्यों की गई? फिर 2021-22 में यह प्रोत्साहन राशि 84.25 रुपए से घटाकर 79.50 रुपए, और 2022-23 में 79.50 रुपए से घटाकर 72.88 रुपए क्यों की गई?

स्वास्थ्य विभाग को 39 डायलिसिस मशीन सौंपेगा इंडियन आयल कार्पोरेशन

रायपुर, 24 अक्टूबर। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, इंडियन आयल कार्पोरेशन एवं फेयरफैक्स इंडिया चैरिटेबल फाउंडेशन ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। इस एमओयू के अनुसार स्वास्थ्य विभाग को इंडियन आयल कार्पोरेशन द्वारा अगले एक माह में 39 डायलिसिस मशीनें प्राप्त होंगी। स्वास्थ्य विभाग को यह मशीनें यह मशीनें निःशुल्क प्राप्त होंगी तथा इसकी मरम्मत व देखरेख फेयरफैक्स इंडिया चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा किया जायेगा।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देशन में आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रितुराज रघुवंशी ने इस एमओयू पर आज हस्ताक्षर किए हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26